रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹ 71900 10 ग्राम

₹ 91000 01 किलो

सेंसेक्स 78,699.07 +226.59

डॉलर 85.388 +0.112

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 | रांची, रविवार, 29 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक-324, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 जब तक सूरज चांद रहेगा मनमोहन...

रांची का तापमान

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 25.0° | अधिक. | 26.3° |
| न्यून. | 10.6° | न्यून. | 12.8° |

## पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व पीएम, बेटी ने दी मुखाग्नि

### राजकीय सम्मान के साथ हुई अंतिम विदाई, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री रहे मौजूद

*भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, मॉरीशस के विदेशमंत्री धनंजय रामफुल भी पहुंचे*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के निगम बोध घाट पर राजकीय, पूर्ण सैन्य सम्मान और सिख परंपरा के साथ अंतिम संस्कार किया गया। डॉ. सिंह की सबसे बड़ी पुत्री उपिंदर कौर ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। इससे पहले उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई और सिख धर्मगुरुओं और परिवार के सदस्यों ने गुरबाणी का पाठ किया।

निगमबोध घाट पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, मॉरीशस के विदेशमंत्री धनंजय रामफुल, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री जेपी नड्डा, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी, तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ सीडीएस जनरल अनिल चौहान भी मौजूद रहे। कई केंद्रीय मंत्री, राजनयिक और अन्य गण्यमान्य लोग भी अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने पहुंचे। सभी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सिंह के अंतिम संस्कार समारोह में हिस्सा लेने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कई पूर्व केंद्रीयमंत्री भी निगम बोध घाट पहुंचे।

इससे पहले कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड, नई दिल्ली से निगमबोध घाट तक उनकी अंतिम यात्रा निकली। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी। डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर फूलों से सजे वाहन पर रखा गया। उसके साथ चल रहे लोगों ने कांग्रेस मुख्यालय से निकलने पर रास्ते में 'मनमोहन सिंह अमर रहें' के नारे लगाए। इस दौरान 'जब तक सूरज चांद रहेगा, तब तक तेरा नाम रहेगा' के नारे भी गूंजे। सिंह के पार्थिव शरीर को शनिवार सुबह 9 बजे से कुछ पहले 3, मोतीलाल नेहरू रोड स्थित उनके आवास से एआईसीसी मुख्यालय लाया गया।

डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार रात दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में उम्र संबंधी चिकित्सा जटिलताओं के कारण 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उन्हें भारत के आर्थिक सुधारों का वास्तुकार कहा जाता है। सिंह ने 2004 से 2014 के बीच 10 वर्ष तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने घोषणा की है कि पूर्व प्रधानमंत्री के सम्मान में पूरे देश में सात दिवसीय राष्ट्रीय शोक मनाया जा रहा है। इस दौरान पूरे देश में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा।

## एक नजर

### आग से झुलसी एसडीओ की पत्नी की रांची में मौत

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनिता कुमारी की मौत शनिवार अहले सुबह रांची के देवकमल अस्पताल में हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने मौत की पुष्टि की है। ससुराल वालों ने एसडीओ अशोक कुमार पर अनिता को जलाकर मार देने के आरोप में लोहसिंघना थाने में केस दर्ज कराया है। पीड़िता का भाई राजू कुमार गुप्ता की लिखित शिकायत पर दर्ज एफआईआर में एसडीओ के अलावा उनके पिता दुर्योधन साव, छोटा भाई शिवनंदन कुमार और छोटे भाई की पत्नी रिंकू देवी को आरोपी बनाया है। एफआईआर में राजू कुमार ने कहा कि बहन बार-बार कहती थी कि उसके पति का दूसरी महिला से अवैध संबंध है। इस बात पर दोनों के बीच विवाद होता था। इस मामले में एक बार दोनों परिवारों के बीच बातचीत भी हुई थी। तब एसडीओ ने कहा था कि आगे शिकायत करने का मौका नहीं मिलेगा। इसके बाद फिर पति-पत्नी में विवाद हुआ था।

**जरूरी सूचना**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## जो कहा, उसे रिकॉर्ड समय में पूरा किया : मुख्यमंत्री

### हर मंईयां के खाते में हर माह 2500 रूपए दिए जा रहे हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना को लेकर कहा कि जो बोला, उसे रिकॉर्ड समय में पूरा किया। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण मंईयां सम्मान का आज का कार्यक्रम टाल दिया गया है लेकिन मैंने जो वादा राज्य की महान जनता से किया था, उसे पूरा कर रहा हूं। हर मंईयां के खाते में हर माह 2500 रूपए दिये जा रहे हैं। साल में पूरे 30 हजार रुपये मिलेंगे।

## एमआरएमसीएच की अव्यवस्था देख भड़के वित्त मंत्री

### मरीजों से बातचीत कर अस्पताल की व्यवस्था का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** राज्य सरकार के वित्त और संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने शनिवार को पलामू प्रमंडल के मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, जिसमें कई गड़बड़ियां मिलीं। इस पर मंत्री ने नाराजगी जताई और सुधार का निर्देश दिया। वित्त मंत्री ने करीब एक घंटे तक पूरे अस्पताल परिसर का घूम-घूम कर जायजा लिया। वहीं मरीजों से अस्पताल की व्यवस्था पर बातचीत की। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर एमआरएमसीएच की व्यवस्था देखने के लिए अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में उन्होंने सबसे पहले डॉक्टरों की उपस्थिति जांची। डॉक्टर इंचार्ज डॉ धर्मेंद्र कुमार ड्यूटी से गायब मिले। सिविल सर्जन भी मौके पर नहीं थे। सुपरिटेंडेंट छुट्टी पर थे। प्रभारी सुपरिटेंडेंट डॉ संजय कुमार मौके पर थे। वित्त मंत्री अस्पताल परिसर में गंदगी देखकर काफी नाराज हुए। उन्होंने प्रभारी सुपरिटेंडेंट डॉ. संजय को साफ-सफाई का विशेष निर्देश दिया। मरीजों से बातचीत करने पर उन्हें कई कमियां बताई।

वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के पक्षधर हैं लेकिन जमीनी कार्य करने वाले डॉक्टर और कर्मी प्रॉपर सहयोग नहीं कर रहे हैं। इस वजह से मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है।

शेष पेज 11 पर

### आयुष्मान भारत के तहत नहीं हो रहा मरीजों का इलाज

ऑर्थो विभाग में जांच के दौरान पाया गया कि आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने आई बारालोटा की महिला सविता देवी को मोबाइल नंबर देकर निजी दवा दुकान से ऑपरेशन का समान खरीदने को कहा गया। इसी तरह पोखरीकला के एक मरीज को भी बाहर से ऑपरेशन का सामान खरीदने के लिए कहा गया था। पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि एमआरएमसीएच प्रमंडलीय अस्पताल है। कई सुविधाएं मरीजों के हित में झारखंड सरकार ने मुहैया कराई हैं लेकिन इसका अनुपालन नहीं कराया जा रहा है। अस्पताल की व्यवस्था देखने व जबावदेही लेने वाला कोई नजर नहीं आया।

## आज कल

## छह मेगावाट के फ्लोटिंग पावर से बिजली उत्पादन में अग्रणी बनेगा कोडरमा पावर प्लांट

*तिलैया डैम में 155 मेगावाट फ्लोटिंग पावर प्लांट स्थापित करने के लिए एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी गई है*

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड में बिजली उत्पादन बढ़ाने में भारत सरकार के स्वामित्व वाला कोडरमा थर्मल पावर प्लांट अहम भूमिका निभा रहा है। इस प्लांट के जरिए सरकार बिजली उत्पादन के क्षेत्र में और रिन्यूएबल एनर्जी के तेजी से विकास की ओर कदम बढ़ा रही है। इस पावर प्लांट में 6 मेगावाट क्षमता का फ्लोटिंग पावर प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जिससे प्रदेश में बिजली उत्पादन को बढ़ाने में बहुत मदद मिलेगी। साथ ही प्लांट में पहले से ही स्थापित सोलर पैनल से 10 मेगावाट बिजली का उत्पादन सुचारू रूप से हो रहा है। इसके अलावा बिजली उत्पादन को और गति देने के लिए तिलैया डैम में 155 मेगावाट फ्लोटिंग पावर प्लांट स्थापित करने के लिए निर्माण एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सांकेतिक फोटो

शेष पेज 11 पर

## 1 जनवरी को बाबा का शीघ्र दर्शन होगा महंगा, कूपन के दर में बढ़ोतरी

### 300 रूपए की जगह 600 रूपए देने होंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर।** नए साल के पहले दिन देवघर के बाबा मंदिर में आने वाले वैसे श्रद्धालु जो शीघ्र दर्शनम करना चाहेंगे, उन्हें 300 रूपए की जगह 600 रूपए देने होंगे। इसको लेकर देवघर के उपायुक्त विशाल सागर ने बैठक कर मंदिर प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं।

नए साल पर कई ऐसे लोग हैं जो पिकनिक स्पॉट नहीं जाकर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का दर्शन करना पसंद करते हैं। इसलिए एक जनवरी को वैसे श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ देखने को मिलती है।

आने वाली भीड़ को देखते हुए देवघर जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन के द्वारा एक जनवरी के दिन शीघ्र दर्शनम कूपन के दर में बढ़ोतरी की गई है।

शेष पेज 11 पर

## इंडिया

## प्रकृति दे रही है चेतावनी नए साल में संभलने का लें संकल्प

मौसम और जलवायु में अप्रत्याशित परिवर्तन भारत के साथ दुनिया के लिए एक चेतावनी है। पूरी दुनिया में हर कोई रोटी कपड़ा और मकान के बाद सुख सुविधाओं की ओर भागता है और इस दौड़ में सबसे कम चिंता पर्यावरण की रह जाती है जबकि सारी सुविधाओं के बिना तो हम रह सकते हैं पर जीवन के लिए आवश्यक प्राण वायु और स्वच्छ वातावरण न हो जीवन संकट में आ जाए । भारत जैसे विकासशील देश में भी विकसित देशों जैसी समस्या बहुत जल्द आने वाली है जिसकी आहट मिल रही है समय की मांग है इसपर चिंता और चिंतन की । धरती की जीवनदायिनी क्षमताओं के अधिक संकटग्रस्त होने के बीच हाल ही में वैज्ञानिकों ने नई चेतावनी जारी की है। इसे डूमस्डे क्लाक चेतावनी कहा जा रहा है। विश्व में ह्यडूमस्डे क्लॉकह्ल अपनी तरह की एक प्रतीकात्मक घड़ी है, जिसकी सुइयों की स्थिति के माध्यम से यह दर्शाने का प्रयास किया जाता है कि विश्व किसी बहुत बड़े संकट की आशंका के कितने नजदीक है। इस घड़ी का संचालन 'बुलेटिन ऑफ एटोमिक साइंटिस्ट्स' नामक वैज्ञानिक संस्थान द्वारा किया जाता है। इसके परामर्शदाताओं में 15 नोबेल पुरस्कार विजेता भी हैं। ये सभी मिलकर प्रति वर्ष तय करते हैं कि इस वर्ष घड़ी की सुइयों को कहां रखा जाए। इस घड़ी में रात के 12 बजे को धरती पर बहुत बड़े संकट का पर्याय माना गया है। घडी की सुइयां रात के 12 बजे के जितने नजदीक रखी जाएगी, उतने ही बड़े संकट से धरती (व उसके लोगों व जीवों) के संकट की स्थिति मानी जाएगी। 2024 में इन सूइयों को (रात के) 12 बजने में 90 सेकंड पर रखा गया था। संकट के प्रतीक 12 बजे के समय से इन सुइयों की इतनी नजदीकी 2023-24 के अतिरिक्त कभी नहीं रही। दूसरे शब्दों में, यह घड़ी दर्शा रही है कि इस समय धरती किसी बहुत बड़े संकट के सबसे करीब है। 'डूमस्डे घड़ी' के वार्षिक प्रतिवेदन में इस स्थिति के तीन कारण बताए गए थे। पहली वजह यह है कि जलवायु बदलाव का संकट बढ़ रहा है। जलवायु बदलाव नियंत्रित करने की संभावनाएं समग्र रूप से धूमिल हुई हैं। दूसरी वजह यह है कि परमाणु हथियार नियंत्रित करने के समझौते कमजोर हुए हैं, जिससे परमाणु युद्ध का खतरा बढ़ा है। तीसरी वजह यह है कि ए.आई. (आर्टीफिशयल इंटेलीजेंस) व जेनेटिक इंजीनियरिंग का बहुत दुरुपयोग हो रहा है, जिसका सुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इन तीन कारणों के मिले-जुले असर से आज विश्व बहुत बड़े संकट की आशंका की दहलीज पर पहुंच चुका है। और इस संकट को कम करने के लिए तुरंत कदम उठाना जरूरी है। सवाल यह है कि क्या 'डूमस्डे घड़ी' के इस अति महत्वपूर्ण संदेश को विश्व नेतृत्व समय रहते समझेगा? हाल के वर्षों में यह निरंतर स्पष्ट होता रहा है कि अब तो धरती की जीवनदायिनी क्षमता ही खतरे में है। जिन कारणों से हजारों वर्षों तक धरती पर विविधतापूर्ण जीवन पनप सका, वे आधार ही संकटग्रस्त हो चुके हैं। इन अति गंभीर समस्याओं के समाधान को सर्वाधिक महत्व पूरे विश्व में मिले, इसे ध्यान में रखते हुए 'धरती रक्षा अभियान' (सेव द अर्थ कैंपेन) आरंभ किया गया है। इस अभियान का व्यापक उद्देश्य धरती की जीवनदायिनी क्षमता की रक्षा करना है। इसके दो विशिष्ट उद्देश्य हैं-पहला, धरती से सभी परमाणु हथियार व महाविनाशक हथियार समाप्त हों व दूसरे, धरती पर तापमान वृद्धि को तय मानक तक सीमित रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। इस अभियान का प्रथम प्रयास यह है कि मौजूदा दशक (2020-30) को वैश्विक स्तर पर ह्यधरती रक्षा दशकह्ल के रूप में घोषित किया जाए। एक बड़ा सवाल हमारे सामने है कि आखिर इन गंभीर संकटों को समय रहते कैसे कम किया जाए। समय सीमा का सवाल इस कारण भी बहुत बड़ा है, क्योंकि जलवायु बदलाव के साथ टिपिंग पॉइंट भी जुड़े हैं। एक बार यह सीमा पार हो गई, तो फिर स्थितियां नियंत्रण से बाहर निकल सकती हैं। विश्व के शीर्ष विशेषज्ञ बता रहे हैं कि इस समस्या के समाधान के लिए हमारे पास बस एक दशक बचा है। एक बड़ी जरूरत इस बात की है कि धरती के जीवन पर मंडरा रहे अभूतपूर्व संकट की समझ अधिक लोगों तक पहुंचे। यह समझ सही परिप्रेक्ष्य में अधिक लोगों तक पहुंचेगी, तभी लोग अधिक संख्या में आगे आएंगे। इस समय इन मुद्दों की गंभीरता की जानकारी रखने वाले लोगों की संख्या अपेक्षाकृत कम है। इन मुद्दों को न्याय व लोकतंत्र के मुद्दों से जोड़कर व्यापक समझ बनानेवाले लोगों की संख्या तो और भी कम है। ऐसी समझ बनाकर हमें धरती की रक्षा की वह राह निकालनी है, जो समता व सादगी, न्याय व लोकतंत्र की राह है। इस समय संकट और समाधान की सही समझ को अधिक लोगों तक पहुंचाना और उन्हें समाधान के प्रयासों से जोड़ना एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

## डॉ भारती कश्यप को मिला आईएमए नेशनल प्रेसिडेंट्स एप्रीसिएशन अवार्ड

*डॉ बीपी कश्यप को एमजी गर्ग अवार्ड से सम्मानित किया गया*

*उत्कृष्ट समाजिक कार्य के लिए मिला यह अवार्ड*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट काम करने के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने झारखंड की डॉ भारती कश्यप को आईएमए नेशनल प्रेसिडेंटस बेस्ट सोशल एक्टिविटी एप्रीसिएशन अवार्ड से सम्मानित किया है। उनके साथ डॉ बीपी कश्यप को एमजी गर्ग अवार्ड से सम्मानित किया गया है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ कश्यप दंपती को हैदराबाद के गच्चीबौली के इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया के सेंटेनरी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वार्षिक कॉन्फ्रेंस नेटकॉन में सम्मानित किया गया।

### आदिवासी महिलाओं के लिए मेगा महिला स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान

झारखंड से सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन के लिए डॉ भारती कश्यप वर्ष 2014 से झारखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में मेगा महिला स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान चला रहीं हैं।

शेष पेज 11 पर

# नए साल को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

## हुड़दंगियों से सख्ती से निपटने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नए साल के स्वागत को लेकर पूरे झारखंड में कई कार्यक्रमों का आयोजन होना है। वहीं, साल खत्म होने से पहले पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इसे देखते हुए पुलिस मुख्यालय के द्वारा राज्य के सभी जिलों में पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने जिले के सभी पिकनिक स्पॉट के अलावा शहर के रेस्टोरेंट और होटलों में सुरक्षा के प्रति विशेष रूप से अलर्ट रहें।

### नए साल से पहले शुरू होगी ड्रंक एंड ड्राइव जांच

झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि नए साल के जश्न में किसी भी तरह की कोई बाधा ना आए, इसके लिए पुलिस ने अपनी पूरी तैयारी की है। आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नए साल के मद्देनजर राज्य के पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। सभी पार्कों, डैम, पर्यटन स्थलों के इर्द-गिर्द स्टैटिक फोर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है। मजिस्ट्रेट भी सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। साथ ही न्यू ईयर पार्टियों पर भी ध्यान रखने को कहा गया है।

### शराब पीकर ड्राइविंग करने वालों की खैर नहीं

राज्य में नए साल के जश्न के दौरान शराब पीकर ड्राइविंग करने के कारण दुर्घटना न हो, इसके लिए पुलिस की सख्ती रहेगी। रांची समेत राज्य के अन्य जिलों में पुलिस के द्वारा रात में स्पेशल ड्राइव चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। रांची में ट्रैफिक और दूसरे जिलों में भी इसके लिए ब्रेथ एनालाइजर का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस दौरान अगर शराब पीकर ड्राइविंग करते पकड़े गए तो लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान 31 दिसंबर की शाम से जनवरी के पहले हफ्ते तक चलाया जाएगा।

### एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की तैनाती

झारखंड के हर जिले में वैसे पिकनिक स्पॉट्स पर जहां नदी, तालाब और झील हैं, वहां एहतियातन एनडीआरएफ और एसडीआरएफ को अलर्ट किया गया है। वहीं, कुछ खतरनाक जगहों पर पहले से ही एनडीआरएफ की टीम को तैनात कर दिया गया है।

# प्रदेश कांग्रेस ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने रांची कांग्रेस भवन में भूतपूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ मनमोहन सिंह के कार्यों ने भारत के भविष्य को दिशा दिखायी। डॉ. सिंह भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में एक विशाल व्यक्तित्व थे, जिनके योगदान ने देश को रूपांतरित किया और उन्हें विश्वभर में सम्मान प्राप्त हुआ। वर्ष 1990 के दशक के प्रारंभ में वित्त मंत्री के रूप में डॉ. सिंह भारत के आर्थिक उदारीकरण के शिल्पकार थे। अपनी अद्वितीय दूरदृष्टि के साथ उन्होंने आर्थिक सुधारों की शुरूआत कर न केवल देश को संकट से उबारा, बल्कि वैश्विक बाजारों के लिए द्वार भी खोले। उनके द्वारा किए गए विनियमन, निजीकरण और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने वाले नीतिगत कदमों ने भारत के तेजी से विकास की नींव रखी। उनके नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया, जो उनकी प्रतिभा और दृष्टिकोण का प्रमाण है। भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने देश का नेतृत्व शांति, दृढ़ संकल्प और असाधारण बुद्धिमत्ता के साथ किया। श्रद्धांजलि सभा में ममता देवी, रविन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, शाहजादा अनवर, जय शंकर पाठक, कुमार गौरव, राकेश सिन्हा, सोनाल शांति सहित अन्य कई नेता शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### जगन्नाथपुर एमटीएस में कचरा पृथक्करण की जांच की

**रांची।** रांची नगर निगम की टीम ने शनिवार को जगन्नाथपुर इलाके में संचालित एमटीएस में स्वच्छता कॉरपोरेशन के कार्य का निरीक्षण किया। निगम के उप प्रशासक के नेतृत्व में टीम ने एमटीएस में कचरा संग्रहण से जुड़ी गतिविधियों का मुआयना किया एवं अद्यतन स्थित की जानकारी हासिल की। इसके बाद एमटीएस में गीला व सूखा कचरा के अलग-अलग संग्रहण को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

### विद्यार्थियों ने किया मयूराक्षी सिल्क उत्पादन केंद्र का भ्रमण

**रांची।** बिरसा कृषि विवि अंतर्गत रांची एग्रीकल्चर कॉलेज तथा दुमका स्थित रवींद्र नाथ टैगोर एग्रीकल्चर कॉलेज देवघर के विद्यार्थियों ने 15 दिवसीय ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम में भाग लिया। 20 विद्यार्थियों की टीम ने दुमका स्थित मयूराक्षी सिल्क उत्पादन केंद्र दुमका जाकर वहां की कार्यप्रणाली जानी। विद्यार्थियों के साथ क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र के डॉ एके साहा भी थे। इस अवसर पर संताल परगना के सेवानिवृत्त सहायक उद्योग निदेशक (रेशम) सुधीर कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को तसर कोकून का उत्पादन, धागा के निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही निर्मित धागा से रेशमी वस्त्र निर्माण करने के तरीके भी बताये।

### राज्य की छवि बेहतर बनाने के लिए सिविक सेंस पर दें ध्यान : आदित्य

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज(एफजेसीसीआई) के महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता से विशेष बातचीत के दौरान कहा कि नए साल की शुरूआत नए उमंग, नई संकल्प, शांति, सौहाद्र और सकारात्मक विचार के साथ शुरूआत करनी चाहिए। राज्य की छवि को और बेहतर बनाने के लिए सभी को सिविक सेंस का ध्यान रखना चाहिए। सिविक सेंस के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि सिविक सेंस का मतलब है सामाजिक नैतिकता। यह सिर्फ साफ-सफाई और शिष्टाचार रखने के बारे में नहीं है। इसमें नियमों का पालन करना, सार्वजनिक स्थानों पर शिष्टाचार बनाए रखना और दूसरों के प्रति विचारशील और दयालु होना शामिल है। यह समाज के मानदंडों के लिए एक विचार है। इसमें कानून के प्रति सम्मान और दूसरों की सहजता और भावनाओं के प्रति सम्मान है। सार्वजनिक स्थान में समाज के प्रत्येक सदस्य का अधिकार हैं और उन्हें साफ रखना हमारा कर्तव्य है। सामाजिक नैतिकता का अर्थ दूसरों की निजता और स्वतंत्रता का सम्मान करना भी है। पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए नव वर्ष में एक पेड़ लगाएं।

### डीपीएस के खेल उत्सव में सतलज हाउस चैंपियन

**रांची।** डीपीएस रांची में शनिवार को वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। आईपीएस प्रभात कुमार, डीपीएस मथुरा रोड दिल्ली और डीपीएस रांची के पूर्व प्राचार्य डॉ राम सिंह, वर्त्तमान प्राचार्य डॉ आरके झा ने उत्सव का शुभारंभ किया। इसमें विद्यार्थियों ने 100 मीटर, 200, 800, 3000 मीटर, 4.100 रिले, जेवलिन, डिस्कस थ्रो, शॉटपुट आदि प्रतियोगिताओं में दमखम दिखाया। सर्वाधिक 439 अंक हासिल कर सतलज हाउस की टीम चैंपियन रही। सर्वश्रेष्ठ हाउस (मार्च पास्ट) सीनियर विंग में चेनाब हाउस और प्राइमरी विंग में सतलज हाउस रहे। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार कक्षावार दिया गया। भारत की संस्कृति को दर्शाती सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश हुए। डॉ राम सिंह ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साहपूर्ण प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को धैर्य एवं संकल्प की दृढ़ता के साथ अपने लक्ष्य को पाने के लिए के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ आरके झा ने भी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

### सुदेश महतो ने मनमोहन सिंह के निधन पर जताया शोक

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री व विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन पूरे देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। आर्थिक सुधार में उनके अतुलनीय योगदान और कुशल नेतृत्व को देश सदैव याद रखेगा। उनकी सादगी और ईमानदारी हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

### अस्पताल प्रबंधन के छात्रों ने सेफ एंड सस्टेनेबल हॉस्पिटल कॉन्फ्रेंस में लिया भाग

**रांची।** रिम्स के अस्पताल प्रबंधन विभाग से अस्पताल प्रबंधन में मास्टर्स कर रहे पीजी छात्र-छात्राओं ने नई दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय सेफ एंड सस्टेनेबल हॉस्पिटल (एसएएसएच)-24 कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश के उच्चतम संस्थान जैसे एम्स नई दिल्ली, एसजीपीजीआई लखनऊ, केजीएमयू मणिपाल के विशेषज्ञ शामिल थे। रिम्स के छात्रों ने एसएएसएच-2024 में उपस्थित विशेषज्ञों से बातचीत की एवं अस्पताल प्रबंधन से संबंधित कई विषयों का ज्ञान लिया। उन्होंने ने कार्यशाला में इफेक्ट्स ऑफ लीगल एंड रेगुलेटरी बॉडी ऑन ऑटोनॉमी ऑफ ए मेडिकल इंस्टीट्यूट - ए रेस्ट्रोसपेक्टिव स्टडी विषय एक प्रेजेंटेशन भी दिया। इसके अलावा छात्रों द्वारा देश के शीर्ष संस्थान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली का भी भ्रमण किया। जहां उन्होंने अस्पताल प्रबंधन के गुर सीखे। भ्रमण के दौरान वे अस्पताल के कंट्रोल रूम, ट्रामा सेंटर, बर्न इमरजेंसी, ओपीडी भी गए और प्रबंधन से संबंधित कई जानकारी प्राप्त की।

# निजी स्कूलों ने आरटीई नियम में संशोधन को निरस्त करने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के विभिन्न निजी स्कूलों के संगठन की संयुक्त बैठक मोरहाबादी मैदान में शनिवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड निजी स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने की। स्कूल संचालकों ने बैठक में एक स्वर से मांग की है कि 2019 में आरटीई एक्ट में किए गए संशोधन को तत्काल निरस्त किया जाए। देश के विभिन्न राज्यों में स्कूलों को मिल रही मान्यता की तर्ज पर झारखंड में भी संचालित यू डाइस प्राप्त सभी विद्यालयों को मान्यता दिया जाए। बैठक के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिलकर एक मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से कहा कि मध्य विद्यालयों की स्थिति में 0.75 शायरी और 1.00 एकड़ ग्रामीण क्षेत्र के लिए जमीन की बाध्यता समाप्त कराएं और यथास्थिति में मान्यता दिलाएं। विद्यालय द्वारा जमा कराई जा रही सुरक्षित राशि एक लाख और निरीक्षण शुल्क कक्षा 1 से 5 तक के लिए 12,500 और कक्षा 1 से 8 तक के लिए 25000 को समाप्त किया जाए। अन्य मांगों पर भी मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया गया।

बैठक में निजी स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष मो उस्मान, मसूद कच्छी, प्रदेश सचिव तौफीक हुसैन आदि शामिल थे।

इधर, एक दिन पहले रांची में जिला शिक्षा अधीक्षक ने बैठक कर निजी स्कूलों को मान्यता संबंधी दिशा-निर्देश दिया था। निर्देश दिया गया कि अगले दो दिनों के अंदर गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को मान्यता से संबंधित ऑनलाइन आवेदन सरकार की वेबसाइट पर करना होगा। वैसे सभी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय, जहां किसी भी स्तर पर वर्ग 1 से 8 की पढ़ाई होती है को शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधान के अनुरूप अनिवार्य रूप से मान्यता प्राप्त किया जाना है।

# सोनाहातु कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन में अनियमितता का आरोप

## डीसी व डीएसई को ज्ञापन सौंप कर जांच कराने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सोनाहातु प्रखंड अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन में अनियमितता बरते जाने का आरोप समाजसेवी महादेव महतो ने लगाया है। इस संबंध में श्री महतो ने उपायुक्त, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रभारी सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, और सिल्ली के विधायक अमित महतो को ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। उपरोक्त पदाधिकारियों को सौंपे गए ज्ञापन में श्री महतो ने कहा है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन में अभ्यर्थी को निम्न स्तरीय परिवार से सम्बन्ध रखना अनिवार्य है। साथ ही कच्चे और खपरैल मकान में निवास करने वाली बालिकाओं का चयन में प्राथमिकता दी जाती है। लेकिन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एक बालिका पिंकी कुमारी, पिता भूषण महतो, निवासी ग्राम- डोमाडीह, पंचायत तेलवाडीह, थाना- सोनाहातु का नामांकन लिया गया है, जिसका चयनित सूची के क्रम संख्या 31 में अंकित है, उक्त बालिका ने अपने आवासीय स्तर का विवरण नामांकन प्रक्रिया के तहत कच्चे और खपरैल मकान में निवास करने का हवाला दिया है जो कि पूरी तरह से गलत है। वास्तविकता यह है कि उक्त बालिका के पिता का उपरोक्त वर्णित गांव में दो मंजिला पक्का मकान है। इस तरह से उपरोक्त बालिका निम्न स्तरीय आवास से संबंध नहीं रखती है। श्री महतो ने ज्ञापन में कहा है कि मैंने जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत जनसूचना पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सोनाहातु, राँची के यहाँ यह सूचना मांगी थी कि उपरोक्त नामित बालिका पिंकी कुमारी ने अपने नामांकन चयन की प्रक्रिया में अपने आवास कच्चा खपरैल बताया है और क्या वह निम्न स्तर से सम्बन्ध रखती है। उपरोक्त सूचना के आलोक में जनसूचना पदाधिकारी सोनाहातु, राँची द्वारा अपने प्रतिउत्तर में बताया गया कि उपरोक्त बालिका के पिता के द्वारा आवासीय प्रमाण व साक्ष्य के रूप में मुखिया एवं वार्ड पार्षद द्वारा अभिप्रमाणित प्रति और घर का फोटो जमा किया गया है जिसके अवलोकन के पश्चात नियमानुसार चयन समिति की बैठक में नामांकन के लिए निर्णय लिया गया।

# पिछड़ा वर्ग के 91 हजार छात्र-छात्राओं के लिए 157 करोड़ कराया जा रहा उपलब्ध : अजय नाथ झा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने कहा है कि प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक 2023-24 के लिए 39 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जा चुकी है। यह राशि वर्ष 2024 में दो चुनाव (लोकसभा और विधानसभा) होने के बावजूद दी गई है। इसमें प्री मैट्रिक में छात्रवृत्ति लेने वालों की संख्या 35,09,863 है। वहीं, पोस्ट मैट्रिक में 4,89,765 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली है। प्री-मैट्रिक के शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए भी 18,08,878 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी गई है। कल्याण आयुक्त ने शनिवार को सोशल मीडिया में किए अपने एक पोस्ट में ई-कल्याण छात्रवृत्ति के महत्वपूर्ण तथ्य की जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में पिछड़ा वर्ग के लगभग 91,000 छात्रों को छात्रवृत्ति का भुगतान अभी किया जाना है। इसके लिए कल्याण मंत्री के अनुमोदन से विभाग द्वारा 157 करोड़ राशि उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है।

उन्होंने लिखा है कि वित्तीय 2022-23 में छात्रवृत्ति की ई-कल्याण पोर्टल पोस्ट मैट्रिक के लिए नहीं खुली थी। इसी तरह प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान भी दिसंबर 2022 में शुरू हुआ। इसके कारण ई-कल्याण एक शैक्षणिक सत्र पीछे हो गया था। वर्ष 2023-24 में और 2024-25 में छात्रवृत्ति वितरण को पूरी तरह नियमित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। अजय नाथ झा ने कहा कि प्री-मैट्रिक के लिए स्कूली शिक्षा विभाग के विद्यालयों से आवेदन प्राप्त होते हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विद्यालयों से 28 लाख आवेदन आए हैं। इसमें से 18,08,878 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिल चुकी है। प्री मैट्रिक के लिए आवंटित राशि कार्यालय को उपलब्ध है। जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 की समाप्ति से पहले और भी जितने आवेदन प्राप्त हों उन सभी का संपूर्ण भुगतान पूरा कर दें।

# मुआवजा दर नहीं बढ़ी तो नहीं देंगे जमीन : रैयत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पंडरा से कांके तक फोर लेन सड़क निर्माण के लिए हो रहे भू-अर्जन कार्य का नवासोसो के रैयतों ने विरोध शुरू कर दिया है। जमीन की मुआवजा दर बढ़ाने को लेकर शनिवार को यहां ग्राम सभा की बैठक भी हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि अगर मुआवजा दर नहीं बढ़ा, तो रैयत अपनी जमीन नहीं देंगे। जमीन की मापी करने भी नहीं देंगे। ग्राम प्रधान संजू प्रधान की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुखिया लीला तिर्की, वार्ड सदस्य रेणु देवी, मंजू मुंडा सहित बड़ी संख्या में रैयत मौजूद थे।

रेट 4.60 लाख रुपये प्रति डिसमिल मांग रहे रैयत

ग्रामीणों ने कहा कि नवासोसो में जहां जमीन ली जा रही है, वहां का रेट 4.60 लाख रुपये प्रति डिसमिल होना चाहिए, लेकिन उन्हें 56 हजार रुपये प्रति डिसमिल दिया जा रहा है। जिन रैयतों ने अपनी जमीन का निबंधन आवासीय दर पर कराया है, उनकी जमीन को भी कृषि भूमि मान कर मुआवजा निर्धारित किया गया है।

रेट तय करने में मनमानी, अब जमीन देने का दबाव

रैयतों ने कहा कि जिला भू-अर्जन कार्यालय के कर्मियों ने रेट निर्धारण में मनमानी की है। इसकी जानकारी रैयतों को भी नहीं दी गयी थी। अब जाकर उन्हें रेट का पता चल रहा है। रेट तय करने में लापरवाही की गयी है और अब ग्रामीणों पर जमीन देने का दबाव दिया जा रहा है।

मापी का किया विरोध, लौटना पड़ा

कर्मियों को

शुक्रवार को भू-अर्जन कार्यालय के कर्मी व पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर वहां मापी के लिए गये थे, लेकिन रैयतों ने उन्हें मापी करने नहीं दी। इस कारण बिना मापी के ही कर्मियों को लौटना पड़ा।

# भाजपा से जन-जन को जोड़ना आवश्यक : राकेश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** वरीय संवाददाता भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर की ओर से शनिवार को मेन रोड के अलबर्ट एक्का चौक पर शिविर लगाकर संगठन महापर्व सदस्यता अभियान आरंभ किया गया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान संयोजक राकेश प्रसाद ने कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संगठन में प्रत्येक सदस्य की महत्वपूर्ण भागीदारी होती है। पार्टी और आगे बढ़े, इसके लिए जन-जन को जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कार्यकताओं से कार्यक्रम में विशेष रूप से अपनी ऊर्जा समर्पित करने का आह्वान किया। विधायक सीपी सिंह ने कार्यकताओं के महत्व और कर्तव्यों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी को संगठन और उसके विचार से अवगत कराना होगा। इससे मजबूत समाज का निर्माण होगा। भाजपा रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि हर कार्यकर्ता पार्टी की नींव हैं, जो नए आधार का निर्माण करेंगे। शिविर के आयोजन में बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, विश्वजीत सिंह, राजू सिंह, सोनू सिंह, बसंत दास, पूनम जायसवाल, सुरेश प्रसाद, नीतू सिंह, अश्विनी सुखीजा, विनय राज, कुंदन सिंह, रणधीर सिंह, इंद्रजीत यादव, प्रीति सिंह, राम लगन राम, विकास रवि, अंकिता वर्मा समेत अन्य की भागीदारी रही।

# डॉ मनमोहन सिंह की रणनीति से भारतीय अर्थव्यवस्था को मिला स्थायित्व : ठाकुर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शनिवार को दिल्ली जाकर डॉ मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर के दर्शन किए। राजेश ठाकुर ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व में आरटीआई, राइट टू सर्विस और मनरेगा जैसी योजनाओं को लागू करने के प्रयासों को पूरे देश ने सराहा। उदारीकरण की नीति और आर्थिक संकट से उबारने की उनकी रणनीति ने भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थायित्व प्रदान किया। वैश्विक मंदी के समय जब पूरी दुनिया आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही थी, तब उन्होंने न सिर्फ भारत की अर्थव्यवस्था को संभाला बल्कि इसे मजबूत बनाया। उनके वित्त मंत्री के रूप में भूमिका ने देश को एक नई दिशा दी। उन्होंने आर्थिक नीतियों को रोजगार उन्मुख बनाया और गरीबों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए उनकी जीवन स्थिति में सुधार लाने का काम किया। उनके सादगीपूर्ण राजनीतिक आचरण ने दिखाया कि एक उच्च राजनेता संवेदनशील और जनहितकारी भी हो सकता है। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल ने भारत को न केवल आर्थिक रूप से स्थिर रखा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उसकी साख बढ़ाई।

### मनमोहन सिंह के कार्यकाल में देशवासी भयमुक्त थे : स्वास्थ्य मंत्री



स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के कार्यकाल में देशवासी भयमुक्त और आर्थिक रूप से संतुष्ट महसूस करते थे। उनकी कुशलता और दूरदृष्टि के कारण देश ने वित्तीय मजबूती का अनुभव किया और उनकी उपलब्धियां आज भी प्रेरणा स्रोत बनी हुई हैं। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि उनकी आर्थिक नीतियों ने वैश्विक आर्थिक मंदी के कठिन समय में उन्होंने भारत को न केवल सुरक्षित रखा, बल्कि इसे मजबूती के साथ आगे बढ़ाया।

### पूर्व पीएम की सादगी को आमलोगों ने भी सराहा : राजेश

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह की सादगी को न केवल राजनेताओं ने बल्कि आम नागरिकों ने भी सराहा। विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि संसद में कई बार उनसे चर्चा का अवसर पाने वाले नेताओं ने उनकी व्यक्तिगत गरिमा और कार्यशैली को याद किया।

### संजय सेठ ने मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** नई दिल्ली में देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सम्मिलित हुए और उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अंग्रेजी नववर्ष में छाया रहेगा कोहरा, ठंड का रहेगा असर

**नवीन मेल संवाददाता रांची।** झारखंड में अंग्रेजी नववर्ष में कोहरा छाया रहेगा। कोहरा का असर तीन जनवरी तक छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा। जबकि 29 दिसंबर को राजधानी सहित झारखंड के कई जिलों में बारिश का अनुमान है। इससे ठंड बढ़ेगी। मौसम केंद्र रांची के अनुसार झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर होगा, जिससे बारिश होगी। साथ ही 29 दिसंबर को बारिश के बाद से कोहरा छाया रहेगा। बादल के हटते ही राज्य में कनकनी बढ़ेगी। मौसम विभा के अनुसार पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

पिछले 24 घंटे में डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेंटीग्रेड धनबाद में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 30.5 डिग्री सेंटीग्रेड सरायकेला में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं कहीं पर कोहरा भी दर्ज किया गया। मौसम शुष्क रहा।

## एक्वा वर्ल्ड के कार्निवल में केला खाओ अकेला के विजेता बने राज

नवीन मेल संवाददाता। रांची

एक्वा वर्ल्ड के कार्निवल में दूसरे दिन शनिवार को भी दिनभर प्रतियोगिताओं की धूम रही। बच्चों ने जमकर मस्ती की। बच्चों के लिए ट्रेजर हंट का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को कम समय में सुरागों के जरिए खजाना को खोजने की चुनौती थी। केला खाओ अकेला प्रतियोगिता में लोगों ने जमकर आनंद उठाया। सेल्फी प्रतियोगिता की थीम मेरा प्यारा गोलगप्पा था, जिसमें गोलगप्पा खाते हुए सेल्फी लेनी थी। युवाओं और महिलाओं ने बेस्ट हेयर स्टाइल प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर कैटवॉक करके अपने हेयर स्टाइल की नुमाइश की। इसके बाद द फॉलो अप शो में अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। देर शाम को डांसिंग स्टार कौन (सोलो और डुएट डांस कंपीटिशन) का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के प्रबंध निदेशक प्रतुल शाहदेव, कार्निवल के इंचार्ज लोकेश चौधरी, अभिषेक गिरी, आनंद, सौरव, प्रदुम्न, आकाश आदि उपस्थित थे।

### कार्निवल में आज के परिणाम

- ट्रेडर हंट : स्नेहा गुप्ता
- दंगल टाइम : इशिका, आद्यांशा व आदर्श
- केला खाओ अकेला : राज राय, रोमा कौशिक व रंगोली
- बेस्ट हेयर स्टाइल : दिया, दीक्षा, जाह्नवी, आकांक्षी, आरोही, अलीना व अयात
- सेल्फी टाइम : रमन कुमार
- द फॉलो अप शो : मीना कुमारी

## शिक्षा के मंदिर को व्यापार का अड्डा बनाने की साजिश बर्दाश्त नहीं : अभिषेक झा

- डीएसपीएमयू परिसर में कार एक्सपो का छात्र संघ ने किया विरोध

नवीन मेल संवाददाता। रांची

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और गरिमामयी स्थान को व्यावसायिक प्रचार और निजी स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किया गया है। विश्वविद्यालय, जो ज्ञान और चरित्र निर्माण का केंद्र है, उसे पूंजीवाद और व्यावसायिकता के चंगुल में धकेलने का प्रयास न केवल छात्रों और शिक्षकों का अपमान है, बल्कि यह शिक्षा के पवित्र उद्देश्य को भी कलंकित करता है। छात्र नेता अभिषेक झा ने कहा यह घटना विश्वविद्यालय की गरिमा को कुचलने और शैक्षणिक माहौल को दूषित करने की साजिश है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस तरह के कार्यक्रम को स्वीकृति देना सीधे-सीधे विश्वासघात है

और इस लापरवाही ने छात्रों और शिक्षकों की भावनाओं को आहत किया है।

हम सभी छात्र संगठन इस घृणित कृत्य की घोर निंदा करते हैं और चेतावनी देते हैं कि इस घटना के लिए जिम्मेदार विश्वविद्यालय के संबंधित पदाधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। यदि दोषियों पर उचित और त्वरित कार्रवाई नहीं की गई, तो हम सभी छात्र संगठन मिलकर इसका पुरजोर विरोध करेंगे और विश्वविद्यालय में उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक दोषियों के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठाए जाते। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की भावनाओं को अनदेखा किया, तो यह आंदोलन अवरोध, बहिष्कार और उग्र प्रदर्शन का रूप ले सकता है। ऐसी स्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र है, न कि व्यावसायिक प्रचार और निजी मुनाफे का मंच। प्रशासन की यह लापरवाही और स्वार्थपूर्ण रवैया किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## युवाओं ने पतरातू का किया भ्रमण संग्रहालय भी देखा

**रांची।** मेरा युवा भारत और नेहरू युवा केंद्र संगठन रांची की ओर से आयोजित अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को युवाओं को क्षेत्र भ्रमण के तहत पतरातू घाटी, पतरातू डैम, पर्यटन विहार का भ्रमण कराया गया। रांची विधायक सीपी सिंह से युवाओं ने मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। विधायक ने कहा कि देश के सर्वांगीण विकास में युवाओं का योगदान बेहद महत्त्वपूर्ण है। आपकी सफलता से आपका और आपके परिवार के साथ देश भी प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। इसके बाद जेल मोड़ स्थित संग्रहालय में युवाओं को पारंपरिक चीजों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उनसे परिचित कराया गया। युवाओं ने बिरसा मुंडा म्युजियम पार्क में भी भ्रमण किया। मौके पर जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार, वाईबीएन के प्राध्यापक डॉ अंजनी कुमार और कौशल किशोर, विवेकानंद यूथ क्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव मित्तल व रजनीश रंजन आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव

## दुग्ध उत्पादों के स्टॉल पर उमड़ रही भारी भीड़

- खादी एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों की बिक्री डेढ़ करोड़ के पार
- नौवें दिन लगभग 15,000 लोगों ने मेले में की शिरकत
- राष्ट्रीय शोक के कारण सभी आयोजन, प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रहे

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव परिसर में प्यूरेस डेयरी के उत्पाद आईस्क्रीम, पेड़ा, दूध, दही, लस्सी, पनीर इत्यादि की बिक्री जोरों पर है। इस ठंड में राजस्थान की राबड़ी, बादाम, पिस्ता, काजू कुल्फी की बिक्री बहुत हो रही है। मेला परिसर में गायत्री एवं भोला के लिट्टी चोखा स्टॉलों पर आगंतुकों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। घरेलू सामान, सजावट, किचन सेट, कंबल, कोकरी, कारपेट के स्टॉल में महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। मत्स्य विभाग के द्वारा महोत्सव परिसर में मत्स्य पालन की जानकारी दी जा रही है। बुजुर्गों के लिए मेला धुमने के लिए निःशुल्क ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है। छोटे शिशुओं को स्तनपान कराने हेतु बेबी फीडिंग रूम की व्यवस्था होने से माताओं को बहुत सुविधा हुई है। चलंत एटीएम की व्यवस्था की गई है। पुस्तकों के पसंदीदा लोगों के लिए पुस्तकों के स्टॉल लगाये गये हैं। जहां आध्यात्मिक तथा भगवान बिरसा मुंडा से संबंधित पुस्तकों की श्रृंखला उपलब्ध है। पिछले आठ दिनों से चली आ रही महोत्सव में खादी एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों के साथ साथ अन्य सामग्रियों की बिक्री लगभग 1.5 करोड़ के पार हो गई है। राष्ट्रीय शोक के कारण सभी आयोजन, प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रखे गए हैं।

## श्रीश्याम मंदिर में 139 वां श्रीश्याम भंडारा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्रीश्याम मित्र मण्डल ने शनिवार को हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में भव्य 139 वां श्रीश्याम भण्डारा का आयोजन किया गया। स्मृतिशेष सत्यनारायण जैन, स्मृतिशेष राजकला जैन के वेदभूषण - रंजना जैन,खुशी जैन श्रीश्याम भण्डारे के यजमानश्री थे। भण्डारे में इडली, केशरिया जलेबी, नारियल चटनी व मासलेसाद सांमर का प्रसाद श्रीश्याम मंदिर में निर्मित किया गया था। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में यजमानश्री वेदभूषण जैन पप्पू परिजनों के साथ मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल, शालीग्रामजी, गरुड़जी राजा रामचन्द्र, हनुमान जी, श्रीश्यामेश्वर महादेव व गुरुजनों को श्रद्धापूर्वक भोग अर्पित किया। इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ों भक्तो ने खाटूनरेश के प्रिय भोग भजन आवो -आवो भोग लगावो बाबा श्याम जी..... का ताली बजाकर गायन कर अपने -अपने श्रध्दा सुमन अर्पित किये। यजमानश्री वेदभूषण जैन पप्पू के परिजनों ने भोग लगे भण्डारे के प्रसाद को विराट भण्डारे में मिश्रित कर महाभोग बनाकर सर्वप्रथम रांची गौशाला की गाय माता के लिए महाप्रसाद का पूजन करके मण्डल के वरिष्ठ सदस्य रतन शर्मा के साथ गायमाता को महाप्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## न्यूज बॉक्स

### विकास कार्य को लेकर ट्रेनें रहेंगी रद्द

**रांची।** रांची रेल मंडल के हटिया- नुआगां रेलखंड के अंतर्गत विकास कार्य के लिए ब्लॉक लिया जायेगा। ऐसे में कई ट्रेनें रद्द रहेगी। इनमें ट्रेन संख्या 08149 हटिया - राउरकेला पैसेंजर स्पेशल यात्रा प्रारंभ 29 दिसंबर को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 08150 राउरकेला - हटिया पैसेंजर स्पेशल यात्रा प्रारंभ 30 दिसंबर को (लिंक रेक अनुपलब्ध होने की वजह से) रद्द रहेगी ।

### मां ढांढण सती श्री टिडा गेला दादी जी 31 दिसंबर को आएंगी रांची

**रांची।** कुलदेवी मां ढांढण सती श्री टिडा गेला दादी जी की दिव्य ज्योत यात्रा अखिल भारत का भ्रमण करते हुए झारखंड की धरती रांची में 31 दिसंबर 2024 को सुबह दस बजे पधार रही हैं। श्री ढांढण शक्ति प्रचार मंडल के द्वारा दिव्य ज्योत का स्वागत किया जाएगा।

उसके पश्चात दादी जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो फिरायालाल चौक स्थित दुगार्बाड़ी से शुरू होगी। यह शोभायात्रा शहर के शहीद चौक, पुस्तक पथ, गांधी चौक, ईस्ट मार्केट रोड, कार्ट सरार्य रोड, बंशीधर अडुकिया लेन, महेश्वरी भवन, सेवा सदन पथ से होते हुए श्याम मेटल लेंन में समाप्त होगी। शाम पांच बजे से दादी जी की अखंड ज्योत एवं भजन मंडली द्वारा भजनों की गंगा प्रवाहित की जाएगी। दादी जी को छप्पन भोग एवं महाप्रसाद लगाया जाएगा। यह दादी भक्तों के बीच वितरित होगा। एक जनवरी 2025 को दिव्य ज्योत सुबह रांची से सबलपुर के लिए प्रस्थान करेगी। सजाने में प्रमोद बजाज, ओम प्रकाश बजाज, विवेक बजाज, सुरेश बजाज, पंकज बजाज, विष्णु बजाज, अमित भरतीया, राजेश भरतीया, मनोज रूईया, संजय बजाज, शंकर भरतीया, कन्हैया लाल भरतीया, मुकेश पोद्दार, विष्णु सोनी, रमाकांत सुल्तानिया समेत अन्य शामिल होंगे।

### जेयूटी का दीक्षांत समारोह 25 जनवरी को टॉपरों को दिया जायेगा गोल्ड मेडल

**रांची।** झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (जेयूटी) का पहला दीक्षांत समारोह 25 जनवरी 2025 को होगा। इस समारोह में प्रत्येक ब्रांच के टॉपर को गोल्ड मेडल दिया जायेगा। जिनकी संख्या लगभग 44 होगी। विवि प्रशासन ने इस समारोह का आयोजन हाइब्रिड मोड पर करने का निर्णय लिया है। लेकिन ऑनलाइन मोड पर प्रसारण तभी होगा, जब इसके लिए एक हजार या उससे अधिक विद्यार्थी का रजिस्ट्रेशन होगा। दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए विवि ने स्नातक के विद्यार्थियों के लिए एक हजार तथा स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए 1500 रुपये शुल्क निर्धारित किया है। स्नातक के जिन विद्यार्थियों ने पूर्व में तीन हजार रुपये व स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने चार हजार रुपये जमा किये हैं, उन्हें ऑनलाइन शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं हैं। जिन्होंने शुल्क जमा नहीं किया है, वे दो जनवरी 2025 तक शुल्क जमा कर सकते हैं। इस समारोह में मुख्य रूप से स्नातक के सत्र 2018-22, 2019-23 तथा 2020-24 के विद्यार्थी तथा स्नातकोत्तर के सत्र 2020-22 तथा सत्र 2021-23 के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सहित पद्मश्री व पद्म भूषण से सम्मानित सुधा मूर्ति के शामिल होने की संभावना है।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में 859वां खिचड़ी भंडारा का हुआ वितरण

**रांची।** रातू रोड स्थित श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में शनिवार को 859वां खिचड़ी भंडारा का वृहद आयोजन हुआ। भक्तवत्सल भगवान की तिरुवाराधन, महाआरती, महाभोग एवं महास्तुति करके धनुर्मास महोत्सव के अंतर्गत श्रीगोदा रंगनाथ व्रत के तेरहवें दिन भगवान को पुल्लिन वाय कीण्डानै अर्थात् दुष्टों के संहारी वाला वस्त्र धारण कराया। इसी नाम के शीर्षक से श्रीगोदांबा देवी विरचित तिरूप्पावै सुक्तियों का द्रविड़ शैली में गायन हुआ। भगवान को औषध का पान कराया गया। इसके बाद श्रीगोदस्तुति, श्रीगोदा प्रपत्ति, श्रीरंगनाथ गद्यम आदि अनेकानेक स्तोत्र मालाओं से भगवान का स्तवन किया गया। फिर खिचड़ी महाप्रसाद का भोग भगवान श्रीतिरुपति बालाजी को नैवेद्यम करने के पश्चात भक्तों में बंटा। 1,346 लोगों ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। आज के खिचड़ी महाप्रसाद के यजमान अजित, बबीता कुमारी अरगोड़ा रांची निवासी हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामअवतार नरसरिया, प्रदीप नरसरिया, राजेश सुल्तानिया, अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह आदि की भूमिका रही। अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास ने शनिवार के सारे अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया।

### सुरक्षाकर्मियों को पीटकर जब्त संपति पर किया कब्जा

**रांची।** एसबीआई के सुरक्षाकर्मियों से मारपीट कर जब्त की गई संपत्ति पर कब्जा करने के आरोप में आकाश सीमांता और वीणा सीमांता समेत अन्य पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसबीआई के सहायक महाप्रबंधक गणेश प्रसाद महतो ने लोअर बाजार थाने में केस किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दोनों आरोपियों ने हजारीबाग रोड स्थित श्रृष्टि कॉम्प्लेक्स में कुछ दुकानों को बंधक रखकर बैंक से कर्ज लिया था। लेकिन बाद में कर्ज वापस नहीं लौटाया। करीब 4 करोड़ रुपए बकाया होने पर बैंक ने संपत्ति को कब्जे में लेने की प्रक्रिया शुरू की। 25 दिसंबर को बैंक ने संपत्ति कब्जे में लेकर वहां पर सुरक्षाकर्मी को तैनात कर दिया था। इसी दौरान दोनों आरोपी कुछ असामाजिक तत्वों के साथ आए और सभी दुकानों का ताला काट दिया। इसके बाद उन संपत्तियों पर कब्जा कर लिया। बैंक के अधिकारियों को जानकारी मिलने के बाद थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

### पथ निर्माण विभाग को झारखंड हाई कोर्ट के आदेश की भी नहीं है परवाह

## यह गड्ढा बहुत खून पीता है भरवा दीजिए साहब!

मनोज मिश्रा

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के आदेश की परवाह पथ निर्माण विभाग नहीं करती है। तभी तो हीनू चौक से बिरसा चौक के बीच की सड़क पर और डोरंडा एजी मोड़ के सड़क पर गड्ढे बने हुए हैं। प्रतिदिन दुर्घटना होती है, दुघर्टना का रूप इतना विकराल होता है कि आस-पास के लोग सहमे हुए हैं। दरअसल, झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम से जवाब तलब किया है कि वीआईपी सड़कों को छोड़कर बाकी सड़कों की हालत खराब है। इसके मरम्मत कराने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं? इस कड़ी में और एक मुख्य बात जुड़ रही है कि वीआईपी मानी जानी वाली सड़कों पर भी गड्ढे बने हैं जिस कारण प्रतिदिन रोज दुर्घटना हो रही है। कुछ दुर्घटनाएं छोटी होती है तो कुछ इतनी बड़ी दुर्घटना होती है कि देखकर आसपास के लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। एयरपोर्ट जाने वाले मार्ग में बिरसा चौक से हीनू चौक के बीच की सड़क पर गड्ढे बनने से दुर्घटना हो रही है। इससे आहत ठेला संचालक अनि लुगुन बताते हैं कि इस गड्ढा पर रोज दो -तीन दुर्घटना होते हैं। दो दिन पहले मोटरसाईकल सवार महिला अचानक मिले गड्ढे से उछलकर दूर जा गिरी थी जिससे उसका सर फट गया था। हाइवा अचानक मिले गड्ढे पर ब्रेक नहीं लगा सकी और कार से टकरा गई थी। कार चालक की जान बाल-बाल बची थी। एक युवक की मोटरसाईकिल गड्ढा से उछलकर दूर जा गिरा था जिससे उससे भयंकर चोट लगी थी। वहीं सोनी लुगुन बताती है कि एक गाड़ी गड्ढा से अनियंत्रित होकर उनके ठेले से टकरा गया था जिससे ठेले की कड़ाह का तेल उसपर उड़ेला गया था। पांच महीना पहले एक महिला दुर्घटनाग्रस्त हुई थी जिसमें उसका सीना और कमर टूट गया था। उन्होंने कहा कि साहब यह गड्ढा बहुत खून पीता है भरवा दीजिए। वहीं डोरंडा के एजी मोड़ पर के गडढ़े से भी दुर्घटना हो रही है। इस संबंध में ठेला संचालक ओम प्रकाश रॉय ने बताते हैं कि कि रोज दुर्घटना होती है। किसी का भी घ्यान नहीं नहीं है। वीआईपी मानी जाने वाली सड़कों का यह हाल है तो दूसरे जगह का क्या होगा?

सोनी लुगुन, अनि लुगुन

ओम प्रकाश रॉय

### ट्रक के धक्के से अधेड़ की मौत, दो घंटे सड़क जाम

**रांची।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के कांके-पतरातू मार्ग पर अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौके पर मौत हो गई। मृतक 65 वर्षीय रामू उरांव राड़हा के मौना जारा गांव का निवासी था। घटना शनिवार की शाम साढ़े छह बजे की है। परिजनों के अनुसार रामू सिमलबेड़ा से घर जाने के दौरान पैदल सड़क पार कर रहा था इसी बीच रांची से पतरातू की ओर जा रहे ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। मौत की खबर सुनते ही स्थानीय ग्रामीणों ने घटनास्थल पर शव के साथ सड़क जाम कर मुआवजा देने और स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी गौतम राय घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों से वार्ता कर सड़क जाम लगभग साढ़े आठ बजे बजे हटवाया। सड़क जाम होने से रांची-पतरातू मार्ग पर दोनों दो किमी तक कतार लग गई। सूचना मिलने पर पिठोरिया पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाना ले गई। समाचार लिखे जाने तक परिजन थाना में जमे हुए थे। मुखिया राजकिशोर मुंडा के अनुसार विगत वर्ष भी सिमलबेड़ा में सड़क दुर्घटना से एक मजदूर की मौत के बाद ग्रामीणों ने स्पीड ब्रेकर निर्माण की मांग की थी।

## अन्नपूर्णा सेवा में 450 लोगों ने किया भोजन, 200 को दिया कंबल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा 230 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। तथा दूसरा अन्नपूर्णा केंद्र पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में 220 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। दोनों अन्नपूर्णा सेवा मे 450 लोगों ने भोजन किया। इस अवसर पर कड़ाके की ठंड को देखते हुए दोनों अन्नपूर्णा सेवा मे श्री रामावतार नारसरिया एवं उनके परिवार के द्वारा 200 कंबल निर्धन एवं जरूरतमंदों को वितरण किया गया। इस अवसर पर रामावतार नारसरिया ने कहा की मानव सेवा से बढ़कर कोई भी पुनीत कार्य नहीं है। ठंड में जरूरतमंदों को कंबल मिलने से ठंड से बचाव के साथ बहुत राहत मिलता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। इस अवसर पर- अन्नपूर्णा सेवा के संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल मारवाड़ी सम्मेलन के जिला महामंत्री विनोद कुमार जैन, प्रदीप नारसरिया, प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, मनोज रुइया, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, निर्भय शंकर हरित, सांवरमल बुधिया,रमेश बंका, संजय सर्राफ, सहित कई सदस्य उपस्थित थे। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि दोनों अन्नपूर्णा सेवा स्व. सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व. शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित है।

### बाल विवाह की रोकथाम के लिए संकल्प दुहराया गया

**रांची।** रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार की देखरेख में डालसा की ओर से इटकी प्रखंड के कुंदी पंचायत में शनिवार को विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। झालसा के निर्देश पर रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के मार्गदर्शन में शिविर में शामिल महिला, पुरुष एवं बच्चों को नालसा की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। डीएलएसए द्वारा गरीब महिलाओं व पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सहायता देने के संबंध में बताया गया। वहीं बाल विवाह, बाल श्रम, डायन प्रथा समेत अन्य तरह की कुप्रथा की रोकथाम तथा उन्मूलन को लेकर जागरूक किया गया। श्रम कार्ड बनाने, विकलांग पेंशन, विधवा व वृद्धा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, बालिकाओं को शिक्षित करने, बच्चों के टीकाकरण, प्री लिटिगेशन वाद में आवेदन देने की प्रक्रिया, लोक अदालत, जमीन संबंधी विवाद को मध्यस्थता के माध्यम से समझौता कराने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन पर बाल विवाह के रोकथाम और उन्मूलन के लिए सामूहिक रूप से शपथ लिया गया।

## एक नजर

### विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर -16 क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

रांची। झारखंड में विजयवाड़ा में चल रहे विजय मर्चेंट ट्रॉफी (अंडर -16) क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले दिन जम्मू कश्मीर के खिलाफ पहली पारी में बढ़त हासिल कर ली है। पहले बल्लेबाजी करते हुए जम्मू-कश्मीर ने 55.1 ओवर में केवल 129 रन बनाए। जवाब में पहले दिन का खेल समाप्त होने तक झारखंड ने अपनी पहली पारी में तीन विकेट होकर 143 रन बना लिए थे। झारखंड की ओर से नैतिक राज ने 21 , तोहिद ने 6 चौके की मदद से 30 एवं स्वरित सिंह ने 29 में बनाए ।साकेत सिंह 40 एवं अर्जुन प्रियदर्शी 15 रन बनाकर नाबाद थे। जम्मू कश्मीर की ओर से हरसिरत सिंह ने दो विकेट लिया। इससे पहले जम्मू - कश्मीर के 129 रनों में अभिरुप दास ने 19, सात्विक गुप्ता ने 20, मोहम्मद फरजान अंसारी ने 41 एवं हरसीरत सिंह ने 24 रनों का योगदान दिया।

### उदय शंकर व कुंदन राज ने आर्यभट्ट गणित चैलेंज की परीक्षा में सफलता पायी

**कोडरमा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के जरिये आयोजित होने वाली आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2024 की परीक्षा में डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया के नौवीं कक्षा के छात्र उदय शंकर और कुंदन राज ने द्वितीय स्तर की होने वाली परीक्षा में बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सीबीएसई पटना रिजनल के जरिये आयोजित होने वाली द्वितीय स्तर की आर्यभट्ट गणित चैलेंज परीक्षा में शीर्ष 100 विद्यार्थियों की मेधा सूची में उदय शंकर ने 60वां स्थान तथा कुंदन राज ने 61 वां स्थान प्राप्त कर डीएवी विद्यालय का ही नहीं बल्कि पूरे कोडरमा जिले का नाम रोशन किया। दोनों बच्चों की इस सफलता पर उनके अभिभावकों और विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि उदय शंकर और कुंदन राज को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्मृति चिह्न एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### कल्याण आश्रम के सौजन्य से जरूरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण

**खूंटी।** कल्याण आश्रम के स्थापना दिवस पर शनिवार को तोरपा प्रखंड के चार गांवों कालेट, चंपाबाहा, गडाटोली और बरदा में जरूरतमंद महिला-पुरुष के बीच कंबलों का वितरण किया गया। चंपाबाहा के ग्राम प्रधान रेडा मुंडा ने कहा कि इन क्षेत्रों में कल्याण आश्रम के जरिये शिशु मंदिर और ग्रामीण क्षेत्रों में एकल विद्यालय के माध्यम से ग्रामीण बच्चों को शिक्षा देने का कार्य कर रहा है। इसके कारण यहां के लोग कल्याण आश्रम के साथ अधिक से अधिक लोग जुड़ रहे हैं और अपनी परंपरा, संस्कृति और रुढ़िवादिता को बनाए रखने में कल्याण आश्रम का कार्य सराहनीय है। प्रांत के श्रद्धा जागरण प्रमुख मुसाफिर विश्वकर्मा ने कहा कि आज कल्याण आश्रम जनजाति समाज के लोग अधिक से अधिक कल्याण आश्रम से जुड़ रहे है, क्योंकि हमारी संस्कृति की रक्षा इसी से हा सकती है।

### खूंटी में जल्द शुरू होगा बालू घाटों का संचालन अब नहीं होगी बालू की किल्लत

**खूंटी।** जिला प्रशासन ने लोगों की सुविधा और वैध बालू की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पंचायत स्तर पर कैटेगरी एक के पांच बालू घाटों का जल्द संचालन प्रारंभ किया जाएगा। इन बालू घाटों से लोगों को बालू की सहज और सुलभ उपलब्धता का लाभ मिलेगा। पांच बालू घाटों में कर्रा प्रखंड की सुनगी पंचायत, तोरपा प्रखंड की दियाकेल और चुरगी पंचायत और मुरहू प्रखंड की माहिल और गनालोया पंचायत में बालू घाटों का संचालन शुरू किया जाएगा। इस पहल से न केवल बालू की आपूर्ति में पारदर्शिता आएगी, बल्कि अवैध खनन पर भी प्रभावी रोक लगेगी। जिला प्रशासन का यह प्रयास आम जनता को किफायती दर पर बालू उपलब्ध कराने के साथ ही पर्यावरणीय सुरक्षा और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने शनिवार को कहा कि हमारा उद्देश्य आमजनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सुविधाओं का विस्तार करना और विकास के मार्ग को सुगम बनाना है।

### सीसीएल एनके एरिया के कांटाघर मशीन के अंदर मिला हैकिंग चिप

# राज्य सरकार के माप तौल विभाग के नियंत्रण में होता है कांटाघर



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत परियोजनाओं के कांटाघरों में के सील किए हुए मशीन के अंदर हैक करने का चिप लगा मिला है। सीसीएल के ईएंडटी विभाग के टीम ने कांटाघरों के मशीनों की जांच के दौरान इस हैकिंग डिवाइस को पाया है। केडीएच कांटाघर के डिस्प्ले को रिमोट से नियंत्रण करने का मामला प्रकाश में आने के बाद सीसीएल प्रबंधन ने इसे गंभीरता से लिया। शनिवार को ही सीसीएल मुख्यालय से जांच टीम एनके एरिया पहुंच गई। चूकि केडीएच कांटाघर को रिमोट से नियंत्रण करने के मामले में खलारी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, इसलिए उसे बंद कर दिया गया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही केडीएच कांटाघर के मशीन की जांच की जा सकेगी। इधर शंका के आधार पर सीसीएल की ईएंडटी की टीम रोहिणी परियोजना के कांटाघर में जांच के लिए पहुंची। राज्य सरकार का माप तौल विभाग से लिखित अनुमति लेने के बाद इसे खोला गया। सील किए हुए मशीन को खोलने के बाद अंदर अलग से एक इलेक्ट्रानिक डिवाइस जोड़ा हुआ मिला। इसी डिवाइस के कारण कांटाघर का डिस्प्ले बाहर रिमोट से नियंत्रित किया जा सकता था। सील मशीन के अंदर हैकिंग डिवाइस देखकर वहां मौजूद सभी अर्चंभित रह. गए। इसके बाद निर्णय लिया गया कि एनके एरिया के सभी कांटाघरों की जांच हो।

#### झारखंड सरकार का माप तौल विभाग करती ही सील, एएमसी होल्डर करता है मेंटेनेंस

तौलने के अन्य उपकरणों की तरह ही सीसीएल के सभी कांटाघरों के मशीन को भी राज्य का माप तौल विभाग ही सील करता है। वजन की मशीनें माप तौल विभाग के नियंत्रण में होती है। वहीं प्रत्येक तीन महीने में एनुअल मेंटेनेंस कान्ट्रैक्ट होल्डर के द्वारा मशीनों का मेंटेनेंस किया जाता है। यह निजी एजेंसी होती है। परंतु मेंटेनेंस के दौरान भी सील तोड़ने और जांच कर पुनः सील करने की जबाबदेही राज्य सरकार के माप तौल विभाग की ही होती है। वहीं कभी बीच में भी कांटाघर में खराबी आ जाती है तो सबसे पहले माप तौल विभाग को ही सूचित करना पड़ा है। माप तौल विभाग के कर्मियों की मौजूदगी में ही मरम्मती कार्य किया जाता है और पुनः सील किया जाता है। बताया जा रहा है कि मेंटेनेंस के दौरान सीसीएल व सुरक्षा एजेंसी की भी मौजूदगी होती है। इन्हें रिकार्ड में रखना होता है कि उस मेंटेनेंस में माप तौल विभाग तथा एएमसी होल्डर के कौन कौन व्यक्ति शामिल थे।

### ट्रेलर से छह क्विंटल पोस्ता की भूसी बरामद

**हजारीबाग।** झारखंड से राजस्थान तक पोस्ता की भूसी की तस्करी की जा रही थी। तस्करों की इस अवैध खेल को हजारीबाग पुलिस ने खुलासा किया है। चरही पुलिस ने शनिवार को स्टील प्लेट ले जा रहे एक टेलर को पकड़ा, जिसपर छह क्विंटल से अधिक पोस्ता की भूसी लादी गई थी। इस मामले में विष्णुगढ़ सीडीपीओ बैद्यनाथ प्रसाद ने बताया कि दो तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया है। साथ ही उस नशीले पदार्थ को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसपी अरविंद कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक टेलर से पोस्ता की भूसी की तस्करी की जा रही है। इस सूचना के आलोक में एनएच 20 पर चरही घाटी के समीप विष्णुगढ़ एसडीपीओ बैद्यनाथ प्रसाद और चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में जांच अभियान शुरू किया गया। इस दौरान एक टेलर ( आरजे 19 जीएफ 3583) जांच स्थल से करीब 50 मीटर की दूरी पर रुक गया।

## न्यूज बॉक्स

### 10 एकड़ में लगी अफीम की फसल को किया गया नष्ट

**अड़की।** शनिवार को तीनतीला पंचायत में एक महत्वपूर्ण ग्राम सभा आयोजित की गई। इस सभा में मुखिया लक्ष्मण टूटी, थाना प्रभारी अड़की, और पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम प्रधान उपस्थित थे। इस सभा का मुख्य उद्देश्य अफीम की खेती से होने वाली हानियों और कानूनी पहलुओं के बारे में जानकारी देना था। सभा के बाद, गांव वालों ने पोस्ता/अफीम की खेती को अपने से विनिष्ट करने का संकल्प लिया। पुलिस के साथ मिलकर गांव वालों ने तीनतीला नाला के किनारे लगे लगभग 10 एकड़ अवैध अफीम की खेती को विनिष्ट किया। गांव वालों ने बताया कि अनजाने में उन्होंने यह खेती की थी, लेकिन अब वे इसे नहीं करेंगे और पूरे पंचायत को अफीम की खेती से मुक्त करने का संकल्प लिया है।

# पुलिस ने अफीम की फसल को किया नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** जिला पुलिस ने अड़की और तिनतिला पंचायत के विभिन्न ग्राम प्रधानों एवं ग्रामसभा के सदस्यों के साथ बैठक कर अफीम की खेती से होनेवाली, हानि तथा इसके दुष्प्रभाव सहित कानूनी पहलू के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि चंद पैसों के लालच में आप इस अवैध और जनलेवा खेती से दूर रहें। इसमें कड़ी सजा का प्रावधान है। तिनतिला नाला किनारे लगे करीब 10 एकड़ और ग्राम रूमचू में 10 एकड़ क्षेत्रफल में लगी अवैध अफीम की फसल को नष्ट किया गया। इसके अलावा खूंटी थाना क्षेत्र के ग्राम सिम्बुकेल में पांच एकड़, मारंगहादा थाना क्षेत्र के ग्राम कटुड़ में 10 एकड़, मुरहू थाना क्षेत्र के ग्राम केवड़ा के आसपास के क्षेत्रों में 10 एकड़, सायको थाना क्षेत्र के ग्राम अनिडीह एवं लुमलुमा क्षेत्र में करीब 16 एकड़ कुल लगभग 61 एकड़ खेत में लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया।

### स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दें: ज्योति कुमारी

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर मारंगहदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को रोगी कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी ने की। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन और रोगियों की बेहतर देखभाल के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में रोगियों की समस्याओं, दवाओं की उपलब्धता, स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने केंद्र की चुनौतियों और आवश्यकताओं के संबंध में अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। बैठक स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने और क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

### पानी की किल्लत से परेशान सीसीएल कोलियरी के लोग, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**गिरिडीह।** जिले के सीसीएल कोलियरी इलाके में रहने वाले दो सौ परिवार के लोग पानी की एक झ एक बून्द के लिए तरस रहे है। ग्रामीणों ने समस्या के समाधान कराने की मांग को लेकर कई बार प्रबंधन को आवेदन दिया है। लेकिन इनकी समस्या का समाधान आजतक नहीं हो पाया है। ऐसे अब में धीरे-धीरे ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है और आज एक बार फिर ग्रामीणों ने सीसीएल इलाके के मुख्य गेट के समीप सड़क जाम कर जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। सीसीएल कोलियरी इलाके के सैकड़ो ग्रामीण महिलाए व पुरुष हाथों में पानी का डब्बा लेकर बीच सड़क पर घंटो बैठ गए और जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों कहना है की पानी की समस्या के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, आस- पास कुंवा झ तालाब भी नहीं है, ऐसे भी काफी दूर से दूसरे से पानी मांग कर लाना पड़ता है। इसलिए हमारी मांग है की जल्द से जल्द हमारी समस्या का समाधान की जाए। इधर सड़क जाम की सूचना मिलने के बाद मुफ्फसिल पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझा कर जाम को हटवाया।

### भारत की अर्थव्यवस्था में डॉक्टर साहब का योगदान महत्पूर्ण : विधायक

**बुढ़मू।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लक्ष्मी नारायण तिवारी के आवास परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। दो मिनट का मौन रख सभी ने मनमोहन सिंह की प्रतिमा में श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान अपने संबोधन में विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि भारत के अर्थव्यवस्था में डॉक्टर साहब का महत्पूर्ण योगदान है. मनरेगा जैसी योजनाएं इन्होंने ही देश को दिया है. सभी लोगों से उनके पदचिन्ह पर चलने का आग्रह किया. प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहू की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में झामुमो नेता शमीम बड़ेहार, कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, मुखिया जयंती देवी, सचिन पाहन, जाकिर हुसैन, विजय राम, राजेश राम,बबलू प्रजापति, रंजन साहु, मनोज गुप्ता, मुकेश प्रजापति, राजेंद्र यादव, सरवर आलम, विनोद मुंडा, हरिश्चंद्र पाहन एवं सभी पंचायत अध्यक्ष मौजूद थे.

### झारखंड की तलवारबाजी टीम केरल रवाना

**रांची।** केरल के कुन्नूर में केरल फेंसिंग एसोसिएशन द्वारा 32 वीं सीनियर नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें झारखंड दल के 10 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसंबर से 3 जनवरी तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड सीनियर तलवारबाजी टीम रांची से शनिवार को केरल के लिए रवाना हुई। झारखंड टीम को रांची स्टेशन से राज्य संघ के महासचिव जय कुमार सिन्हा व संघ के संयुक्त सचिव कोषाध्यक्ष करमबीर उरांव ने शुभकामनाएं देकर रवाना किया। राज्य संघ के चेयरमैन राजीव कुमार बिट्टू एवं उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड टीम में 10 खिलाड़ियों में 9 पुरुष और 1 महिला भी शामिल है और सभी प्रतिभाशाली हैं। टीम के कोच मोतीलाल और मैनेजर अभिजीत तिर्की हैं।

**फेंसिंग के विभिन्न इवेंट में चयनित खिलाड़ी :** फॉयल में आकाश प्रामाणिक, अनमोल उरांव, संजय खलको, ईपी मे नितेश कुमार, रंजन तिर्की,कृष्ण कुमार, सायबर मे जीतू सिंह मुंडा, अभिषेक सिंह मुंडा,रोहन उरांव, महिला इप्पी में एकमात्र चंपिका उरांव शामिल हैं।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**हजारीबाग।** जिला के बगोदर मार्ग के दारू में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से खूबलाल कुमार की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना शनिवार रात 8:30 बजे की है। बताया जाता है कि वह पैदल सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही अज्ञात वाहन उसे कुचलते हुए फरार हो गया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने हजारीबाग बगोदर मार्ग को जाम कर दिया है। घटना की खबर मिलते ही दारू थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटवाने का प्रयास कर रहे हैं।

# प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पेरवांघाघ में चल रहे विकास कार्य, लोगों को मिलेगी सुविधा

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** जिला प्रशासन के जरिये पर्यटन को बढावा देने के उद्देश्य से राज्य कें प्रसिद्ध पेरवांघाघ जलप्रपात में विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थल को पर्यटकों के लिए और भी आकर्षक एवं सुलभ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास जिला प्रशासन कर रहा है। पेरवांघाघ जलप्रपात तक सुरक्षित और सुविधाजनक पहुंच के लिए सीढ़ियों का निर्माण कराया जा रहा है। पर्यटकों का स्वागत करने के लिए एक भव्य प्रवेश द्वार का भी निर्माण कराया जा रहा है। पर्यटकों को स्वादिष्ट भोजन एवं आरामदायक सेवा उपलब्ध कराने के लिए रेस्टोरेंट की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा पार्किंग, बम्बू कॉटेज सहित कई अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराने की दिशा में जिला प्रशासन के जरिये कदम उठाया जा रहा है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य पेरवाघाघ जलप्रपात को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। इन सुविधाओं से न केवल पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने शनिवार को कहा कि हमारा प्रयास है कि पेरवाघाघ जलप्रपात को पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित और पर्यटकों के लिए सुविधाजनक स्थल बने। उपायुक्त ने लोगों से अनुरोध किया है कि इस स्थान की स्वच्छता और प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखने में सहयोग करें।

#### पर्यटकों का स्वागत करने के लिए एक भव्य प्रवेश द्वार का भी निर्माण कराया जा रहा है

### झारखंड महिला फोर्स ने पंजाब को 60-0 से हराकर रिकार्ड बनाया

**रांची।** दिल्ली में आयोजित 25 वीं राष्ट्रीय लॉन बॉल चैंपियनशिप में दो दिन का खेल समाप्त होने तक झारखंड ने लीग में अब तक अपने सारे मैच जीता। वहीं महिला फोर्स स्पर्धा (लवली चौबे, रूप रानी तिर्की, कविता और रेशमा) में कमाल कर रिकॉर्ड बनाया। टीम ने पंजाब को 60-0 से करारी शिकस्त दी। वहीं पुरुष डबल्स में (सुनील बहादुर और दिनेश कुमार) झारखंड ने मणिपुर को 36-06 से शिकस्त दी। वही बालिका अंडर 25 में झारखंड की बसंती ने मध्यप्रदेश को 21-03 से हराया पुरुष ट्रिपल में (आलोक, वसीम और अभिषेक) झारखंड ने चंडीगढ़ को 23 -05 से हराया। बालक अंडर 25 में झारखंड के सूरज ने मध्यप्रदेश को 21-0 से हराया। बालक अंडर 25 के स्पर्धा में झारखंड के सौरव ने मध्यप्रदेश को 21-06 शिकस्त दी। वही अंडर 25 में झारखंड की सोनी ने मध्यप्रदेश को 21-02 से शिकस्त दी वही सूरज ने अपने दूसरे मैच में बंगाल को 21-02 से हराया ।

# 28वीं ऑल इंडिया इंटर स्कूल योग चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रांची योग कल्चर के द्वारा शनिवार को 28 वीं ऑल इंडिया इंटर स्कूल और क्लब योगा चैंपियनशिप 2024, देशप्रिय क्लब में आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन योगदा आश्रम के स्वामी शिरानंद जी, स्वामी दिव्यानंद जी महाराज, डॉ रीना सेनगुप्ता एवं मुरारी लाल गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता 6 ग्रुप में आयोजित की गई, जिसमें बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा झारखंड के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का निर्णय वर्ल्ड योगा सोसाइटी कोलकाता के द्वारा किया गया। जिसमें पार्थो शाह संजय विश्वास और सुभाष कुंडू शामिल थे। प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को टाइटल राउंड एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रदीप कुंभकार, कोमल, शेफाली चक्रवर्ती, श्रेया कुमारी, मोनालिसा, राकेश कुमार गुप्ता, जगदीश सिंह, मिनिमाए चाक्कू और ओरगो डे ने अपना योगदान दिया।

# पौष मेला में कलाकारों ने पेंटिंग्स से झारखंड की संस्कृति को उकेरा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** बिरसा मुंडा फन पार्क में शनिवार से दो दिवसीय पौष मेला शुरू हुआ। मुख्य अतिथि सुप्रीयो भटाचार्य ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के पहले दिन ही मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मेला में दर्जनों कलाकारों ने अपनी पेंटिंग्स को कैनवास पर उकेरा। इसके अलावा, विभिन्न प्रकार के स्टॉल भी लगाए गए हैं, जिनमें कपड़े की दुकान, आदिवासी हेयर ऑल, ज्वेलरी सहित अन्य स्टॉल्स से मेला सजाया गया है। मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले भी लगाए गए हैं, जो बच्चों को आकर्षित कर रहे हैं। कलाकार अर्चना दत्ता ने बेहतरीन तरीके से झारखंड का राजकीय फूल पलाश को कैनवास पर उकेरा है। पौष महीने में पेड़ों में फूल आना शुरू हो जाता है, और अर्चना ने इसी को अपनी कला का हिस्सा बनाया। इसके अलावा, उन्होंने खेतों में उपजे नए धान और घड़े में अरवा चावल का आटा प्रदर्शित किया है, जिससे बनने वाले पीठा, लटय और पतंग के साथ-साथ नारियल भी दिखाए गए हैं। कलाकार राहुल कुमार ने झारखंड की कला और संस्कृति को कैनवास पर उकेरा है। उन्होंने यहां पर मांदर के थाप पर झुमर नृत्य को चित्रित किया है, जिसमें आदिवासी समुदाय के लोग पर्व-त्योहारों के दौरान एक-दूसरे का हाथ पकड़कर झूमरे नृत्य करते हैं।

## एक नजर

### उर्स में शामिल होने के लिए सैकड़ों जायरीन अजमेर के लिए हुए रवाना

**बरही ।** ख्वाजा गरीब नमाज के दरगाह पर आयोजित होने वाले 813वें उर्स में शामिल होने के लिए बरही के विभिन्न क्षेत्रों से मुस्लिम धमार्लंबियों का जत्था अजमेर शरीफ जा रहा है. इसी के तहत शनिवार को बरही के कोनरा पंचायत के दरगाह मुहल्ला से 150 और डपोक पंचायत के गुड़ियों से कई जायरीन अजमेर शरीफ के लिए रवाना हुए. जिन्हे समजसेवियों ने माला पहनाकर विदा किया. साथ ही ख्वाजा से क्षेत्र के विकास व नेकी की दुआ हेतु सभी जायरीनों से गुजारिश किया. कोनरा के जायरीनों को विदा करने वाले में पंचायत समिति सदस्य मो यूसुफ, समाजसेवी मो सगीर, मो रिजवान अली, मो शमशेर, इजहार अंसारी, गुलाम फारूक आदि सहित कई लोग मौजूद थे. वही गुड़ियों में अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष कयूम अंसारी, पप्पू खान, सोएब अख्तर आदि शामिल थे.

### क्विज में रवि रंजन ने देश में 11वां स्थान किया प्राप्त

**कोडरमा ।** नरेंद्र मोदी एप और माई गोव एप के मन की बात कार्यक्रम के 116 वें एपिसोड के क्विज में झारखंड के रवि रंजन ने भारत के शीर्ष 20 विजेताओं में अपनी जगह बनायी है। इस क्विज में उन्हें पूरे देश में 11वां स्थान प्राप्त हुआ है। इसके लिए नरेंद्र मोदी एप टीम ने उन्हें पुस्तक भेंट किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्ताक्षर युक्त प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। पीएमओ ने अपने ट्विटर पर भी विजेताओं के नाम साझा किया है। इसके लिए रवि रंजन ने टीम नरेंद्र मोदी एप को तहे दिल से धन्यवाद दिया है। रवि रंजन माईगव एप के माध्यम से भारत के सबसे अधिक ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले व्यक्ति भी हैं, जिनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। उन्हें इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड का मेडल देकर सम्मानित किया जा चुका है।

### सोशल मीडिया में धार्मिक भावना आहत करने का आरोप

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा पटेलनगर निवासी राजेश कुमार सिन्हा जवाहरनगर निवासी श्यामसुंदर प्रसाद उर्फ श्यामसुंदर आदिवासी के खिलाफ सोशल मीडिया में धार्मिक भावना आहत करने का आरोप लगाया है। भुरकुंडा थाना में दिए आवेदन में राजेश कुमार सिन्हा का कहना है कि श्यामसुंदर प्रसाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और फेसबुक में विगत दो वर्षों से हिन्दू देवी-देवताओं के संबंध में अपमानजनक पोस्ट कर रहे हैं। यही नहीं, श्यामसुंदर प्रसाद सोशल मीडिया में ऐसे पोस्ट भी साझा करते आ रहे हैं, जिससे आदिवासी और गैर आदिवासियों के बीच वैमनस्य की भावना बढ़े। उनकी मंशा दोनों समुदाय के बीच लड़ाई-झगड़ा और तनाव उत्पन्न करने का है। राजेश सिन्हा ने बताया है कि 10 नवंबर 2023 को भी श्यामसुंदर प्रसाद के खिलाफ श्रवण कुमार ने थाना में आवेदन दिया था।

वनभोज सह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

# जंगलों की सुरक्षा मानव का मौलिक कर्तव्य : विधायक

*पर्यावरण को दुषित होने के कारण आज दुनिया में हर तरह की बिमारियों की उत्पति होती जा रही है*

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलैया के जंगल में 'झारखंड यूथ फेडरेशन सलैया' संगठन द्वारा वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अमित कुमार यादव शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। विधायक ने वन्य क्षेत्र पर्यावरण संरक्षण के संबंध में कहा कि जंगल हमारी प्राकृतिक संपदा और वृक्ष हमारे पूर्वजों का अनमोल धरोहर व संतान स्वरूप है। भारत देश में वृक्ष की पूजा प्राचीन काल से होती चली आ रही है। जंगलों का संरक्षण, मानव का कर्तव्य है इसलिए इस बचाना दायित्व के साथ-साथ धर्म भी है। विधायक ने कहा कि मानव का जीवन पूरी तरह से पर्यावरण पर ही टिका हुआ है। अगर इसे किसी प्रकार की क्षति होती है तो जान लिजिए इसका असर मानव के जीवन पर जरूर पड़ेगा। हम सभी को चाहिए कि पर्यावरण की रक्षा करें और इसे आगे भी सुरक्षित करते रहे हैं। जम हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो मानव जीवन भी सही रूप से चलेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा हम सभी को आपसी संवाद, सहयोग और समन्वय के साथ आगे बढ़कर जनता की भलाई और क्षेत्र के विकास के लिए काम करना है। तत्पश्चात विधायक ने संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की सराहना करते हुए इसी तरह और बेहतर काम करने को संगठन के सदस्यों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उमेश चौधरी, अजप्ता अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, सूर्यदेव मंडल, यमुना साव समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

जवाहर घाट को पर्यटक स्थली बनाने के लिए डीसी ने दिया ग्रीन सिग्नल

# जिले के 13 नए पर्यटन स्थल किए जाएंगे विकसित

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित जवाहर घाट शीघ्र ही पर्यटक स्थल का रूप लेने की ओर अग्रसर है. इस संबंध में डीसी नैंसी सहाय ने भी रुचि लेते हुए जिले के पर्यटन स्थल के रूप में इस स्थान को अधिसूचित किया है. इस बाबत उपायुक्त श्रीमती सहाय ने सोशल मीडिया के माध्यम से जिले वासी को जानकारी दी है, जो बड़े ही सुकून की बात है. इसके तहत जिले के अधिसूचित राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर्यटक स्थल में जवाहर घाट का नाम भी शामिल है. डीसी का मानना है कि हजारीबाग का मौसम पर्यटकों के लिए अनुकूल, पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं है. अधिसूचित क्षेत्र को को आकर्षित बनाने के लिए विभिन्न कार्ययोजना पर जोर दिए जा रहे है. जहां जल्दी ही सामुदायिक शौचालय, पार्क निर्माण आदि स्थान पर्यटन स्थल के लिए अधिसूचित किए गए हैं. विदित हो कि जवाहर घाट के सुंदरीकरण को लेकर स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल सांसद और विधायक मनोज कुमार यादव भी गंभीर है. कुछ ही दिन पूर्व विधायक श्री यादव ने जवाहर घाटी के सुंदरीकरण हेतु केंद्र सरकार के विशेष अनुदान योजना के तहत 34.87 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करवाए जाने की जानकारी दिया था. डीसी के ग्रीन सिग्नल से कार्य के प्रगति की उम्मीदें बढ़ी है.

## न्यूज बॉक्स

### पिछड़े वर्ग की जातियों के अध्ययन को लेकर डीडीसी की अध्यक्षता में प्रशिक्षण

**रामगढ़।** पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग झारखंड सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में रामगढ़ जिला अंतर्गत निर्वाचन के दौरान नगर परिषद क्षेत्र में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण व पिछड़े वर्ग की जातियों के अध्ययन के लिए सर्वे किया जाना है। इसी क्रम में शनिवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में नगर परिषद रामगढ़ अंतर्गत सभी 32 वार्डों के बीएलओ को किए जाने वाले सर्व को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ मनीष कुमार द्वारा सभी बीएलओ को प्रशिक्षण के दौरान नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत पिछड़े वर्ग की जातियों के अध्ययन हेतु भरे जाने वाले प्रपत्र 1 यथा मतदाता का नाम, पिता/ पति का नाम, उम्र, लिंग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, सामान्य, बीसी 1 एवं बीसी 2 के तहत किए जाने वाले सर्वे को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सभी की दुविधाओं को दूर किया गया।

### गरीबों के बीच किया गया कंबल का वितरण

**रामगढ़।** ठंड लगातार बढ़ रही है जिस कारण समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों को परेशानी हो रही है। इसी को ध्यान में रखकर इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा 28 दिसंबर को शहर के बंजारा बस्ती में लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण करते हुए इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के सदस्यों ने कहा कि इनरव्हील क्लब हमेशा समाज हित में कार्य करती रहती है। कहा कि क्लब आनेवाले समय में भी जरूरतमंद लोगों के मदद का कार्य करती रहेगी। मौके पर अध्यक्ष पिंकी पोद्दार, मनबीर सोनी, रंजू अग्रवाल, नवलजीत कौर, स्वीटी सोनी आदि उपस्थित थीं।

### आवारा कुत्ते ने चार वर्षीय बालक को काटकर किया गंभीर

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शीलाडीह में चार वर्षीय बालक को कुता ने हमला किया। बालक अल्तेमस अंसारी 4वर्ष पिता आतेशाम अंसारी सुबह बाहर खेल रहा था। इसी बीच आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया। वही ग्रामीणों ने बताया कि बीते कई दिनों से कुत्ते की आतंक बढ़ गया हैं। जिससे मनुष्य और जानवर पर हमला कर रहा हैं। वही ग्रामीण परेशान हैं।

# बहन साक्षी कुमारी ने रंगोली प्रतियोगिता में जीता द्वितीय पुरस्कार

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** तरंग ग्रुप हजारीबाग द्वारा वीर बाल दिवस के स्मृति प्रधान कैफेटेरिया, हजारीबाग में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता 2024 में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली, हजारीबाग की बहन साक्षी कुमारी ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने बहन साक्षी को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा आप प्रत्येक प्रतियोगिता में इसी प्रकार सफलता प्राप्त करते रहें ऐसी शुभकामना दी जाती है। बहन साक्षी ने राजकुमारी दीदी एवं आचार्य तारकेश्वर राय के दिशा निर्देश में रंगोली प्रतियोगिता की तैयारी की थी। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य अनिल कुमार, रामेश्वर गोस्वामी, नरेंद्र कुमार सिन्हा, राहुल पासवान, विद्यालय के आचार्य बंधु- भगिनी एवं भैया- बहन उपस्थित थे।

स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट संपन्न, मशाल जलाकर कार्यक्रम का किया आगाज

# शिक्षा का छात्र जीवन में जितना महत्व है उतना ही खेलों का भी है : विधायक

*झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, सिर्फ इन्हें तराशने की जरूरी है ताकि वह आगे बढ़ सकें*

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** गंगपाचो स्थित सीबीएसई से +2 तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। इस निमित बरकट्ठा विधयाक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी, अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बीईईओ किशोर कुमार, जिप सदस्य कुमकुम देवी, गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। इस दौरान नर्सरी से ग्यारहवीं कक्षा तक के छात्रों ने 15 से अधिक खेल में अपनी प्रतिभा और सर्वांगीण कौशल का प्रदर्शन किया। स्पोर्ट्स मीट की शुरूआत मशाल जलाने के साथ हुई। वहीं अमित कुमार यादव ने कहा कि शिक्षा का छात्र जीवन में जितना महत्व है, उतना ही खेलों का भी है। इसलिए सभी छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। खेल जहां उन्हें सेहत प्रदान करते है, वहीं उनके शरीरिक व मानसिक विकास में भी अहम योगदान देते हैं। इस दौरान प्राचार्य स्वाति ने बताया कि खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया गया। जिसमें बच्चों के बीच 50 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, रिले रेस, बिस्कुट रेस, जलेबी रेस, खो-खो, वॉलीबॉल और बैडमिंटन जैसे खेलो का आयोजन किया गया। स्पोर्ट्स मीट के अंत में विभिन्न खेलों में पहला, दूसरा, तीसरा स्थान हासिल करने वाले छात्रों को विद्यालय के निदेशक डॉ इंद्रदेव प्रसाद भारती और प्रधानाचार्या स्वाती ने संयुक्त रूप से मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

प्रशासन की अपील : सुरक्षित व संरक्षित रहकर नववर्ष का लें आनंद

# अभिभावक अपने बच्चों पर रखें ध्यान, वाहन चालक अनियंत्रित हुए तो कटेगा चालान : एसडीपीओ

- विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर पुलिस बल की तैनाती के लिए सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया जा चुका हैं
- अनियंत्रित बाइक चलाने और नशे की हालत में किसी तरह का वाहन चलाने पर पाबंदी रहेगी

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** नए वर्ष के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने बताया कि सुरक्षित और संरक्षित नववर्ष को लेकर पुलिस प्रशासन संकल्पित है. अनुमंडल के विभिन्न पिकनिक स्पॉट व भ्रमण स्थल जैसे बरही के जवाहर घाट, पोड़ैया घाट, बेंदगी नदी घाट आदि सहित विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर पुलिस बल की तैनाती के लिए सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया जा चुका हैं. इसके साथ ही रविवार से बरही चौक सहित विभिन्न स्थानों पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जायेगा. जिसके तहत टीन एजर्स के बाईक चालन, ओवरलोडिंग, अनियंत्रित स्पीड, ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों के शराब पीकर वाहन चलाने की जांच आदि की जांच की जायेगी. विशेषकर अभिभावकों से उन्होंने अपने बच्चों पर निगरानी रखने, अनावश्यक और अनियंत्रित बाइक या वाहन चलाने से रोकने या नशे की हालत में पिकनिक या भ्रमण पर रोक लगाने की बात कही है. एसडीपीओ ने कहा कि खुद खुशियां मनाएं और दूसरे को भी मनाने दें. अति उत्साह या जोश में ऐसा कोई भी काम नहीं करे जिससे स्वयं या किसी को जान माल की क्षति हो. श्री बिमल ने आगामी नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए लोगो से सुरक्षित और संरक्षित तरीको से नववर्ष का आनंद लेने की अपील किया है.

स्कूल में आयोजित हुआ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

# विभिन्न वर्गों के बच्चों ने लिया भाग

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** अमृत नगर स्थित 10+2 लॉर्ड कृष्णा स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया।इस आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य एवं सचिव समेत सभी शिक्षक एवं छात्र मौजूद थें।प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार देव के उद्बोधन के साथ हुआ। विद्यालय के स्पोर्ट्स शिक्षक रोशन रजक ने प्रतियोगिता की रूप रेखा तैयार की जिसमें एलकेजी एवं यू केजी के बच्चों के लिए चॉकलेट रेस, कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों के लिए जलेबी रेस, कक्षा द्वितीय के लिए गेटिंग रेडी फॉर स्कूल और बैग पैकिंग की प्रतियोगिता निर्धारित थी। इसके अलावा बनाना रेस, नीडल रेस, स्पून रेस, बैलून बैलेंसिंग रेस एवं खो खो की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न वर्ग के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। खेलकूद के अंत में शिक्षकों के लिए भी चेयर म्यूजिक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें प्रथम प्रदीप यादव, द्वितीय अनिल कुमार साव एवं तृतीय स्थान भोला कुमार राय ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का योगदान रहा। जिसमें शिक्षक अफरोज आलम, संदीप कुमार, भोला कुमार राय, पंकज कुमार, पायल कुमारी, पूनम कुमारी, शहनाज खातून और रेखा देवी ने अपना योगदान दिया।

### रावा में आयोजित वर्कशॉप का समापन

**रामगढ़।** कलश वेंकटेश संचालक पिंकू चौधरी और संजीत कुमार गुप्ता रामगढ़ रांची में (रीनेसंस आर्टिस्ट एंड रायटर्स एसोसिएशन) द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वर्कशॉप के अंतिम दिन शनिवार को कार्यकम शुभारंभ विधिवत रूप से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कोलकाता के तापस देवनाथ भट्टाचार्य शामिल थे। मुम्बई के दीपक तोंबरे आंबा नृत्य, कोली नृत्य और शिवाजी महाराज पांवड़ा, अनुकृति मैंम द्वारा क्लासिकल नृत्य और मृणाल पाठक बीआईटी मेसरा अंतिम दिन के वर्कशॉप में शामिल थे। साथ ही कार्यकम के विषय में बताया। तापस देवनाथ कथक नृत्य पर प्रकाश डाला। वाणी राजमोहन मैम द्वारा भरत नाट्यम के प्रभात संगीत में पर नृत्य के बारे में बताया गया। परीक्षण दिया गया विश्लेषण किया गया। मृणाल पाठक द्वारा भोजपुरी, बांग्ला, ओड़िआ, नागपुरी, फ्रेंच,रसियन, चाइनीज भाषा, में बातचीत की जानकारी दी गई। साथ ही प्रभात संगीत की जानकारी दी गई। अंकुर जैन द्वारा नाट्यशास्त्र की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व प्रतिभागी प्रज्वल शर्मा, अखिल देव, राकेश देव, कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार देव ने अहम रोल निभाया।

संस्कृत में विज्ञान विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# भारतीय संस्कृति को बचाए रखने के लिए संस्कृत का अध्ययन जरूरी : डॉ सुनील कश्यप

*डॉ सुनील कश्यप ने कहा कि संस्कृत को वैज्ञानिक भाषा माना जाता है। संस्कृत और प्राचीन विज्ञान को एक दूसरे का पूरक माना जाता है*

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ बाजार समिति के निकट स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर में 27 दिसंबर को संस्कृत में विज्ञान पर एक दिवसीय प्रशिक्षण विद्यालय के प्राचार्य वरुण कुमार चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुंई। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत शिक्षक श्रीकांत द्विवेदी ने किया । इसके उपरांत मुख्य अतिथि उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने माता सरस्वती और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया। इस दौरान डॉ कश्यप ने मुख्य प्रशिक्षक के तौर पर छात्र-छात्राओं को संस्कृत में वैज्ञानिकता का प्रमाण देते हुए प्रशिक्षण प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि संस्कृत साहित्य को बचाए बनाए रखने के लिए संस्कृत का अध्ययन- अध्यापन आवश्यक है। डॉ सुनील कश्यप ने कहा कि संस्कृत को वैज्ञानिक भाषा माना जाता है। संस्कृत और प्राचीन विज्ञान को एक दूसरे का पूरक माना जाता है। संस्कृत साहित्य एवं जीवन मूल्यों के साथ-साथ विविध वैज्ञानिक यथा गणित, खगोल शास्त्र, विधि शास्त्र, ज्योतिष शास्त्र, भौतिक, रासायनिक शास्त्र आदि की बातों को उन्होंने छात्र छात्राओं के समक्ष रखा। महर्षि पाणिनि द्वारा लिखित अष्टाध्याई व्याकरण शास्त्र को कंप्यूटर के लिए उपयुक्त बताते हुए यह भी कहा कि नासा में जो वैज्ञानिक शोध कर रहे हैं उनके लिए भी संस्कृत वैज्ञानिकता का प्रमाण दे रहे हैं। कंप्यूटर के क्षेत्र में अच्छी सफलता तभी प्राप्त होगी जब छात्र छात्राओं को संस्कृत का सम्यक अध्ययन हो। डॉ कश्यप ने कहा रामायण ,महाभारत, वेद ग्रंथ यहां तक की योग दर्शन और आयुर्वेद को भी संस्कृत के माध्यम से आसानी से समझ सकते हैं।

गरीबों के बीच भोजन पैकेट का किया वितरण

# मानव सेवा में सभी को तन-मन से आगे आने की जरूरत है : डब्लू सिंह

रामगढ़। राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा के बैनर तले जिंदल फाउंडेशन ने मिशन जीरो हंगर के तहत शनिवार को भुरकुंडा बाजार में दातुन-पत्तल बेचने वाले दर्जनों गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने जिंदल फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराये गये भोजन के पैकेट को गरीब-जरूरतमंदों के बीच वितरित करते हुए कहा कि गरीबों को भोजन करना सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सक्षम लोगों को भी तन-तन-धन से सहयोग करना चाहिए। इस कार्यक्रम में हर व्यक्ति को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है, जो निरंतर जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में जन सहयोग के माध्यम से गरीबों को भोजन कराया जायेगा। वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, शिव कुमार यादव, भूपेंद्र कुमार उर्फ रिन्कु वर्णवाल, कारू यादव, रंजीत यादव, मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

# अकादमी संगीत की शिक्षा और कला को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम है : सुधीर मंगलेश

*संगीत वह भाषा है जो दिलों को जोड़ती है, और ऐसी संस्थाओं के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रांची, चुटिया ऑक्सफोर्ड स्कूल के निकट स्थित डीएन म्यूजिक अकादमी का विधिवत उदघाटन शनिवार को मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश व विशिष्ट अतिथि युवा व्यवसाय बॉबी कुमार ने फीता काटकर किया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा डीएन म्यूजिक अकादमी संगीत की शिक्षा और कला को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अकादमी न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी सहायक होगी। संगीत ही एक ऐसी चीज है जो विश्व में पहचान दिलाती है। आज देश के कई ऐसे नाम हैं जो संगीत की दुनिया में अपनी पहचान बनाई और साथ ही देश का भी नाम रौशन किया। संगीत वह भाषा है जो दिलों को जोड़ती है, और ऐसी संस्थाओं के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। अकादमी के निदेशक दिवस नायक (इंडियन आइडल कोनस्टेंट) ने बताया कि चलो स्वर मिलाएं एकेडमी के तहत संगीत की बारीकियों को सिखाने का विशेष प्रबंध किया गया है। यहां पर विद्यार्थियों को बेसिक क्लासिकल ट्रेनिंग के साथ-साथ बॉलीवुड सांग (हिंदी, नागपुरी, खोरठा, भोजपुरी आदि) की विधिवत शिक्षा दी जाएगी। कार्यक्रम में अकादमी की प्रचार्या किरण सिंह, नीमी देवी (माँ), दिनेश नायक (पिता), विकास नायक, प्रवीण नायक, कुंदन कुमार, रंजीत कुमार, रोशन कुमार,सिकेन्दर नायक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। डीएन म्यूजिक अकादमी संगीत के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें पेशेवर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से काम करेगी।

### राज्यपाल संरक्षण आयोग के तीन सदस्यों का हुआ आगमन

# योजना हर बच्चे तक पहुंचे, रुके बाल तस्करी, रहें नशे और मोबाइल से दूर

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखण्ड राज्य बाल आयोग के सदस्य रूचि कुजूर, मिन्हाजुल हक, विकास दोदरजका की कमिटी ने शनिवार को सिमडेगा जिला के बाल अधिकार और उनके संरक्षण सम्बंधित पदाधिकारी और संस्था का बैठक कर निरीक्षण और भ्रमण किया। इस दौरान सर्वप्रथम समहरणालय के सभागार में सदस्य रूचि कुजूर, विकास दोदरजका एवं मिन्हाजुल हक की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सरकार द्वारा चल रही योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान में बैठे जरूरतमंद बच्चें को कितना लाभ पहुंच रहें क्या? जिला में बाल तस्करी, बाल श्रम इत्यादि पर सम्बंधित पदाधिकारी से समीक्षा किया गया। शिक्षा के अधिकार तहत जिला के निजी विद्यालय में कितना नामांकन किया गया इस बात की समीक्षा किया गया। निजी विद्यालय में पॉक्सो एक्ट के प्रति जागरूकता करने के जिला शिक्षा अधीक्षक को दिशा निर्देश दिया गया। उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया की पंचायत स्तर में आंगनवाड़ी केंद्र में कार्यशाला आयोजित कर सरकार के योजनाओं को प्रचार-प्रसार किया जायें। आयोग के सदस्य ने निर्देश दिया कि जिला का हर बच्चें को, हर घर को, जरूरतमंद तक सरकार की योजनाओं हर हाल में पहुँचे।जिससे बेरोजगारी, आर्थिक कमी के कारण बच्चें का पलायन, बाल तस्करी और अशिक्षित न रहें। तत्पश्चात उपायुक्त से बैठक किया और जिला के समस्याओं से अवगत कराया। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि बच्चों से सम्बंधित हर संभव मदद किया जायेगा। तत्पश्चात सम्प्रेक्षण भवन, सहयोग विलेज़ का बालक गृह, बालिका गृह,विशेष दत्तक ग्रहण संस्था का निरीक्षण किया साथ में समस्यायों को दूर करने का दिशा निर्देश दिया। विशेष कर जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष और सदस्य को दिशा निर्देश दिया कि बच्चों से सम्बंधित कार्यों अविलम्ब निष्पादन किया जाय।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, प्रभारी एस डी ओ प्रभात रंजन ज्ञानी, डीएसपी। मुख्यालय रणबीर सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरज मुनी कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम, श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सहित सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर परिवहन विभाग ने कसा शिकंजा

### दो पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चला चेकिंग अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** इन दिनों जिले की सड़कों पर सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हुआ है।प्रतिदिन सड़कों पर दुर्घटना में कई लोग घायल हो रहे हैं।जिसको मद्देनजर रखते हुए परिवहन विभाग ने वाहन चालकों पर अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।परिवहन विभाग के द्वारा डीसी अजय कुमार सिंह के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बाखला एवं मोटरयान निरीक्षक प्रकाश रंजन के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने का प्रयास किया है।इसी क्रम में शनिवार को भी सदर थाना क्षेत्र के वीर बुधु भगत चौक के समीप विभाग के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाकर बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों से जुर्माना वसूला।जांच के क्रम में कुल 42 वाहनों की जांच की गई जिनसे 67,450 रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथी सभी वाहन चालकों को सख्त निर्देश दिया कि बिना हेलमेट एवं बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहनों का परिचालन ना करें अन्यथा अगली बार पकड़े जाने पर दोगुना जुर्माना किया जाएगा। वहीं परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि यह चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि आए दिन सड़कों पर जो सड़क दुर्घटना हो रही है उसपर कुछ हद तक अंकुश लगाया जा सके।क्योंकि अधिकांशतः सड़क दुर्घटनाओं में देखा जा रहा है कि दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के ही वाहन चला रहे थे जिसकी वजह से उनके सारों पर गंभीर चोट लगने की वजह से या तो उनकी मृत्यु हो गई या वह गंभीर रूप से घायल हो गए।उन्होंने आम जनों से अपील करते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर से जरूर करें।इस मौके पर परिवहन विभाग के शिद्धार्थ राज एवं जिला पुलिस बल के जवान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# वर्ष 2023 की तुलना में 24 में कम हुए सड़क हादसे लेकिन हालात अभी भी चिंताजनक

नवीन मेल संवाददाता

## शराब एव तेज रफ्तार मुख्य कारण

**सिमडेगा।** सिमडेगा में लगातार इन दिनों सड़क दुर्घटना के मामले सामने आते हैं जहां पर लोगों की जान जा रही है इसके बावजूद लोगों में जागरूकता नहीं आ रही है ।जिले में वर्ष 2024 में जनवरी से अभी तक सड़क हादसों का ग्राफ वर्ष 2023 की तुलना में घटते क्रम में जरूर है लेकिन ये घटे हुए सड़क हादसे के आंकड़े भी चिंताजनक हैं। इस वर्ष जनवरी से अभी तक सड़क दुर्घटना के 115 मामले दर्ज किए गए है, जिसमे 114 लोगों की मौत हुई और 51 लोग घायल हुए जबकि वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटना के 143 मामले दर्ज किए गए थे।जिसमें 120 लोगों की मौत हुई थी और 88 लोग घायल हुए थे।इस वर्ष हुए 115 सड़क दुर्घटना के मामलों में 25 मामले हिट एंड रन के दर्ज किए गए, जिसमे परिवहन विभाग द्वारा 08 मामलों का निष्पादन करते हुए हिट एंड रन के पीड़ितों को मुआवजा दिया जा चुका है। जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बखला से मिली जानकारी के अनुसार हिट एंड रन के मामले में मौत होने पर दो लाख और घायल को 50 हजार रुपए का मुआवजा दिया जाता हैं।परिवहन विभाग सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। जिससे आने वाले वर्ष में सड़क दुर्घटना के आंकड़ों में और कमी लाई जा सके।

**सिमडेगा।** सिमडेगा आदिवासी बहुत जिला होने के साथ-साथ यहां के युवा वर्ग शराब और तेज गति की वजह से सड़क दुर्घटना के शिकार होते हैं अधिकांश मामले में देखा जाता है कि जब भी सड़क हादसे होती है तो रफ्तार की वजह से घटती है वहीं दूसरी ओर शराब का सेवन की वजह से सड़क हादसे के मामले सामने आते हैं लगातार लोगों में जागरूकता लाने के बावजूद युवा वर्ग आधुनिकता के दौर में आगे बढ़ रहे हैं और शराब की लत उनके जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है परिवहन विभाग कई बार सड़कों पर अभियान चला कर लोगों को जागरूक करती है लेकिन युवा वर्ग समझने का नाम नहीं ले रहे हैं बल्कि शराब और तेज रफ्तार को फैशन बना लिया है। इसके अलावा अभिभावकों की लापरवाही का भी मामला सामने आता है जहां पर कम आयु वर्ग के बच्चों के लिए मोटरसाइकिल खरीद देते हैं जिसके बाद वे लोग सड़कों पर बेलगाम तरीके से मोटरसाइकिल दौड़ते हैं जिसकी वजह से कई बार हादसे का शिकार होते हैं। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सामाजिक जागरूकता लाने की आवश्यकता है ताकि जिले में सड़क दुर्घटना के मामले हो या फिर मौत के आंकड़े इस कम किया जा सके।

### क्या कहते है परिवहन पदाधिकारी

इधर जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बाखला ने कहा कि जिस प्रकार से अभिभावकों के द्वारा अपने बच्चों को मोटरसाइकिल दी जाती है और उनके द्वारा सड़कों पर तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं ।ऐसे में थोड़ा दुर्घटना का शिकार होते हैं इसलिए उन्होंने अपील किया है कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को कम उम्र है तो मोटरसाइकिल ना दे ,जिससे कि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके इसके अलावा जो भी लोग वहां चला रहे हैं उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने की अपील की।

### जलडेगा बीडीओ ने लमडेगा पंचायत का किया निरीक्षण

# आंगनबाड़ी केंद्र में 15 दिनों के अंदर दरी और पेयजल व्यवस्था करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** जलडेगा बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने शनिवार को लमडेगा पंचायत भवन जाकर पंचायत की कैश बुक, भंडार पंजी, योजना पंजी आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने मनरेगा के अंतर्गत सात रजिस्टर और मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं का रिकॉर्ड रजिस्टर का भी जांच किया। जांच के क्रम में जो भी रजिस्टर अधूरा मिला बीडीओ ने उन्हें सप्ताह के अंदर अद्यतन करने के लिए पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं मुखिया को निर्देश दिया। साथ ही बीडीओ ने पंचायत भवन को साफ - सुथरा एवं दुरुस्त रखने की कहा।पंचायत भवन निरीक्षण के बाद बीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र लमडेगा खास और हुटुटुआ का निरीक्षण किया। लमडेगा खास आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका एवं सहायिका दोनों उपस्थित थे, जिसमें करीब 20 की संख्या में बच्चे उपस्थित थे। बीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र में दी जाने वाली छः सुविधाओं को भी जाना साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में साफ - सफाई और व्यवस्थाओं को देखकर आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका बधाई देकर बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए निरंतर हर दिन बेहतर करते रहने के लिए प्रेरित किया। लमडेगा खास की सेविका ने बतलाया कि उसके आंगनबाड़ी केंद्र में दरी और पेयजल की समस्या है जिसे वहां उपस्थित पंचायत सेवक और मुखिया लमडेगा को प्रखंड विकास पदाधिकारी ने 15 दिनों के अंदर दोनों व्यवस्थाएं करने का निर्देश दिया। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र हुटुटुआ के निरीक्षण के दौरान सहायिका अनुपस्थित पाई गई। उपस्थित बच्चों की संख्या काफी कम थी। बीडीओ ने कहा उक्त संबंध में सेविका एवं सहायिका को स्पष्टीकरण पूछा जाएगा। बीडीओ ने सेविका को कड़ी चेतावनी भी दिया है उन्होंने सेविका को दो दिनों के अंदर आंगनबाड़ी में व्यवस्थाओं को ठीक करने को कहा है। अन्यथा सेविका के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई है इसके बाद मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न बागवानी योजनाओं, 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत संचालित पीसीसी, पुलिया इत्यादि का भौतिक निरीक्षण किया गया।

### कुंदूरमुंडा गांव मे एक दिवसीय कुड़ुख सरना सभा का किया गया आयोजन

**बोलबा।** सिमडेगा जिले के बोलबा प्रखंड अंतर्गत कुंदूरमुंडा गांव मे सामाजिक संगठन डाड़ा पड़हा के तत्वाधान मे एक दिवसीय कुड़ुख सरना धर्म एवं संस्कृति पर सभा का आयोजन किया गया। इस मौक़े पर पहान की अगुवाई मे विधिवत पूजन किया गया। इसके बाद सामूहिक प्रार्थना सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ मे अतिथियों का जोरदार स्वागत पारम्परिक नाच गान से किया गया। इसके बाद प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौक़े पर देवेंद्र भगत ने कहा कि सरना धर्म मानने वाले लोग अपने प्रत्येक घरों मे सरना झंडा गाड़े साथ ही तुलसी का पौधा जरूर लगाएं। अपने धर्म के कॉलम मे सरना धर्म ही लिखें। अपने धर्म एवं संस्कृति को बचाए रखने के लिए समाज मे आगे आकर काम करें। उन्होंने कहा जो नाचेगा वही बचेगा। इसलिए सभी त्योहारों के। मौक़े पर धूमधाम से अखड़ा मे नाच गाना के साथ मनाएं। अन्यथा बाद मे पछताना पड़ेगा उड़ीसा राउलकेला के पड़हा दीवान मंगल टोपो ने कहा कि सरना धर्म मे प्रकृति के सारे चीजें चाँद, सूरज, नदी, पहाड़, वृक्ष आदि की पूजा की जाती है।

### तलमांगा से ढोढ़ीजोर तक सडक निर्माण के लिए किया मापी

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के तलमांगा से ढोढ़ीजोर तक। कालीकरण सडक निर्माण के लिए ग्रामीणों ने मापी किया। इस संबध में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष जैनुल अंसारी ने बताया कि कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के निर्देश के अनुसार बोलबा प्रखण्ड के अति पिछड़ा एवं आदिवासी बाहुल्य छेत्र के पिड़ियापोंछ पंचायत अंतर्गत तलमंगा मुख्य सडक से ढोढीजोर तक 6.500 सडक निर्माण के लिए ग्रामीणों ने मापी किया है। इसके साथ ही तलमंगा बेलकुबा मुख्य पथ से तलमंगा नवा टोली तक 2.250 किमी काली करण पक्की सड़क के लिए मापी किया गया। इस मौक़े पर कांग्रेस पार्टी के युवा अध्यक्ष सुनील टोप्पो,झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के बोलबा प्रखण्ड उपाध्यक्ष जैनुल अंसारी,पिड़ियापोंछ पंचायत के युवा कंग्रेस वाहिनी के सदस्य एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# नव वर्ष के मौके पर प्रकृति के गोद में बसा बसंतपुर कर रहा है सैलानियों का इंतजार

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** प्रकृति की सुंदरता के मामले में सिमडेगा जिला बेहद समृद्ध है। जंगलों से अच्छादित पठार, हरी-भरी हसीन वादियां, कलकल बहती नदियां और पहाड़ों के बीच से गुजरता झरना लोगों का मन मोह लेता है। नए वर्ष को लेकर जिले के सभी पर्यटक स्थल तैयार हो गए हैं। लोग नए वर्ष में पिकनिक के लिए अलग-अलग स्थान पर जाकर प्रकृति के गोद में अपने परिवार एवं मित्रों के साथ पिकनिक का आनंद लेते हैं ऐसे में जिले के सभी पिकनिक स्थान लोगों के लिए स्वागत हेतु तैयार है। जिले के सभी लोग साल 2024 के स्वागत की तैयारी में है। नव वर्ष के स्वागत के लिए प्रकृति की गोद में बसे पर्यटक स्थल भी बाहें फैलाकर लोगों का स्वागत कर रही है। जहां पहुंचकर नए अनुभव के साथ नव वर्ष का सेलेब्रेट कर सकते हैं। प्रकृति का लुत्फ उठाने पर्यटन स्थल बसतपुर पहुंचे। पाकरटांड़ प्रखंड के बसतपुर पर्यटन स्थल में से एक है। जहां प्रकृति का लुत्फ उठाने नववर्ष पर हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं। यहां गुमला से भी सैलानी पहुचते है। पर्यटन स्थल के चारों ओर जंगली पेड़,पहाड़ अलग छटां बिखेरते है। जबकि जिला मुख्यालय से बसतपुर की दूरी लगभग 25 किमी है। इसके अलावे प्रखंड के कई प्राकृतिक स्थल लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। बसंतपुर पर्यटन स्थल दोनों और पहाड़ी के बीच में चट्टानों को चीरती हुई नदी अपने आप में अपनी प्रकृति की अनुपम सुंदरता की वजह से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। प्रत्येक वर्ष यहां पर नववर्ष के मौके पर हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं और जहां पर पिकनिक का आनंद लेते हैं।यह स्थान पाकरटांड़ से दूरी तीन किमी है।आप सिमडेगा से ऑटो एवं बाईक या निजी वाहन से पहुंचा जा सकता है।

### मकर संक्रांति के मौके पर भैरव बाबा पहाड़ी पर लगेगी भव्य मेला

**सिमडेगा।** सिमडेगा आरानी पंचायत में स्थित प्रसिद्ध भैरव बाबा पहाड़ी में शनिवार को भैरो बाबा विकास समिति की बैठक मंदिर प्रांगण में हुई । जहां पर बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के मौके पर भैरव बाबा पहाड़ी पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिस पर चर्चा की गई वहीं इस मौके पर समिति की ओर से विगत वर्ष हुए दो दिवसीय कार्यक्रम की आए हुए से संबंधित समिति के समक्ष ब्यौरा प्रस्तुत की गई । मौके पर कहा गया कि भैरव बाबा पहाड़ी में दिन प्रतिदिन लगातार प्रशासन के सहयोग से विकास हो रही है और यहां पर प्रत्येक वर्ष भव्य मेला का आयोजन किया जाता है जहां पर दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं इस बार भी मेले में सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध हो इसको लेकर तैयारी की जा रही है मैं उन्होंने बताया इसके लिए समिति के द्वारा जोर-शोर से तैयारी की जा रही है और इसके निमित आगामी 4 जनवरी को बैठक आयोजन किया जाएगा।

# मजदूर नेता राजेश सिंह ने एकलव्य मॉडल विद्यालय निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के नेता राजेश कुमार सिंह के द्वारा बोलबा प्रखंड के लेटाबेड़ा में करोड़ों रुपए की लागत से बना रहे एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्य कर रहे मजदूरों से उन्होंने मुलाकात करते हुए भुगतान संबंधित जानकारी ली। इस मौके पर मजदूरों ने बताया कि यहां पर काम के एवज में महज 250 की मजदूरी दर दी जा रही है। इस पर मजदूर नेता ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सिमडेगा जिला के विभिन्न सुदूरवर्ती क्षेत्र में लगातार मजदूरों का शोषण किया जा रहा है जिस पर जिला प्रशासन गंभीर नहीं है। सरकार की ओर से 420 रुपए की मजदूरी दर तय की गई है । इसके बावजूद मजदूरों को 250 रुपए दी जा रही है यह चिंता जनक है ।उन्होंने कहा कि इस मामले में संबंधित संवेदक के ऊपर उपायुक्त सिमडेगा एवं श्रम विभाग को लिखित शिकायत करने के बाद कार्रवाई की मांग करेंगे उन्होंने मजदूरों को कहा कि जहां पर भी कम मजदूरी दर दी जाती है ।वहां पर सामूहिक रूप से संगठित होकर इसकी शिकायत संगठन से करें और साथ ही कार्य का बहिष्कार करें। उन्होंने कहा कि जिले में मजदूरों का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान जो भी प्रवासी मजदूर अपने गांव आए हैं वे लोग प्रवासी मजदूर का निबंधन श्रम विभाग की ओर से की जा रहा है इसे जरूर कराए ।इसके अलावा जिनका भी श्रम कार्ड नहीं बना है वह श्रम विभाग में जाकर जरूर बनवाए जिससे कि उन्हें किसी प्रकार से परेशानी ना हो।

# चर्च में आकर ईश्वर से जुड़ें और शांति का अनुभव करें : विधायक भूषण बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** गोरारजोर में नवनिर्मित चर्च का संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर बिशप मुरेल बिलुंग की अगुवाई में संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ। उनकी अगुवाई में मिस्सा बलिदान भी चढ़ाया गया। कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, शीतल एक्का, उर्मिला, संजय तिर्की, मुंश खेस, नुवेल, अनिता एक्का, असरानी सहित काफी संख्या में उपस्थित थे। मौके पर बिशप मुरेल बिलुंग ने नवनिर्मित चर्च संस्कार के लिए ईश्वर को धन्यवाद दिया साथ ही सम्पूर्ण मसीही धर्मावलम्बियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गिरजाघर विश्वास, आस्था एवं एकता का प्रतीक है,जो ईश्वर एवं इंसान को जोड़ता है। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्माण कार्य आसान नहीं होता। उसके लिए योजना, परिश्रम, आपसी तालमेल और समझदारी की आवश्यकता होती है। प्रभु का घर सबके लिए खुला रहना चाहिए। जिसकी कृपा इस चर्च में पाएंगे, उसकी झलक जीवन में दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चर्च सिर्फ इमारत नहीं है ये प्रभु यीशु के अनुयायियों के समूह है जो उनके बताए रास्ते पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि आराधना स्थल ऐसे स्थान हैं जहां ईश्वर की उपस्थिति का अहसास होता है और ऐसे स्थानों की पवित्रता का संरक्षण प्रत्येक लोगों की जिम्मेदारी है।

### आस्था से प्रभु की प्रार्थना करेंगे, शांति का अनुभव होगा

विधायक भूषण बाड़ा ने नए गिरजाघर का संस्कार होने से इस क्षेत्र के लोगों को ईश्वर का आर्शीवाद मिलेगा। क्षेत्र में तरक्की और खुशहाली आएगी। लोग चर्च में आकर ईश्वर से जुड़ेंगे और शांति का अनुभव करेंगे। उन्होंने कहा कि गिरजाघर में ही परमेश्वर का वास नहीं है, बल्कि पूरे समुदाय के सदस्यों के दिल में ईश्वर का वास तभी होता है, जब लोगों में आपस में प्रेम का संबंध प्रगाढ़ होता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इस क्षेत्र के धर्मविश्वासियों ने अथक परिश्रम कर प्रभु परमेश्वर के लिए निवास बनाने का प्रयास किया है। उसी प्रकार समुदाय में एकता, मेल जोल के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां धर्म निवास करेगा। लोग आस्था से प्रभु की प्रार्थना करेंगे। शांति का अनुभव होगा। धर्म के प्रति लोगों की आस्था बढ़ेगी। बिशप ने प्रभु की आराधना से जीवन सफल होगा। चर्च बनने के बाद समाज को मजबूत बनाने की शक्ति मिलेगी। इस चर्च के निर्माण से लोगों में श्रद्धा उत्पन्न होगी।जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नए गिरजाघर के बन जाने से सभी संस्कार इसी ईश्वर के निवास स्थान में होंगे। संस्कार की विधि संपन्न होने से लोगों के व्यक्तित्व में निखार आएगा। बुराईयों से लोग मुख मोड़ेंगें और अच्छाईयों को अपनाने की कोशिश करेंगे।

### सीए पास करने पर श्रद्धा गोयल को विधायक भूषण बाड़ा ने दी बधाई

**सिमडेगा।** शहर के प्रमुख कपड़ा व्यवसायी सह समाजसेवी दिनेश गोयल की सुपुत्री श्रद्धा गोयल के द्वारा सीए की परीक्षा पास करने पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने बधाई दी है। भूषण बाड़ा ने बेटी श्रद्धा को बधाई देते हुए कहा कि यह जिले के लिए गौरव की बात है। अपने पहले ही प्रयास में सीए की परीक्षा पास कर बेटी श्रद्धा ने बता दिया कि सिमडेगा की बेटी हर क्षेत्र में आगे है। शिक्षा से लेकर खेल के क्षेत्र में भी हमारे जिले की बेटियां दमदार प्रदर्शन करते आई है। बेटी श्रद्धा ने भी अपना उम्दा प्रदर्शन से जिले का नाम राशन की है। विधायक ने श्रद्धा के उज्ज्वल भविष्य एवं आगे भी सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# डेढ़ करोड़ की लागत से नगर परिषद में बन रहा है कॉम्प्लेक्स बेरोजगारों को मिलेगा लाभ

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** वर्ष 2024 अपने अंतिम दौर में है। नगर परिषद के द्वारा इस वर्ष शहर के विकास के लिए कई कार्य किए गए हैं, जिन्हें उपलब्धि माना जा सकता है। नगर परिषद के द्वारा शहर के चौक चौराहे में सीसीटीवी लगाया गया है। जिससे अपराध पर अंकुश लगा है। इसके अलावा व्यापारियों के लिए दो मार्केट कंपलेक्स का भी निर्माण कराया जा रहा है। बताया गया कि शहर के डेली मार्केट में करीब डेढ़ करोड़ की लागत से 42 दुकानों का निर्माण कराया गया है। वर्ष के अंतिम माह में कॉलेज मोड़ से लेकर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम तक बदहाल सड़क के मरम्मत के लिए भी नप के द्वारा निविदा फाइनल कर दी गई है, और कार्य भी शुरू किया गया है। नगर भवन के सुंदरीकरण होने से शहर में होने वाले कार्यक्रमों की सुंदरता और भव्यता बढ़ गई है। वहीं शहरी क्षेत्र में कफी तेज गति से विकास कार्य किया गया। अब तक शहर में नागरिक सुविधा हेतु 1.02 करोड़ रुपए खर्च कर कई विकास के कार्य धरातल पर उतारा गया। जबकि शहरी परिवहन में 68 लाख खर्च किए गए। इस राशि से अब तक पीसीसी पथ, सोलर लाईट, नाली निर्माण एवं नाली में स्लैब से ढ़का गया। इसके अलावे फेवर ब्लॉक सहित कई अनगिनत कार्य शहरवासियों की सुविधा हेतु खर्च किए गए। नप के प्रशासक समीर बोदरा ने बताया कि नागरिक सुविधा के लिए कई योजनाएं धरातल पर उतारी गई है।

# पुलिस ने देसी शराब में अभियान चला कर 1140 किलो महुआ किया नष्ट

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला में अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगातार जागरूकता एवं छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में एक सप्ताह तक लगातार विभिन्न थाना क्षेत्र में चलाए गए शराब के खिलाफ अभियान में पुलिस ने देसी शराब बनाने वाले लोगों के घरों में छापेमारी अभियान करते हुए उनके घर से 1140 एवं 83 लीटर अवैध देशी शराब विनष्ट किया और अवैध शराब बनाने के लिए उपयोग होने वाली भट्ठी को भी विनष्ट किया गया है। इधर लगातार पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत देसी शराब कारोबारी की कमर को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है ताकि सिमडेगा में अवैध देशी शराब का कारोबार पूरी तरह से समाप्त हो जाए। इस संबंध में सिमडेगा एसपी सौरभ ने सिमडेगा की जनता से अनुरोध किया है कि, अवैध शराब की रोकथाम एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सिमडेगा पुलिस का सहयोग करें। अपने आस पास के लोगों को जागरूक करें और अवैध शराब बनाने और बिक्री करने से संबंधित कोई भी सूचना नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) के मोबाईल पर निश्चित रूप से दें।

### तीन दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

# छह प्रखंड के 36 टीमों ने लिया भाग, 30 को होगा फाइनल

**जीएम अजय सिंह ने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है। इसं हमेशा साथ लेकर चलना चाहिए**

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

सौदा बस्ती पारटांड़ फुटबॉल मैदान में रामगढ़ जिला खो-खो संघ के तत्वावधान में शनिवार से तीन दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन बरका-सयाल जीएम अजय कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि रामेश्वर मुंडा ने संयुक्त रूप दीप प्रज्जवलित एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि जीएम अजय सिंह ने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है। खेलों शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही, यह हमसबों को अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई की तरह वर्तमान समय में खेलों में करियर की असीम संभावनाएं है। जीएम श्री सिंह खिलाड़ियों का हौसला आफजाई करते हुए अनुशासन के तहत प्रतियोगिता में हिस्सा लेते की अपील की। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता में छह प्रखंड पतरातू, माडू, गोला, चित्रपुर, दुलमी, रामगढ़ प्रखंड की 36 टीमें शामिल हैं। इसके तहत बालक, बालिका सीनियर टीम 18 आयु वर्ग और बालक बालक, बालिका जूनियर टीम में 14 आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 30 दिसंबर को खेला जायेगा। प्रतियोगिता में अभय मुंडा, कवि मुडा, अजीत कुमार, अमीर सोहेल, रजत, सुजय कुमार, अजीत मुंडा, ज्योति विश्वकर्मा, भारती बेदिया, आनंद तिगा आदि रेफरी की भूमिका निभा रहे हैं। मौके पर मानस मुंडा, जीतराम मुंडा, रामविलास करमली, बंटी मुंडा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार, सचिव प्रकाश ओझा और कोषाध्यक्ष संजय कालिंदी सहित कवि मुंडा, अजीत कुमार, रामचंद्र महतो, गौतम कुमार, राजेश मुंडा, अरूण मुंडा, निखिल मुंडा सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

### विद्यालय परिवार ने पूर्व पीएम को दी श्रद्धांजलि

**रामगढ़।** सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रातःकालीन सभा में विद्यालय प्राचार्य सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं सहित विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने दो मिनट का मौन धारण कर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी। इससे पूर्व विद्यालय प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने बच्चों के सामने डॉ0 मनमोहन सिंह का जीवन परिचय प्रस्तुत किया. और बताया कि एक सामान्य परिवार से आने वाले मनमोहन सिंह आरबीआई के गवर्नर, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, वित्त मंत्रालय के पदों को सुशोभित करते हुए प्रधानमंत्री पद पर पहुंचे थे। वहीं विद्यालय निदेशक नरसिंह कुमार ने अपने शोक संदेश में बताया कि डॉ मनमोहन सिंह ने आर्थिक उदारीकरण, निजीकरण, वैश्वीकरण के साहसिक फैसलों के साथ देश की दशा और दिशा बदली थी। आधार, खाद्य सुरक्षा, शिक्षाधिकार, सूचनाधिकार आदि कार्यों के लिए वे हमेशा याद रखे जाएंगे।

### बिरनी में आरवाईए की बैठक संपन्न

# शहादत दिवस पर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर दिया गया जोर

**नवीन मेल संवाददाता बिरनी**

बिरनी प्रखंड में शनिवार को प्लस टू हाई स्कूल पलोंजिया के प्रांगण में राष्ट्रीय यूथ एसोएिशन इंकलाबी नौजवान सभा आरवाईए की बैठक सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय परिषद सदस्य राजेश विश्वकर्मा ने की और संचालन राज्य कमिटी सदस्य इम्तियाज अली ने की। बैठक में चुनावी समीक्षा के साथ युवाओं को आरवाईए से जोड़ने और प्रखंड की जन समस्याओं पर आवाज बुलंद करने की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक के मुख्य बिंदुः 4 जनवरी को बिरनी में होने वाली आरवाईए जिला कमिटी की बैठक की तैयारी पर चर्चा। भाकपा (माले) द्वारा चलाए जा रहे 'जोहार यात्रा' और 16 जनवरी को जननायक कॉमरेड महेंद्र सिंह के शहादत दिवस में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर। 16 जनवरी के बाद युवाओं की बड़ी गोलबंदी के साथ वनभोज के आयोजन की योजना।इस बैठक में प्रमुख रूप से प्रखंड संयोजक सीताराम पासवान, सूरजदेव तुरी, सिकंदर कुमार दास, सीताराम पंडित, सहदेव यादव, कमरुल अंसारी, विजय रजक, राजू दास, संतोष दास, राजकिशोर बैठा, संतोष राम, उपेंद्र पासवान, अइसा के रंजीत बैठा, विशेष कुमार, प्रभात कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज बॉक्स

### सरकारी शिक्षकों को ड्रेस बेचना पड़ा महंगा, हुआ विवाद

**बिरनी गिरिडीह।** बिरनी। बिरनी प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय पलौंजिया में सरकारी शिक्षकों द्वारा बच्चों को ड्रेस बेचने के मामले ने विवाद खड़ा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी विद्यालय निजी विद्यालयों की तर्ज पर किताब, ड्रेस, और अन्य सामान बेचने लगे हैं, जिससे गरीब अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इस मामले में महिलाओं ने भी विरोध जताते हुए कहा कि नौवीं से बारहवीं तक पढ़ने वाली छात्राओं को टीशर्ट और ट्राउजर पहनाकर स्कूल बुलाना भारतीय संस्कृति के खिलाफ है। उन्होंने सलवार सूट को ड्रेस कोड में शामिल करने की मांग की, ताकि यह भारतीय परंपरा के अनुरूप हो। दूसरी ओर, विद्यालय के प्राचार्य श्यामदेव राय ने स्पष्ट किया कि ड्रेस का निर्धारण विभाग की ओर से किया गया है। कुछ शिक्षकों ने बच्चों की सुविधा के लिए ड्रेस विद्यालय में उपलब्ध कराई है। हालांकि, यह मामला समाज और संस्कृति के दृष्टिकोण से विचारणीय है।

### 9वें वार्षिकोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**बरही ।** बीते नौ वर्ष पूर्व राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर चार माईल स्थित कदवा में प्रारंभ हुए स्वामी विवेकानंद अकादमी में 9वां वार्षिकोत्सव की तैयारियां जोरों पर है. कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए निदेशक रामचंद्र यादव स्वयं बच्चो की तैयारियो की निगरानी कर रहे है. निदेशक ने बताया कि प्राचार्य विरेंद्र कुमार के निर्देशन में विभिन्न वाद विवाद, नृत्य , संगीत, एकांकी आदि विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इसके लिए विद्यालय के बच्चे नियमित अभ्यास कर रहे है. इस अवसर पर कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजन सहित कई अभिभावक मौजूद होकर बच्चो का हौसलावर्द्धन करेंगे. जिसमे विजेताओं को अतिथियों के हाथो पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा.

### अवैध शराब बनाने का मामला उत्पाद विभाग ने किया उजागर

**बरही ।** पदमा ओपी अंतर्गत घियाही स्कूल के जंगल में छापेमारी करते हुए अवैध शराब बनाने के जखीरे को ध्वस्त किया है. उत्पाद निरीक्षक सुमितेश कुमार की टीम ने मौके पर से एक व्यक्ति की गिरफ्तारी किया है. जिससे पूछताछ की जा रही है. जानकारी के अनुसार इस छापेमारी में 32 लीटर देशी शराब और 3 पेटी नंबर वन शराब सहित सैकड़ों खाली बोतल, ढक्कन, लेबल आदि सहित शराब बनाने के उपकरण जब्त किए गए हैं. टीम ने सभी सामग्रियों को जब्त करते हुए शराब बनाने की भट्ठी को ध्वस्त करने का काम किया है. लोगो की माने तो केदारुत के जंगल सहित प्रखंड के विभिन्न जंगली क्षेत्रों में अवैध शराब का कारोबार जोरो पर है. इस दिशा में स्थानीय प्रशासन सहित उत्पाद विभाग को लगातार छापेमारी करने की आवश्यकता है.

### विद्यार्थियों ने एक दिवसीय शैक्षणिक सह वनभोज का उठाया लुत्फ

# शैक्षणिक भ्रमण वास्तविकता से कराता है अवगत : निदेशक

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

वेक्टर क्लासेस के सैकड़ों विद्यार्थियों ने एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सह वनभोज का लुत्फ उठाया. उक्त जानकारी देते हुए निदेशक दीपक गुप्ता ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों ने बोधगया, दशरथ मांझी, नालंदा, राजगीर, पावापुरी जैसे स्थानों का भ्रमण कर भारतीय इतिहास की करीब से देखा. इसके साथ ही विद्यार्थियों ने नैसर्गिक छटा के बीच गहलौर घाटी में सामूहिक वन भोज का आनंद उठाया. निदेशक श्री गुप्ता ने बताया कि पढ़ाई के साथ शैक्षणिक भ्रमण से वास्तविकता की जानकारी होते है. जिसे विषय आसन और रुचिकर होता है. जो विद्यार्थियों के लिया अनिवार्य है. वही वनभोज आपसी प्रेम और सौहार्द बढ़ाता है. इस कार्यक्रम में शिक्षक दामोदर शर्मा, रघुनाथ चौधरी, आर्यन गुप्ता, सदफ मेहपरा, ज्योति कुमारी व छात्र निशु कुमारी, सुप्रिया कुमारी, नीतू करण देव, माही कुमारी, कल्पना कुमारी, स्मृति कुमारी, बबीता कुमारी, पूजा कुमारी, खुशबू कुमारी, सोनू कुमार, रौनक कुमार, मनी कुमार सहित संस्थान के कई विद्यार्थी शामिल थे.

### एनटीपीसी ने 157 आंगनबाड़ी केंद्रों में किया बर्तन वितरण

# भविष्य में भी एनटीपीसी बच्चों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है : फैज

**नवीन मेल संवाददाता। बड़कागांव**

हजारीबाग जिला उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशन में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस ने अपने सामुदायिक कार्यों के तहत आज सीकरी साइड कार्यालय के सभागार भवन में बड़कागांव प्रखंड के सभी 157 आंगनवाड़ी केन्द्रों को बर्तन बांटा। इससे पूर्व भी बड़कागांव के कुल 157 आंगनवाड़ी केन्द्रों को फरवरी माह में भी बर्तन दिए गए थे । आज आंगनवाड़ी केन्द्रों को 5 लीटर का प्रेशर कुकर और थाली का सेट दिया गया। कुल 14 तरह के बर्तन केन्द्रों को दिए गए। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने आंगनबाड़ी कर्मियों के कार्य की बहुत सराहना की और यह आश्वाशन दिया कि भविष्य में भी एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के बच्चों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बड़कागांव सीडीपीओ राखी चंद्रा ने प्रतीकात्मक रूप से बर्तन स्वीकार किया और एनटीपीसी को धन्यवाद दिया । फिलहाल कुल 40 आंगनवाड़ी सेविका ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और अपने अपने कार्य क्षेत्र के अनुभवों को साझा भी किया। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी से प्राप्त ये बर्तन आंगनवाड़ी के कार्य को सुचारू रूप से करने में मददगार होगा। मौके पर इन्फ्रा के महाप्रबंधक एस के दुबे ने बच्चों को देश का भविष्य बताया, और कहा कि आंगनवाड़ी की देश की दिशा एवं दशा में बहुत बड़ी भूमिका है। एनटीपीसी के सामुदायिक विकास विभाग से जुड़े वरिष्ठ प्रबंधक कमला राम रजक ने भी यह आश्वाशन दिया कि एनटीपीसी इसी तरह से आगे बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए कार्य करते रहेगी।

### नौ महीने के बकाए वेतन भुगतान को लेकर मजदूरों ने कंपनी में जड़ा ताला

**बरही ।** जीटी रोड चौड़ीकरण कार्य कर रहे राज केसरी लिमिटेड और कौशल्य इंजीनियरिंग लिमिटेड के वर्करों ने शनिवार को कंपनी के मुख्य द्वार पर ताला जड़ कर धरना पर बैठ गए. वर्करों ने इसकी लिखित सूचना स्थानीय चौपारण थाना को देते हुए कंपनी प्रबंधन पर बीते 8-9 महीने के मजदूरी बकाए का आरोप लगाया है. आवेदन में अनुसार वर्कर भुगतान को लेकर जब भी प्रबंधन से बात करने का प्रयास किए, प्रबंधन टाल मटोल की नीति अपनाते रही. उनलोग के समक्ष भुखमरी की समस्या आन पड़ी है. मरता क्या नही करता के तर्ज पर मजबूरन कंपनी में ताला जड़ने का काम किया गया है. इस संबंध में थाना प्रभारी से उचित कारवाई करने की मांग की गई है. मजदूरी भुगतान को लेकर मजदूरों की मांग को स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने उचित बताया है. धरना स्थल पर पहुंचे विधायक ने वर्करों की समस्याओं से अवगत हुआ और हर संभव अधिकार दिलाने की बात कही. मौके पर वर्करों ने दर्जनों मजदूरों के हस्ताक्षरित ज्ञापन विधायक को सौंप उचित न्याय की मांग किया है. इस संबंध में विधायक मंगलवार को कंपनी प्रबंधन और एनएचएआई के अधिकारियों के साथ कर्मचारियों की बैठक कर उचित समाधान करने का प्रयास करेंगे. मामले के संबंध में कंपनी के प्रबंधक केके मिश्रा से बात करने का प्रयास किया गया पर कॉल रिसीव नहीं करने के कारण उनका पक्ष नही लिया जा सका है.

### पशुओं से लदे ट्रक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**डुमरी।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के एनएच-19 के खैराटुंडा पंचायत अंतर्गत बड़कीटांड़ निकट ग्रामीणों ने शनिवार की अहले सुबह 45 गोवंशीय पशुओं से लदे ट्रक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि उक्त वाहन में 45 से अधिक गोवंशीय पशु लोड है।आवश्यक जांच पड़ताल के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया ने बताया कि पूर्वाह्न करीब 4 बजे वे क्षेत्र में टहल रहे थे कि एक कंटेनर जिसकी टाइर पंचर हो जाने के कारण खड़ी थी। वाहन में पीछे से कुछ आवाज आ रही थी।संदेह होने पर हमलोगों ने देखा तो पता चला कि उक्त ट्रक में गोवंशीय पशुओं लदा था। जिसके बाद इसकी सूचना निमियाघाट थाना प्रभारी,एसडीपीओ डुमरी एवं जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी को दिया।जिप सदस्या व भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार ने पहुंच कर देखा कि वाहन गोवंशीय पशुओं से लोड है।जिसके बाद पुलिस ने पहुंच कर उक्त ट्रक को कब्जे में लेकर थाना ले गई।जिप सदस्या ने स्थानीय प्रशासन से सक्रियता बढ़ाते हुए पशुओं की तस्करी पर रोक लगाने और गो हत्या बंद कराने की मांग की है।मौके पर मुखिया भुनेश्वर साव,अरुण साव, राजेश कुमार,शम्मी कुमार आदि उपस्थित थे।

### तिसरी में कांग्रेस कमिटी ने मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**तिसरी (गिरिडीह)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन के बाद पूरे देश का माहौल गमगीन है. उनके निधन से राजनीतिक पार्टियां समेत अन्य लोग भी आहत हैं. इसी को लेकर शनिवार को तिसरी प्रखंड की कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की. कांग्रेस पार्टी के सदस्यों ने 2 मिनट का मौन धारण कर डॉ.मनमोहन सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो इम्तियाज,जिला चेयरमैन मो शमशीर आलम, प्रदेश सचिव अनू सुचित जाती मोर्चा रामेश्वर चौधरी, प्रदेश सदस्य आदिवासी कांग्रेस लारेंस गंगाराम टुडू, उपाध्यक्ष गणपत राउत धनवार विधानसभा उपाध्यक्ष करण यादव, वरिष्ठ सदस्य बदरी सिंह, नारायण यादव, सुनील छेदन आदि उपस्थित थे.

### अमित शाह ने बाबा साहेब अंबेडकर पर गलत व अभद्र भाषा का प्रयोग कर अपमानित किया है : भुवनेश्वर

**डुमरी।** झारखंड मूल निवासी परिसंघ समिति डुमरी के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को वनांचल चौक में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया।इसके पूर्व समिति से जुड़े सभी सदस्य डुमरी अनुमंडल कार्यालय परिसर में जमा हुए जहां से नारेबाजी करते हुए वनांचल चौक पहुंचे। इस दौरान सभी सदस्य अमित शाह एवं केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान के विरूद्ध नारेबाजी करते हुए स्थल पहुंचे।समिति के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर रविदास ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा हमारे आराध्य बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर गलत एवं अभद्र भाषा का प्रयोग कर अपमानित किया जिसके विरोध में समिति के सभी सदस्यों ने यह पुतला दहन कार्यक्रम किया गया।सभी सदस्यों ने गृह मंत्री से माफी मांगने की मांग की।इस दौरान परिसंघ समिति के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर रविदास प्रखंड अध्यक्ष जगदीश रजक सचिव किशोरी दास,सरजु राम मुखिया सीताराम तुरी,जितेंद्र दास पूर्व मुखिया भुनेश्वर दास पंसस नारायण दास ने निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी।

### 31 मार्च 2020 ही अंतिम तिथि है कृषि ऋण माफी योजना का मुख्य आधार

# पूर्व में टोकन कटवा चुके ऋणधारक को पुनः टोकन कटवाने की नहीं है आवश्यकता : बीटीएम

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

झारखंड कृषि ऋण माफी योजना को लेकर ऋणधारकों में अभी भी उहापोह की स्थिति बनी हुई है. एक ओर जहां ऋणधारक सरकार के दो लाख रुपए ऋण माफी योजना को लेकर लिए बेचैन है तो वही बैंकर्स अपने बकाए राशि की अधिकाधिक प्राप्ति को लेकर कैंप लगा रहे है. ऋण योजना को लेकर दोनो पक्षों के बीच संशय की स्थिति बनी हुई है. ऐसे में कुछ वैसे ऋणधारक भी एक रुपए के टोकन कटवाने के लिए परेशान हो रहे है, जो दरअसल इस योजना के पात्र नहीं है. मामले के संबंध में बीटीएम राकेश कुमार से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के लिए वैसे ऋणधारक ही योग्य है, जिनका खाता 31 मार्च 2020 तक एनपीए नहीं हुआ है. इसके अलावा कोई भी ऋणधारक दो लाख रुपए ऋण माफी का लाभ नहीं ले सकते हैं. उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में सरकार ने 50 हजार रुपए माफी की घोषणा किया था. जिसे बाद में बढ़ाकर दो लाख कर दिया गया. पर इस राशि का लाभ वैसे ऋणधारक ही लेंगे जिन्होंने प्रज्ञा केंद्र से एक रुपए का टोकन करवाया है. उन्होंने यह भी बताया कि जो लाभुक दो लाख रुपए के माफी की घोषणा के पूर्व टोकन कटवा चुके है और जिन्हें पचास हजार रुपए तक की माफी का लाभ मिल चुका है, उन्हे फिर से टोकन नही कटवाना होगा. यदि वैसे ऋणधारक का बकाया बचा हुआ होगा, तब दो लाख तक की राशि सरकार के द्वारा दी जायेगी. इस दो लाख की राशि में पूर्व में भुगतान की गई राशि में जुड़े होंगे.

### सांसद के आवासीय कार्यालय में डॉ मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**खूंटी।** खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि मिश्रा की अगुवाई में शनिवार को सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांगेस कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दो मिनट का मौन रख कर उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को नमन किया। जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि उनके जैसा प्रधानमंत्री शायद ही देश को आगे मिल पायेगा। उनके जरिये किए गए कार्य से आज देश की अर्थव्यवस्था ऊंचाई पर पहुंची है। अर्थशास्त्री होने के नाते उन्होंने हर संभव देश की अर्थव्यवस्था को खराब होने नहीं दिया, बल्कि देश की स्थिति को हमेशा प्रगतिशील रखा। आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो ने कहा कि इस महान विभूति को देश कभी भूल नहीं पायेगा। उनके जरिये दिए गए कार्य के लिए देश उनका ऋणी रहेगा। प्रदेश सहकारिता के महासचिव नाईमुदीन खान ने कहा कि कभी कभी ही ऐसी महान विभूतियों का जन्म होता है।

### सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल मेंग्रीटिंग कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

# बच्चों के गुणात्मक विकास के लिए बच्चों के बीच सक्रिय स्पर्धा जरूरी है : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोइया धमना में ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता विद्यालय के सीनियर और जूनियर वर्ग की विद्यार्थियों के बीच में आयोजित की गई थी. जिसमे विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड तैयार बनाए. प्रतियोगिता के अंत में विजेताओ की घोषणा की गई. सीनियर वर्ग में सोनल कुमारी प्रथम, चाहत प्रवीण द्वितीय व जूही ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. वही जूनियर में परी ग्रुप प्रथम, ओम ग्रुप द्वितीय और मोनिका ग्रुप तृतीय स्थान पर रही. प्राचार्य नितेश कुमार ने बताया कि बच्चों के गुणात्मक विकास के लिए बच्चों के बीच सक्रिय स्पर्धा आवश्यक है. निदेशक टुकलाल साव ने बताया कि बीते 10 वर्षो से विद्यालय बच्चो के चहुंमुखी विकास के लिए प्रयत्नशील रहा है. सलाहकार राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि विद्यालय में नियमित प्रतियोगिता आयोजित कर विद्यार्थियों को प्रतियोगी बनाने का प्रयास किया जाता रहा है. प्रतियोगिता सफल बनाने में विभा शर्मा, कल्पना कुमारी, शिबू रजक, अरुण कुमार, नरेश कुमार, सरिता कुमारी, सोनी कुमारी, संजय कुमार, सविता कुमारी, नीतू कुमारी, मनीषा कुमारी, स्वाति कुमारी आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण जिम्मेवारी निभाई.


## जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची।

### पुनःनामांकन के संबंध में आवश्यक सूचना

निदेशानुसार झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची जिला के प्रभावी बल के सभी नये एवं पुराने महिला/पुरूष गृह रक्षक, चाहे वे सीधे नामांकित हो अथवा अनुकम्पा के आधार पर, सभी गृह रक्षकों का पुनःनामांकन की कार्यवाई तालिका में अंकित तिथि को की जानी है।

उल्लेखनीय है कि झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय राँची के विभिन्न आदेश / निदेश के आलोक में गृह रक्षकों के, प्रखण्डवार रिक्ति, मुख्यालय, राँची द्वारा निदेशित विहित प्रपत्र के अनुरूप पंजी का संधारण एवं गृह रक्षकों के भौतिक सत्यापन हेतु पुनःनामांकन किया जाना अनिवार्य है। पुनःनामांकान समिति द्वारा शहरी/ग्रामीण सभी गृह रक्षकों की पुनःनामांकन की तिथि निम्न प्रकार निर्धारित की गई है :–

| क्र0 | गृह रक्षक (शहरी) | पुनःनामांकन की तिथि | पुनः नामांकन स्थल–जिला समादेष्टा कार्यालय, धुर्वा | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | षहरी पुरूषश्श सैन्य सं0–2467 से 3015 तक | 07.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 2. | षहरी पुरूषश्श सैन्य सं0–3016 से 3220 तक | 08.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 3. | षहरी पुरूषश्श सैन्य सं0–3224 से 3352 तक | 09.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 4. | षहरी पुरूषश्श सैन्य सं0–3353 से 3476 तक | 10.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 5. | षहरी पुरूषश्श सैन्य सं0–3478 से 3600 तक | 11.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 6. | षहरी पुरूषश्श सैन्य सं0–3600 से 3713 तक | 13.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 7. | शहरी महिला सैन्य सं0–783 से 1022 तक | 15.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 8. | शहरी महिला सैन्य सं0–1023 से 1145 तक | 16.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 9. | शहरी महिला सैन्य सं0–1146 से 1245 तक | 17.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 10. | शहरी महिला सैन्य सं0–1246 से 1284 तक | 18.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| | गामीण महिला एवं पुरूष गृह रक्षकों का प्रखण्डवार सूची :– | | | |
| 1. | ईटकी, बेड़ो एवं बुढ़मू प्रखण्ड | 20.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 2. | अनगड़ा एवं चान्हों प्रखण्ड | 21.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 3. | काँके एवं ओरमांझी प्रखण्ड | 22.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 4. | तमाड़, नामकोम एवं रातु प्रखण्ड | 24.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 5. | बुण्डु, राहे, सिल्ली एवं सोनाहातु प्रखण्ड | 25.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 6. | माण्डर प्रखण्ड | 27.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 7. | लापुंग प्रखण्ड | 28.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |

उपर्युक्त तालिका में अंकित सभी ग्रामीण एवं शहरी, महिला व पुरूष गृह रक्षक, जो विभिन्न कार्यालयों, आवासीय कार्यालयों, मंत्रालय, विधि–व्यवस्था डियुटी, निदेशालय, सचिवालय, संस्थानों आदि में कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त एवं निजी कारण से घर पर बैठे सभी गृह रक्षक, पुनःनामांकन समिति द्वारा निर्धारित तिथि को ससमय निम्नांकित दस्तावेज के साथ भौतिक रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। यदि आप निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित नहीं होने पर आप पुनःनामांकन प्रक्रिया से वंचित रह जायेगें और आपको प्रभावित बल की सूची से बाहर कर दिया जायेगा, अर्थात् पुनःनामांकन (बॉण्ड) नहीं भरने की स्थिति में आप गृह रक्षक नहीं माने जायेगें साथ ही आपके आवेदन पर पुनः विचार नहीं किया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होगें :–

1. 02 (दो) न्यू पासपोर्ट साईज कलर फोटो (वर्दी सहित)।
2. गृह रक्षक होने का प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
3. शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, जिसमें जन्म–तिथि अंकित हो, की छायाप्रति।
4. आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र (वोटर कार्ड) की छायाप्रति।
5. आवासीय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
6. पिछले दो कैलेण्डर वर्ष, अर्थात् वर्ष–2023 एवं 2024 में किये गये डियुटी की कमान की अलग–अलग छायाप्रति।

**नोटः**–सभी गृह रक्षकों को निदेशित किया जाता है कि उपरोक्त सभी दस्तावेजों के सत्यापन हेतु मूल प्रमाण–पत्र निर्धारित तिथि को साथ में लायेगें। साथ ही निर्धारित तिथि को जिन–जिन गृह रक्षकों का पुनःनामांकन किया जाना है, केवल वही गृह रक्षक पूर्ण वर्दी में कार्यालय में उपस्थित होगें, अनावश्यक रूप से कोई भी गृह रक्षक कार्यालय में प्रवेश नहीं करेगें। पूर्ण वर्दी में उपस्थित नहीं होने पर आपके पुनःनामांकन पर कोई पुनः विचार नहीं किया जायेगा।

**जिला समादेष्टा**
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,
राँची।

PR 343080 (Police) 24-25 (D)

## रामनगर : बनारस के साए तले

वाराणसी में रहते हुए रामनगर की स्मृति भी ताजा हुई। वास्तव में इससे पूर्व मैं रामनगर...जी हाँ, हमारे पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी के रामनगर में ही एक वैवाहिक समारोह में आई थी। वहाँ से विशाल गंगा के पीपा पुल को पारकर बनारस आना हुआ था...मात्र एक दिन के लिए। रामनगर में लाल बहादुर शास्त्री जी का पुश्तैनी पाएदार, लंबे बरामदेवाले खपरैल का मकान देखकर अभिभूत थी। उस जमाने के अन्य घरों की तरह ही वह आम घर था। फिर राजा का महल, जो संग्रहालय में ढल चुका था, देखा था। संग्रहालय में राजा-रानी, राजकुमारों की राजसी पोशाकें, सिंहासन, जिरह-बख्तर, छत्र, विविध प्रकार के हथियार और हाथी का विशाल हौदा आदि देखकर बहुत चकित हुई थी। उस समय किसी भी संग्रहालय को देखने का पहला अवसर जो था। बीत गए समय के एकांश को वर्तमान में जिलाए रखने की कवायद। सब कुछ देखने के बाद हम महल के पीछे तक गए थे। पीछे नजर आया था, बड़ा सा कुंड, कुंड तक उतरती रनिवास की चौड़ी सीढ़ियाँ। कुछेक लोग सीढ़ियों पर उतरते हुए भी दिखाई दिए थे। बताया गया, इन्हीं सीढ़ियों से रानी-राजकुमारियाँ स्नान के लिए आती थीं। अब न राजा के वे ठाठ रहे, न राजसी वस्त्र में सजी राजमहल की महिलाएँ, न कुंड में स्नान की आवश्यकता। हाँ, अब भी उनके कपड़े वगैरह धुलते हैं यहाँ। किसी ने बताया था, लेकिन अब भी वहाँ काशी नरेश के वशंज अनंत नारायण सिंह रहते हैं। हाथी पर या गाड़ी में नरेश जब निकलते हैं, डंका बजाया जाता है।'पूरी जनता भर रास्ते आनंदातिरेक में डूब राजा की अभ्यर्थना में खड़े होकर पुकार उठती है,

अनिता रश्मि

**हर-हर गंगे !...हर-हर गंगे !**

रामनगर में दशहरे में जगह-जगह रामलीला होती थी। उसके लिए जगह-जगह मैदान के आगोश में चबुतरे बने हुए थे। जिधर से निकली, अनेक रामलीला स्थल देखे। वाराणसी के नागरिक महाराज को अब भी आदर और प्यार देते हैं, ऐसा अस्सी घाट पर एक चायवाले से बात करते वक्त महसूस भी हुआ। उसकी श्रद्धा उसकी बातों से छलक रही थी। कमोबेस यह हालत वहाँ के हर नागरिक की है। अभी भी पीपा पुल देखने और रामनगर जाकर शास्त्री जी के घर का दर्शन करने की इच्छा पुनः बलवती। लेकिन साध पूरी नहीं हो सकी। कोरोना काल में ज्यादा घूमना उचित न था। अभी-अभी तो जानलेवा बीमारी की की दहशत कम हुई थी। गंगा वही थी पर पीपा पुल अब आधुनिक पुल में बदलकर रामनगर और वाराणसी को जोड़ रहा था। पर मेरे जेहन में दोनों को जोड़नेवाला वही पुराना पीपा पुल कैद था।

## मेरी ललिया

उम्र का सबसे सुंदर पड़ाव जहाँ से जीवन यात्रा शुरू होती है, वह शायद ही किसी के जेहन से निकलता है। बचपन दुःख में बीते या सुख में, इसकी एक अमिट छाप होती है। बात अगर बचपन के किसी दोस्त के साथ की हो,तब तो क्या कहने ! थर्मल पावर परियोजना की एक कॉलोनी में मेरा बचपन बीता। पहाड़ियों से घिरा बेहद रमणीक स्थान। यह जगह बहुत छोटी थी इसलिए ज्यादातर लोग परिचित थे। प्राइमरी स्कूल में हम पाँच सहेलियाँ बहुत अच्छे दोस्त थे। आज भी उनसे सम्पर्क बने हुए हैं। यूँ तो सभी पढ़ाई में अच्छे थे,केवल एक को छोड़ कर। लालिमा , छोटे कद की, साधारण नाक - नक़्श वाली एक मितभाषी लड़की थी। हम दोनों साथ बैठते थे। मैं

डॉ. कविता विकास

कक्षा में जो भी लिखती,उसे वह उतार लिया करती थी। छोटे - छोटे, अलग - अलग अक्षर होते थे। अनेक बार मैं छिपाने का कोशिश करती लेकिन वह मेरा हाथ हटाकर देख लेती और उतार लेती। मैंने घर में अपनी माँ को यह बात बतायी । माँ ने कहा, " सब की दिमागी हालत एक - सी नहीं होती है। हो सकता है पढ़ाई उसके पल्ले न पड़ती हो। उसे यथासम्भव मदद करना। उससे तुम्हारा कुछ नहीं जाएगा ,लेकिन किसी के ऊपर उपकार हो जाएगा। " माँ की यह बात मैंने ऐसी गाँठ बांधी कि कई दफा उसके गृहकार्य भी स्कूल में ही मैं बना दिया करती। इससे वह बहुत खुश होती। पहले कभी - कभार ही वह खेलने निकलती,पर अब अक्सर आने लगी। कोई मेरे बारे में कुछ कह दे तो वह लड़ जाती। स्कूल के नियमानुसार पाँचवीं - छठी कक्षा तक तो किसी को फेल करना भी नहीं था इसलिए जैसे - तैसे वह पास होती गयी। मैं प्यार से उसे 'ललिया' कहती और वह मुझ 'मिनवा'।

इस दौरान मैंने पाया उसे खाना बनाने में बहुत मन लगता था। 10-11 साल की उम्र से ही वह अपने बनाए हुए टिफ़िन लेकर स्कूल आती और हम सब मजा लेकर उसके टिफ़िन खाते,बदले में उसे अपनी - अपनी टिफ़िन खिला देते। पाँचवीं के बाद मेरे पापा के ट्रान्स्फर की बात चलने लगी। स्कूल में सभी को पता चल गया कि अगले सेशन में मैं स्कूल छोड़ दूँगी। लालिमा अचानक से उदास रहने लगी। एक दिन उसने मुझसे कहा, "तू थी तो मैं पास हो जाती थी,अब शायद मैं आगे पढ़ भी न पाऊँ। तूने मेरे लिए बहुत किया है, मैं तेरे बिना कैसे रह पाऊँगी। बाकी सहेलियाँ तो मेरे कद - काठी का भी मजाक बनाते हैं, मुझे बुद्धू कहते हैं।" उस उम्र में हम अपना अपमान नहीं समझ पाते थे। अब याद आता है तो लगता है,लालिमा का अपमान तो स्कूल क्या, उसके घर पर भी होता था। उसके मौन रहने का शायद यही कारण रहा होगा। मैंने उससे कहा, " तू किसी की बात पर ध्यान न देना। दसवीं तक तेरा प्रोमोशन तो हो जाएगा लेकिन बोर्ड परीक्षा के लिए मेहनत करनी होगी। तू महत्त्वपूर्ण प्रश्नों को केवल पढ़ना। पास हो जाएगी।" उस समय मोबाइल का जमाना तो था नहीं। हमलोग पटना आ गए। लालिमा का साथ छूट गया। अपने विद्यालयीय जीवन के बाद, कॉलेज और फिर शिक्षिका की नौकरी, कहीं भी कोई ऐसा मंद विद्यार्थी मिलता तो लालिमा की याद आ जाती। 'तारे जमीं पर' देख कर समझ में आया था कि हो न हो लालिमा भी डिसलेक्सिया की ही मरीज तो नहीं थी जो उस समय पता नहीं चला था। सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ने लगी तो पुराने फ्रेंड्ज भी मिले, लेकिन लालिमा नहीं मिली। किसी प्रोग्राम में जब मैंने अपने बचपन के स्थान पतरातु की चर्चा की तब एक लड़की, जो दर्शक दीर्घा में बैठी थी,ने बताया कि उसकी मौसेरी बहन भी वहीं रहती थी और उसका नाम लालिमा था। मैं इस तरह से लालिमा के बारे में जानूँगी यह तो सपने में भी नहीं सोचा था। मैंने उसे जिसका नाम बिन्नी था उसे अपनी दोस्ती, अपने प्यार के बारे में बताया। उसने बताया कि लालिमा की शादी हो गयी है, और उसने इंटर पास कर ली थी। मैंने उसका नम्बर लिया। बहुत कोशिश की उससे बात करने की, पर उसने फोन नहीं उठाया। फिर मैंने बिन्नी को फोन लगाया। उसने कहा, "लालिमा दी किसी का फोन नहीं उठाती है। लेकिन मैं आपको उनसे अभी वाहट्स ऐप पर जोड़ती हूँ। " बिन्नी ने ऐसा ही किया। मैंने उसे देखते ही कहा, "लालिमा,कैसी हो?" उसने कोई जवाब नहीं दिया। आँखें भी झुकीं हुईं थीं। उम्र के पैंतालिसवें पायदान पर भी वो बच्ची की तरह लग रही थी। बस गाल भर गए थे और भर माँग सिंदूर थे। मैंने फिर कहा, 'ललिया, ऐ ललिया, कुछ बोल।' उसने देखा, और बड़े प्यार से कहा,' मिनवा।' फिर हम दोनों रोते रहे। हमें बात करने की स्थिति में न देख कर बिन्नी ने फोन काट दिया। बाद में मेरे नम्बर पर उसकी बेटी ने अपना नम्बर दिया। उसने बताया, "माँ ज्यादा नहीं बोल पाती है। लेकिन उसने कभी बताया था कि आप उनकी सच्ची सहेली थीं। वह काम चलने भर पढ़ -लिख लेती हैं। हमलोग उनका बहुत केयर करते हैं और वह भी घर के कामों में लगी रहतीं हैं। उन्होंने घर को सुंदर से सजाया है और नए-नए व्यंजन बना कर सबकी वाहवाही लूटती रहतीं हैं। किसी से अपनी तारीफ सुनकर खुश हो जाती हैं।" मैंने बिटिया को सलाह दी," तुम ललिया के डिशेज को यू ट्यूब पर शेयर करो और धीरे-धीरे इस तकनीक को सीख कर माँ को इसमें व्यस्त करो। उनकी ओर से तुम अपनी आवाज देना।" बेटी ने ऐसा ही किया, वह तो स्वयं कम्प्यूटर इंजीनियर थी। धीरे-धीरे अपनी घर- गृहस्थी में हम सब व्यस्त हो गए। वर्षों तक सम्पर्क नहीं हुआ।

नौकरी से अवकाश का समय भी नजदीक आ रहा था। एक दिन पोस्टमैन ने एक लिफाफा दिया, पता हिंदी में लिखा हुआ था। लिखावट भी पहचानी - सी लगी। छोटे-छोटे, अलग-अलग अक्षरों को जोड़कर बनाए हुए शब्द। अंदर एक गुलाबी रंग के पन्ने पर लिखा था," मेरी मिनवा, खूब लिखो, तुम्हें खूब यश मिले। फेसबूक में देखकर तुम्हारी छपी हुई रचनाओं वाली पत्रिका बेटी हमेशा लाती है। मुझे पढ़कर सुनाती है और मैं तुम्हारी तस्वीर उसके बच्चों को दिखा कर कहती हूँ, 'ये नानी है-कविता नानी। वहीं से तुम्हारा पता भी मिला। मैं तो तुम्हें कभी नहीं भूलूँगी। तुमने तो जीना सिखाया है।

शेफ लालिमा

**यू ट्यूबर : मेरी ललिया**

यह पत्र अभी भी मेरे पास है। अक्षर अब धुँधले हो गए हैं। आखिर आँसुओं की बूँदों को यह पत्र भी कितना सहता ! मेरी सखी तुम प्रसन्न रहना, यह दुआ है ईश्वर से। यह सच है,भगवान एक राह बंद करता है तो अनेक राहें खोल भी देता है। मेरा भोगा हुआ यह सत्य है और लालिमा बहुतों के लिए आज प्रेरक बन गयी है।

## गृहप्रवेश

रश्मि सिंह

गजब की रौनक लगी थी। सोनल भारी बनारसी साड़ी और लकदक मेकअप में दुल्हन सी लग रही थी, ये बात और है कि लीपापोती के बाद भी उम्र तो चुगली कर ही दे रही थी। शर्मा जी(सोनल के पति) को भी उसने शेरवानी पहना कर ही दम लिया था। आखिर उसकी स्टेटस, उसके क्लास का सवाल था। बेटे बेटी भी आधुनिक परिधानों में लैस.....यानि कुल मिलाकर एक हाई प्रोफाइल पार्टी दी थी सोनल ने अपने गृहप्रवेश में। शानदार ड्यूप्लेक्स जगमगा रहा था। एक एक सामान कीमती लगवाया था स्वयं सोनल ने अपनी पसंद का। अब उसे लगने लगा था कि अपने मायके और हाई क्लास दोस्तों को वह कॉम्पिटिशन दे सकती है। खैर पूरे विधि-विधान से गृहप्रवेश की पूजा सम्पन्न हुई। सबने उसकी और उसके घर की खूब तारीफ की। शर्मा जी को भी सब बधाई दे रहे थे, जिसका जवाब वह मुस्कराकर दे रहे थे पर मन बहुत बेचैन था। पिता की छवि बार बार आंखों में आती, जिन्होंने मरते हुए इकलौते बेटे से वचन लिया था....बेटा अपनी मां का और मां समान इस पुरखों की हवेली का हरदम मान बनाए रखना। इसकी हर ईंट में हमारे खानदान के संघर्ष की कहानी है। बेटा तेरी मां की जान बसती है इसमें, इसी में गृहप्रवेश किया था तब से इसकी जान इसी में बसती है। बेशक इसकी रौनक न रही,पर ये मान है हमारी। यहां हमें और तेरी माँ को सुकून मिलता है बेटा। इसे सम्भालना। हम दोनों के जाने के बाद इसे गांववालों के लिए स्कूल बना दिया जाय, यही मेरी इच्छा है।

शमार्जी ने चुपके से अपनी नम आंखें पोंछ ली। खुद से ही वितृष्णा हो रही थी उन्हें। पत्नी की मनमानी पूरी करते करते कितना गिर गये। वह पिता को दिया वचन मां के जीते जी तोड़ दिया। अपनी पत्नी संग गृहप्रवेश तो किया पर बूढ़ी मां को बेघर करके। उसका घर उसके जीते जी उसे बताए बिना बेचकर....मां सामने कुरसी पर बैठे गर्व से बेटे को निहार रही थी, उसकी उपलब्धि पर रश्क कर रही थी।

## जिंदगी आस में

ज़िंदगी आस में हम बिताते रहे,
ख्वाहिशों को लिए राह ताके रहे।
कुछ भी बदला नहीं वक्त इंसान ही,
आसरा हम लिए रोज घुटते रहे।
ओढ़ चोला शराफत का खामोश हो,
खुद को साबित जमाने में करते रहे।
बुजदिली की हदें पार सब ने किया,
हम यहाँ बेशबब चोट खाते रहे।
काट लोहे की लोहा ही होता यहाँ,
बदसलूकी में खामोश कैसे रहे।
अब न रखते किसी से कभी आसरा,
बस खुदाया मेरा हाथ थामे रहे।
लोग पाते वही जो वो देते 'अना',
रख गुमाँ रब खुदी को समझते रहे।

अनामिका मिश्रा

## जीवन तिरंगा

खुशबू बरनवाल 'सीपी'

भारत माता की जय। समिति अध्यक्ष ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान सभी के साथ गाएँ। सभी के अनुरोध पर उन्होंने समिति सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा- तिरंगे के रंग और जीवन के रंग में बहुत हीं समानता है। तिरंगा में केसरिया रंग शक्ति और शौर्य का प्रतीक है। उसी तरह जब मुसीबतों का पहाड़ जीवन में टूट पड़ता है तो अपने अंदर की शक्ति को जागृत कर जीवन के इस साहसी केसरिया रंग के संग प्रत्येक समस्याओं का हल निकालने के लिए योद्धा बनना पड़ता है।.... तिरंगा का सफेद रंग शांति का प्रतीक है। उसी तरह जीवन जब शांति के साथ समतल सतह में आगे बढ़ता है और कोई उतार-चढ़ाव नहीं आता है। दैनिक कार्यों में परिवर्तन नहीं होता है। वह जीवन का शांत सफेद रंग है।... जिस तरह हरा रंग हरियाली और खुशहाली का प्रतीक है, जीवन में जब संपन्नता और प्रसन्नता होती है तो चारों ओर खुशियों का त्योहार मनाया जाता है। मन उल्लासित रहता है और नीरसता का नामोनिशान नहीं होता। और चक्र का रंग...? आयोजन में उपस्थित एक सदस्य ने पूछा। अध्यक्ष हँसते हुए बोलें, नीले रंग का चक्र आकाश, महासागर और सत्य को दशार्ता है। जीवन क्षण आकाश और महासागर की तरह अनंत है और मृत्यु अटल सत्य। अच्छे विचारों कार्यों और कर्तव्यनिष्ठ होकर हीं हम मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। तभी ओजपूर्ण भाषण केसरिया रंग को, कई वादों की हरियाली दिखाकर हरे रंग को, जीत जाने के पश्चात कर्तव्य के प्रति उनकी सुकून विमुखता सफेद रंग को और पूरी प्रक्रिया के जाल चक्र में फँसने के लिए तर्जनी में नीले रंग की स्याही की उपेक्षा कर जीवन को रंगहीन बना देते हैं। कई दुष्ट और भ्रष्ट नेता ! इन पंक्तियों के तेज स्वर को सुनकर सभी स्तब्ध रह गएँ और सभी की दृष्टि उस सांवली सूरत परंतु आत्मविश्वास से भरी हुई लगभग अट्ठारह वर्ष की किशोरी की ओर ठहर गई।

गीत

## अलाव

पुष्पा पाण्डेय

हार गया ऊनी अम्बर अब,
थर-थर काँपे आँत।
जब चलती है हवा हिमानी,
किट- किट करता दाँत।।
तब अलाव ही रक्षक लगता,
मिलता बहुत सुकून।
रही 'बोरसी' दादी की जो, आज उसे ही गून।
होती गर्म जब द्वय हथेली,
गरमाता है गात।
जब चलती है हवा हिमानी,
किट- किट करता दाँत।।
बैठक होती नर- नारी की, घेरे रहे अलाव।
कई तरह की बातें होती, नहीं रहा भटकाव।
गर्म लहू जब दौड़ पड़े तब,
यौवन देता मात।
जब चलती है हवा हिमानी,
किट- किट करता दाँत।।
जो नभ के हैं नीचे रहते, खूब सताती शीत।
है अलाव तब प्राण दायिनी,
सबसे प्यारा मीत।
अग्नि देव को नमन करे सब,
कट जाती है रात।
जब चलती है हवा हिमानी,
किट- किट करता दाँत।।
हार गया ऊनी अम्बर अब, थर-थर काँपे आँत।
जब चलती है हवा हिमानी,
किट- किट करता दाँत।।

## हौसला

गीता सिन्हा गीतांजलि

विशालाक्षी लाल बनारसी साड़ी और दुल्हन के जेवरातों से लदी फंदी थी। जब दूल्हे के साथ गाड़ी में बैठी तो उसका सारा साहस न जाने क्यों जवाब दे रहा था? रोती बिलखती माँ, दादी माँ, बाबूजी, छोटा भाई रोशन सब के सब आंसुओं के बीच दिखाई पड़ रहे थे। चचेरी बहनों में उमा, रमा, शारदा ऐसी मूर्तियां बन गई थी जिसे देखना भी पता नहीं भविष्य में नसीब होगा कि नहीं?

आँखों में सबकी तस्वीरें लिए वह सिसक रही थी। दूल्हा अपनी मोर मुकुट उतारकर अपनी दुल्हन की ओर देखा। कुछ बोलना चाह रहा था.... क्यों रो रही हो? हम हैं न तेरे साथ। इस बोल से भी विशालाक्षी को जरा भी धैर्य नहीं आया। उसे दादी माँ के आंचल की याद आई। वे शब्द जो मेहंदी, कंगन वाले हाथ पकड़ कर बोली थी .... 'हौसला' रख बेटी..... फिर फुसफुसाहट..... आवाजें कुछ भी सुनाई ना पड़ी.....

विशालाक्षी के कानों में विदाई के समय की आवाजें गूंज रही थी वो आवाजें..... हाँ, 'हौसला' ही तो रखना है..... ये जो जीवन साथी बन मुझे लिए जा रहा है, न जाने कब अपना रुख बदल ले। सासू माँ जिसे सिर्फ एक बार मैं देखी हूँ, न जाने मेरे किस काम में कमी निकाल दे..... ससुर जी न जाने कम दहेज के लिए ताने मार दें.... ननदें कब माँ से मेरे काम में मीन - मेख निकाल शिकायत कर दे..... दादी माँ ने ठीक ही कहा है..... 'हौसला' रख..... लेकिन यही तो मैं रख नहीं पा रही हूँ..... मायका छूटा, अब वह ससुराल में कदम रखने वाली थी।

काव्य कोना

## दुर्योधन और कालचक्र

अवसर की पहचान उसे खूब थी
किन्तु राजपुत्र होने का अभिमान
कहीं और भी अधिक था
होता भी न क्यों कर उसे
द्रोण सरीखे गुरु थे उसके
देवव्रत (भीष्म) थे संरक्षक
वचनबध्दता उनकी कमजोरी,
अहंकार का खेल होना ही था
अंधभक्तों के बीच था बैठा।
यज्ञशाला में कौरव-पांडू पुत्रों
की धूम मची थी जौहर दिखलाने
की होड़ मची थी चमकते कवच-
कुंडल सुशोभित युवक
अनायास आया
अपने युद्ध कौशल के प्रदर्शन
की इच्छा दिखलाया
दर्शक दीर्घा में हुई कुन्ती मुर्छित
द्रोण हुए सबसे आशंकित
ज्येष्ठ कुरु ने भांप लिया
अपनत्व से वासुसेन को बाँध लिया।
अवसर की पहचान उसे खूब थी
पर हाय रे, अंत में काल ने
अपना रंग दिखलाया
केशव का सामायिक परामर्श
ठुकराया आगे केशव ने
पार्थ के सारथी होने का
निर्णय सुनाया युद्ध के पहले
युद्ध ने निर्णय सुनाया दुर्योधन
को अपने पराजय का
आभास कराया
कालचक्र ने अपना महत्व
समझाया।

नाग मणि

## पिता बिन मायका

रेवती के मायके में सभी साथ मिलकर रहते थे। पिता को भी अपने बेटों पर नाज था। मुहल्ले के लोगों में भी उसके परिवार की चर्चा होती। सभी की नजरों में उनका परिवार एक आदर्श परिवार के रूप में स्थापित था। पर अंदर की बात कुछ और ही थी। वही जो अमूमन और घरो में होता था वो सब यहाँ भी होता। मानो सब पिता के डर से साथ रह रहे हों। वैसे रसोई सब की साथ ही बनती, पर अगर किसी को कुछ अच्छा खाने का मन किया तो वे लोग बाहर से मंगवा कर अपने कमरे में छुपाकर खा लेंते। भाभियाँ भी मिठाई और फल अपने अपने कमरें में ही रखा करतीं। पिता ये सब देखकर भी परिवार की शान्ति के लिए चुप रहते ।उन्होंने नोटिस किया था कि, उनके रिटायरमेंट के बाद बहुएँ ज्यादा हावी थी पतियों पर। उस समय रेवती अपने मायके आई हुई थी। उसके पिता एक रात कभी ना उठने के लिए सो गये थे। उनके इस तरह अचानक जाने के बाद वह माँ के पास ज्यादा से ज्यादा समय बिताने की कोशिश करती। बच्चों की जब भी छुट्टियाँ होतीं वह माँ के पास चली आती थी। उसने प्रायः नोटिस किया था दोनों भाई भी माँ के प्रति थोड़े लापरवाह हो गये हैं। इसका फायदा उन सब की पत्नियाँ भी उठातीं। सास को दो टाईम का खाना देकर अपने कर्तव्य से इतिश्री कर लेंतीं। बेचारी बूढ़ी अपने कमरे में पड़ी रहतीं। पति के जाने के बाद उनका खुद का घर ही उन्हें अपरिचित सा लगता। पोते पोतियाँ भी दादी से दूरी बनाकर रखते। उस दिन रात में सोने के समय रेवती का पाँच वर्षीय बेटा अचानक बोलने लगा, माँ हम लोग अपने घर कब जायेंगे। जल्दी ही, पर तुम ऐसा क्यों पूछ रहे हो। मम्मी जब बुआ आती हैं तो तुम कितना खुश हो जाती हो। रोज नये नये पकवान बना कर उन सबको खिलाती हो। पापा जो कुछ भी लाते हैं वो उसे डाइनिंग टेबल पर ही रख देते हैं। जिसको जितना खाना होता है वो खुद से लेकर खा लेता है। मैने कभी भी तुम्हें अपने कमरें में उन सब से कुछ भी छुपाकर रखते नहीं देखा। फिर ये मामी जी लोग मिठाई और फल अपने कमरे में क्यों रखती हैं माँ। आज खेलने के लिए नयन भैया को बुलाने गया तो वहाँ मैने नयन और विकास भैया को छुपकर कमरें में मिठाई खाते हुए देखा। वे लोग वहाँ किससे छुपकर खा रहे थे माँ।

बच्चे के मुख से ये सब सुन रेवती की आँखों में आसूँ आ गयें। वह सोचने लगी कि, आज अगर उसके पिता जिंदा होते तब भी क्या भाई और भाभियाँ उसके बच्चों के साथ ऐसा ही व्यवहार करतें।

## आजादी की कविता

मनीषा सहाय 'सुमन'

एक उड़ता पक्षी उँचे गगन में
उड़ता छूने को आसमान!
खोल हवा में पंखो को
फड़फड़ाते दूर निकल जाता
भरने आकाश का खालीपन!
पिंजड़े में बैठा पंक्षी!
सलाखों की ओट से, चुपचाप
एकटक आँखों से, निहारता
अंतहीन ये गगन,
कह नही पाए वेदन अपनी!
भूल चूका है आकाश का स्पर्श!
क्योंकि! बाँध दिये गये उसके पैर!!
कतर कर उसके सुंदर पंख!
रोक दी गई है, उसकी उड़ान,
बेड़ियों के बंधन में जकड़कर!
सुख, सुरक्षा की बेरहम जंजीरों में!
जकड़ा आज छटपटा रहा है
देख उँचे आकाश में
उड़ते स्वछंद नभचर को
और पिजड़े से ही दर्द भरी
आवाज में गाता है वह,
आजादी के कुछ नये गीत ,
अब चाहता है!
संघर्ष से भरे कुछ लम्हें,
स्वछंद भरना को तैयार एक
उड़ान, जो दे उसे जिंदगी की नई पहचान!
आजादी! आजादी! आजादी!
केवल पिजड़े से नही,
बल्कि मानसिक गुलामी से!
हर सलाख को तोड़ने की
आजादी!
इसलिये गा रहा पिजड़े से
गीत आजादी के!
तोड़ दे अब हर बंधन
बना एक नई पहचान
लिख आजादी की एक कविता!
जो सदियों तक रचे इतिहास!

**रचना भेजिए**

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

**आज का दोहा**

खुली खिडकियां बंद कर, बैठा है वह कौन।
पंडित जन हैरान हैं, संविधान भी मौन।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## खास्ता नाश्ता

सविता गुप्ता

भारतीय नाश्ता यानी अपना त्रिकोणीय ऊँची नाक वाला, भरा पुरा नमकीन गरमा गरम खास्ता समोसा। सुनते ही मुँह में पानी आ गया ना! नाम सुनते ही जी मचलने लगता है और खाने की ललक जाग जाती है। खुशबू ऐसी की भूख जगा दे। सच में मन करता है कि इसको इजाद करने वाले को सौ तोपों की सलामी दें। हर कोई चाहे पैसे वाला हो या कम पैसे वाला सबकी पहली पसंद अपना समोसा सस्ता, सुलभ,और स्वाद के तो क्या कहने...चाय के संग तो इसकी जोड़ी मानो ये इक दूजे के लिए ही बने हों। किसी से भी या जब भी पूछो समोसा हो जाए? मजाल है कोई ना कर दे। घर पर कोई मेहमान आ रहा हो तो कौन झंझट पाले नाश्ता बनाने का तुरंत दौड़ा दिया पास के नुक्कड़ पर झट पट आ गया गर्मी गर्म समोसा। मेहमान भी खुश, पूछ बैठेंगे कहाँ से मंगाया? बहुत अच्छा है। हम भी खुश चलो मेहमान को नाश्ता पसंद आया। हर छोटी मोटी पार्टी चाहें किटी पार्टी, बर्थडे, प्रमोशन, परीक्षा पास, या यार दोस्तों संग तफरी करना हो सबसे पहले समोसे की ही याद आती है। ये जनाब हर पार्टी में शान से प्लेट में मुस्कुराते पाए जाते हैं। इमली, धनिया, पुदीने की चटनी का भी इनके संग खूब भाव बढ़ जाता है।

कम कमाने वाला भी इसे खाकर तृप्त हो जाता है। जनाब हर दो कदम पर गर्मागर्म छनते

हुए दिख भी जातें है मात्र पाँच से दस रुपए में आसानी से उपलब्ध। ठंड और बारिश के दिनों में तो इनकी इतनी पूछ होती है कि बस पूछो मत। भारत में तो समोसा प्रसिद्ध है ही विदेशों में भी जनाब बड़े शौक से खाए जाते हैं। क्रेडिट भारतीयों को ही जाता है जो जहाँ भी जाएँ इनके बिना रह नहीं पाते। हम भारतीय इनके स्वाद के इतने दीवाने हैं कि विश्व के हर कोने में समोसे को पहुँचा दिया है। वो अलग बात है इनका भाव विदेशों में आसमान छूता हैं। स्पेशल समोसा के तो क्या ही कहने थोड़ा पनीर, मटर, मूँगफली, किशमिश समोसे में डाल दिया और जनाब के नाम के आगे शाही जुड़ गया। चाइनीज फ़्लेवर वाले समोसे और समोसा चाट के चटकारे का आनंद ही कुछ और है। क्यों आप भी मानते हैं ना खास्ता नाश्ता समोसा हर नाश्ते पर भारी।

*-संयोजन : नरेश अग्रवाल*

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ में पहली बार होगा ड्रोन शो यूपी टूरिज्म की बड़ी तैयारी

**महाकुंभ नगर।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का आयोजन होने जा रहा है। इसके लिए तैयारियां काफी तेज गति से हो रही है। इसी क्रम में यूपी टूरिज्म विभाग महाकुंभ में पहली बार ड्रोन शो करवाने जा रहा है। महाकुंभ मेला क्षेत्र में संगम नोज पर यह अद्भुत नजारा श्रद्धालुओं को शाम के समय आकाश में देखने को मिलेगा। महाकुंभ का आयोजन प्रत्येक बारह वर्ष पर होता है। इस साल महाकुंभ 13 जनवरी से प्रारंभ होकर 26 फरवरी तक चलेगा। महाकुंभ को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं। यूपी टूरिज्म विभाग महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को नए अनुभव देने का प्रयास कर रहा है। महाकुंभ में यूपी टूरिज्म जहां एक ओर फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, वाटर एक्टिविटी, हॉट एयर बैलून, लेजर लाइट शो जैसी गतिविधियां करवा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर महाकुम्भ में पहली बार ड्रोन शो का भी आयोजन होने जा रहा है। इस संबंध में जिला पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने कहा कि महाकुंभ की शुरुआत और समापन के समय संगम नोज पर ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह महाकुंभ के यात्रियों और प्रयागराज वासियों के लिए एक नया और अनोखा अनुभव होगा। लगभग 2000 लाइटिंग ड्रोन प्रयाग महात्म्य और महाकुंभ की पौराणिक कथाओं का प्रदर्शन करेंगे।

इसमें समुद्र मंथन और अमृत कलश निकलने के दृश्य का प्रदर्शन होगा। साथ ही प्रयाग के धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व को भी दर्शाया जाएगा। महाकुंभ 2025 कई मायनों में अनोखा और अनूठा साबित होने जा रहा है। इस दिशा में यूपी टूरिज्म नये-नये प्रयोग कर रहा है। जनवरी के पहले सप्ताह से काली घाट, यमुना की लहरों पर म्यूजिकल फाउंटेन लेजर शो शुरू होने जा रहा है। जो प्रयागराज आने वाले पर्यटकों के लिए एक अनोखा अनुभव होगा। साथ ही महाकुंभ के दौरान लाइटिंग ड्रोन शो भी पर्यटकों और प्रयागराज वासियों के लिए विशिष्ट अनुभव होगा। इसमें लगभग 2000 लाइटनिंग ड्रोन आपस में सिंक्रोनाइज होकर संगम नोज के आकाश पर अद्भुत दृश्य और रंग बिखेरेंगे। ये सभी रंग और दृश्य धार्मिक और आध्यात्मिक भाव के होंगे। ज्ञात हो कि महाकुंभ की परिकल्पना को साकार करते हुए प्रयागराज में मंदिरों, गंगा जी के घाट, पार्क से लेकर सड़कों, फ्लाई ओवरों का निर्माण और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

## भाजपा बंद करना चाहती है दिल्ली वालों की सुविधाएं : केजरीवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार द्वारा महिलाओं को 2,100 रुपये प्रतिमाह दिए जाने और बुजुर्गों का निःशुल्क इलाज कराए जाने जैसी योजनाओं को भाजपा रोकना चाहती है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इन योजनाओं की जांच के आदेश पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें किस चीज की जांच होगी। यह हमारी चुनावी घोषणाएं हैं, जिन्हें जांच के नाम पर ये रोकना चाहते हैं। केजरीवाल का कहना है कि भाजपा ने अपने इस कदम से अपनी नियत साफ कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा दिल्ली के लोगों को मिलने वाली सुविधाएं रोकना चाहती है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस मिलकर आम आदमी पार्टी को रोकने की कोशिश कर रही है। भाजपा की हिम्मत नहीं हुई तो भाजपा ने कांग्रेस के संदीप दीक्षित से उपराज्यपाल को शिकायत करवाई। केजरीवाल ने कहा कि वह इन योजनाओं को रुकने नहीं देंगे और हर हाल में दिल्ली में लागू करवाएंगे। उन्होंने दिल्लीवासियों से दोनों योजनाओं के तहत पंजीकरण करवाने को कहा। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि सरकार ने दो महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की थी। पहली योजना के तहत महिलाओं को 2,100 रुपये प्रति माह देने और दूसरी योजना के तहत बुजुर्गों को निःशुल्क इलाज देने का वादा किया गया है। दिल्ली के लाखों लोगों ने केवल कुछ ही दिन में इन योजनाओं के लिए पंजीकरण कराया है, जिससे "भाजपा बुरी तरह बौखला गई है"।

# गुजरात में छह हजार करोड़ के घोटाले का हुआ पर्दाफाश

## सीआईडी क्राइम ने मास्टरमाइंड भूपेंद्र सिंह झाला को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। गांधीनगर**

गुजरात के गांधीनगर में सीआईडी क्राइम ने छह हजार करोड़ रुपये के घोटाले के मुख्य संदिग्ध भूपेंद्र सिंह झाला को गिरफ्तार किया है। यह घोटाला कथित तौर पर बीजेड ग्रुप द्वारा रचा गया था। झाला पिछले एक महीने से फरार था।

गांधीनगर में सीआईडी क्राइम की आईजी परीक्षिता राठौड़ ने बताया कि झाला के खिलाफ पांच एफआईआर दर्ज की गई हैं। सीआईडी क्राइम टीम ने उसके दफ्तरों पर छापेमारी की थी, इसके बाद से वह फरार चल रहा था। झाला ने गुजरात के विभिन्न शहरों में बीजेड फाइनेंशियल सर्विसेज, बीजेड इंटरनेशनल ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड, बीजेड प्रॉफिट प्लस, बीजेड मल्टी ट्रेड, बीजेड ग्रुप ऑफ मैनेजमेंट, बीजेड ग्रुप ऑफ डेवलपर्स, बीजेड कैपिटल सॉल्यूशंस और बीजेड हैवी इलेक्ट्रॉनिक्स समेत कई कंपनियां स्थापित की थी।

आईजी ने आगे बताया कि इन कंपनियों ने उच्च रिटर्न का वादा किया और मुफ्त टीवी, मोबाइल फोन, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय दौरे जैसे प्रोत्साहनों के साथ-साथ सावधि जमा पर सात प्रतिशत अधिक ब्याज की पेशकश की।

सीआईडी के अनुसार, कंपनी ने निवेशकों को सामान्य बैंकों द्वारा दी जाने वाली ब्याज दरों से अधिक ब्याज दरों का लालच दिया। पांच लाख रुपये के निवेश के लिए, निवेशकों को 32 इंच का टीवी या मोबाइल फोन देने का वादा किया गया था। 10 लाख रुपये के लिए, कंपनी ने गोवा की यात्रा की पेशकश की और 7 फीसदी ब्याज की लिखित प्रतिबद्धताएं प्रदान की, साथ ही 18 प्रतिशत ब्याज के मौखिक वादे भी किए।

गुजरात पुलिस की सीआईडी क्राइम ने बताया कि झाला पिछले एक महीने से फरार था। तकनीकी सर्विलांस के बाद उसे महेसाणा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा है कि जो लोग इस फर्जीवाड़े यानी पोंजी स्कीम का शिकार बने हैं, वे अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

● बैंकों द्वारा दी जाने वाली ब्याज दरों से अधिक ब्याज दरों का लालच दिया।

### छत्तीसगढ़ के, पूर्व मंत्री उसके पुत्र व सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष के मकान में ईडी की छापेमारी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर भारतीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापा मारा है। ईडी की टीम ने रायपुर और बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में दबिश दी है। मिली जानकारी के अनुसार भूपेश सरकार में मंत्री रहे कवासी लखमा के रायपुर स्थित धरमपुरा के मकान में और उनके पुत्र सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश लखमा के सुकमा स्थित आवास पर छापेमारी की है। इसके साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू के आवास पर भारी संख्या में सुरक्षा बलों के जवान मौजूद हैं। रायपुर में पूर्व मंत्री कवासी लखमा के घर में ईडी की टीम जांच-पड़ताल कर रही है। यहां भी बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के जवान मौजूद हैं। पूर्व मंत्री कवासी लखमा के पुत्र हरीश कवासी पिछले दो बार से जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। वहीं उनके पिता कवासी लखमा कांग्रेस सरकार में आबकारी मंत्री रह चुके हैं। नगरीय निकाय चुनाव से पहले छापेमारी से कांग्रेस नेताओं में हड़कंप मचा हुआ है। उल्लेखनीय है कि 2161 करोड़ के शराब घोटाले के मामले में इडी ने ट्रिपल ए यानी आईएएस अधिकारी, अनवर ढेबर और अरुणपति त्रिपाठी को घोटाले का मास्टरमाइंड बताया था। जिसके बाद एसीबी इस मामले में अलग से कार्रवाई कर रही है। वहीं छत्तीसगढ़ में शराब और कोयला घोटाले मामले में ईडी ने दो पूर्व मंत्रियों, विधायकों सहित 100 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। इनमें कांग्रेस सरकार में आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व विधायक यूडी मिंज, गुलाब कमरो, शिशुपाल का नाम शामिल हैं। शराब घोटाले में कवासी लखमा पर दर्ज एफआईआर में हर महीने 50 लाख दिए जाने का जिक्र है। वहीं कवासी लखमा के पुत्र वर्तमान में जिला पंचायत अध्यक्ष हैं।

## जामा मस्जिद के पास पुलिस के चौकी निर्माण में महिलाओं ने किया श्रमदान

**एजेंसी। संभल**

उत्तर प्रदेश के संभल के शाही जामा मस्जिद के पास एक नई पुलिस चौकी का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य में शनिवार को महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और श्रमदान किया। बड़ी संख्या में निर्माण स्थल पर पहुंची महिलाओं ने अपने हाथों से फावड़ा चलाकर ईंटें उठाईं, कंक्रीट डाला और अन्य निर्माण कार्यों में मदद की। यहां तक कि बुजुर्ग महिलाएं श्रमदान में उत्साह के साथ शामिल हुईं। इस अवसर पर समाज सेविका दीपा वार्ष्णेय ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी हो रही है कि यहां पुलिस चौकी का निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस चौकी बन जाने से महिलाओं को काफी सुरक्षा का अहसास होगा, जिससे उन्हें अपने इलाके में और बाहर कहीं भी आने-जाने में सुरक्षा की भावना मिलेगी।

श्रमदान करने वाली माधुरी गुप्ता ने बताया, "मैंने शुभ काम में अपना कदम आगे बढ़ाया और इस दिशा में मुझे आप लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ। मैं समझती हूं कि यह सब आपके सहयोग के बिना संभव नहीं था। मेरे पास आप सभी के सहयोग के लिए कोई शब्द नहीं हैं। मैं जब भी किसी शुभ काम के लिए अपने कदम बढ़ाती हूं, तो नारे जरूर लगाती हूं। इस तरह, महिलाओं ने न सिर्फ इस निर्माण कार्य में अपनी मेहनत से योगदान दिया, बल्कि इस बात को लेकर भी खुशी जाहिर की कि पुलिस चौकी के बनने से इलाके में शांति और सुरक्षा की स्थिति बेहतर होगी। उन्होंने इस अवसर पर "जय श्री राम" के नारे भी लगाए, जो उनके उत्साह और समाज में एकता की भावना को दर्शाता है। इस मौके पर पंडित शोभित शास्त्री ने विधिपूर्वक मंत्रोच्चारण किया और पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने पुलिस चौकी के निर्माण के लिए नींव में ईंटें स्थापित कीं। उन्होंने बताया कि भूमि पूजन के साथ पुलिस चौकी की नींव रखी गई है और इसके निर्माण का काम लेआउट के अनुसार किया जाएगा। पं। शोभित शास्त्री ने बताया कि इस शुभ अवसर पर वास्तु दोष से बचने के लिए वैदिक मंत्रों से पूजा की गई। इसके साथ ही, उन्होंने सुझाव दिया कि चौकी का नाम "सत्यव्रत नगर चौकी" रखा जाए, क्योंकि सत्यव्रत संभल का प्राचीन नाम है।

### बीपीएससी परीक्षा विवाद नामी शिक्षक गुरु रहमान को भेजा गया नोटिस

**पटना।** पटना पुलिस ने प्रसिद्ध शिक्षक गुरु रहमान को नोटिस भेजा है। उन्हें थाने में आकर पेपर लीक संबंधित सबूत पेश करने को कहा गया है। मामला बीपीएससी परीक्षा पेपर लीक से जुड़ा है। गुरु रहमान को आज गर्दनीबाग थाना में बुलाया गया है और कहा गया है कि अगर उनके पास पेपर लीक होने के कोई सबूत हैं, तो उन्हें वह सबूत लेकर आना होगा। अगर वे नहीं आते हैं या उनके पास कोई सबूत नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि वे सरकार और बिहार लोक सेवा आयोग की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। नोटिस में यह भी कहा गया है कि यदि गुरु रहमान नहीं आते या उनके पास कोई सबूत नहीं होता, तो उनके खिलाफ बिहार में राष्ट्रीय सुरक्षा के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। बता दें कि 26 दिसंबर को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पटना के गर्दनीबाग में धरने पर बैठे थे।

### नीतीश की 'पलटी' और नए लोगों के 'आगाज' से बदलती रही बिहार की सियासी चाल

**पटना।** बिहार के लोग अब नए साल के स्वागत की तैयारी में जुट गए हैं। अगले साल राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाला है। इसके पहले गुजरने वाले साल की भी समीक्षा होने लगी है। गौर से देखें तो चुनाव से पहले के इस साल को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'पलटी' और राजनीति में हुए नए लोगों के आगाज के लिए याद किया जाएगा, जिसने बिहार की सियासी चाल बदल दी। दरअसल, इस साल की शुरुआत में ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करते नजर आए। जनवरी में 'पलटी' मारते हुए वह 17 महीने चली महागठबंधन की सरकार से बाहर हो गए और एनडीए में चले आए। इसके बाद उन्होंने भाजपा के सहयोग से सरकार बनाने का दावा पेश किया और 28 जनवरी को नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

### वाराणसी में बारिश ने बढ़ाई ठंड, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**वाराणसी।** वाराणसी में मौसम ने अचानक ही करवट बदली है। देश के अन्य हिस्सों की तरह ही यहां भी बारिश होने लगी है। आगामी दिनों में पारा लुढ़केगा इसे लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग इसे पहाड़ों पर पड़ रही बर्फ और पश्चिमी विक्षोभ का असर बता रहा है। मौसम के अचानक करवट बदलने से आम लोगों का जीवन भी प्रभावित हुआ है। ठंज से बचने के लिए लोग ठंड से बचने के लिए अलाव और गर्म चाय का सहारा लेते हुए दिखाई दे रहे है। पौष स्नान करने वालों की तादाद में भी थोड़ी गिरावट आई है। इससे पुरोहित थोड़े मायूस हैं। घाट पर बैठे श्रद्धालुओं का इंतजार कर रहे हैं और कह रहे हैं आमदनी पर असर पड़ा है। वहीं, एक पर्यटक रश्मि शुक्ला ने कहा कि हमने गंगा के किनारे ठंड के बारे में जो सुना था वह सच हो रहा है। ठंड काफी है और लोगों को कंपकंपा रही है। मैं मध्य प्रदेश सतना की रहने वाली हूं। यहां बादल काफी है। धूप नहीं हवा चल रही है।

### खनन विभाग की टीम व पुलिस टीम पर हमला मामले में एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**किशनगंज।** सदर थाना क्षेत्र के महीनगांव पंचायत में अवैध बालू के भंडारण की सूचना पर गई खनन विभाग की टीम व पुलिस टीम पर हमला मामले में पुलिस ने एक आरोपी को खगड़ा से गिरफ्तार किया है।पकड़ा गया आरोपी जमाल पिछले 11 माह से फरार चल रहा था। सदर थाना की पुलिस आरोपी को कई दिनों से तलाश रही थी। इसी क्रम में पुलिस को आरोपी के खगड़ा में आने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी जमाल को पकड़ लिया गया। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गौर करे कि घटना 13 दिसंबर 2023 को घटी थी। जहां सदर थाना क्षेत्र के महीनगांव में अवैध बालू के भंडारण की सूचना पर खनन विभाग व पुलिस टीम स्थल पर गई थी। स्थल पर आरोपियों के द्वारा हमला कर दिया गया था। जिसमें खनन विभाग का एक चालक व दो पुलिस कर्मी घायल हो गए थे।

### सिपाही भर्ती में फर्जीवाड़ा करने वाला अभ्यर्थी गिरफ्तार, लिखित परीक्षा में भी बैठाया था स्कॉलर

**पटना।** केंद्रीय चयन पर्षद बिहार (सीएसबीसी) की ओर से सिपाही भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा ली जा रही है। पटना के गर्दनीबाग स्थित शहीद राजेंद्र प्रसाद सिंह राजकीय उच्च विद्यालय (पटना हाई स्कूल) में एक फर्जी परीक्षार्थी को गिरफ्तार किया गया है। वह दूसरे के बदले परीक्षा देने आया था। उसकी पहचान जहानाबाद निवासी मोहन कुमार के रूप में हुई है। फिजिकल टेस्ट में बायोमेट्रिक मिलान के क्रम में वह पकड़ा गया। पुलिसिया पूछताछ पर यह पता चला कि अभ्यर्थी ने दूसरे को अपनी जगह बैठा करके लिखित परीक्षा दिलवाई थी। स्कॉलर का ही थंब रिकॉर्ड हो गया। अब जब वह खुद पीईटी परीक्षा में शामिल होने पहुंचा तो पकड़ा गया। मोहन कुमार ने पुलिस से बताया कि उसने लिखित परीक्षा में स्कॉलर को डेढ़ लाख रुपये दिये थे। हालांकि उसने यह नहीं बताया कि वह स्कॉलर कौन था? इधर, पुलिस जांच में जुट गई है। इनके बदले में कौन लोग थे जो लिखित परीक्षा दिए थे। वहीं गर्दनीबाग थाने में केस भी दर्ज किया गया है और पुलिस स्कॉलर का पता लगाने में जुटी है।

## आज का राशिफल

**मेष :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्यावहारिक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृष :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सम्पत्ति से लाभ।

**मिथुन :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**सिंह :** मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कन्या :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिवर्तन की संभावना हैं।

**तुला :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है।

**वृश्चिक :** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**धनु :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी।

**कुंभ :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मीन :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

## बीएचयू में मनु स्मृति जलाने पर बवाल, 13 छात्र गिरफ्तार

**एजेंसी। वाराणसी**

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में छात्रों द्वारा मनु स्मृति जलाने का प्रयास और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना बुधवार देर रात की है, जब कुछ छात्रों ने बीएचयू के 'कला संकाय' चौराहे पर मनु स्मृति जलाने की कोशिश की। इसके बाद छात्रों और प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम के बीच मारपीट हुई। इस घटना के बाद, बीएचयू प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने लंका थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 13 छात्रों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इन छात्रों के खिलाफ धार्मिक भावना को आहत करने और मारपीट जैसे गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने लिखित शिकायत मिलने के बाद 25 छात्रों पर मुकदमा दर्ज किया और 13 छात्रों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं, फरार छात्रों की तलाश में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और इसके जरिए उनकी पहचान कर रही है। उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्दी ही मामले में अन्य फरार लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एनएमडीएफसी ने 24.84 लाख लाभार्थियों को 9,228 करोड़ दिए, 85 प्रतिशत महिलाएं शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) ने अपनी स्थापना के बाद से 24.84 लाख से अधिक लाभार्थियों को 9,228.19 करोड़ रुपये से अधिक वितरित किए हैं, जिनमें से 85 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं। यह जानकारी सरकार ने शनिवार को दी।

एनएमडीएफसी अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में है। इसकी स्थापना अल्पसंख्यक समुदायों के बीच पिछड़े वर्गों के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए की गई है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान एनएमडीएफसी ने 1।84 लाख से अधिक लाभार्थियों को 765.45 करोड़ रुपये का रियायती ऋण जारी किया।एनएमडीएफसी ने आवेदकों, एससीए और एनएमडीएफसी के बीच ऋण लेखा प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने के लिए मिलन (एनएमडीएफसी के लिए अल्पसंख्यक ऋण लेखा सॉफ्टवेयर) ऐप लॉन्च किया है, जिसमें एनएमडीएफसी के एमआईएस पोर्टल का इंटीग्रेशन भी शामिल है। इस ऐप पर 14.57 लाख लाभार्थियों का डेटा उपलब्ध है।

● इस वर्ष 9,000 से अधिक शिकायतों और 2,000 से अधिक एसओएस मामलों का समाधान किया गया

### मोबाइल ऐप का एंड्रॉइड और आईओएस एडिशन भी लॉन्च किया

हाल ही में, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक और पंजाब ग्रामीण बैंक ने रिफाइनेंस मोड पर एनएमडीएफसी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। अपनी 100-दिवसीय कार्य योजना के तहत, मंत्रालय ने जुलाई में 'लोक संवर्धन पर्व' का आयोजन किया, जिसमें पूरे भारत के अल्पसंख्यक कारीगरों को एक साथ लाया गया। इस मंच ने कारीगरों को अपनी स्वदेशी कला, शिल्प और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। पर्व में विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित 162 कारीगरों द्वारा बनाए गए विभिन्न राज्यों के 70 से अधिक हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा, तीर्थयात्रा के अनुभव को बढ़ाने और सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए 'हज सुविधा ऐप' लॉन्च किया गया। इस वर्ष 9,000 से अधिक शिकायतों और 2,000 से अधिक एसओएस मामलों का समाधान किया गया। इस वर्ष अब तक की सबसे अधिक संख्या 4,557 महिला तीर्थयात्रियों की रही। 'जियो पारसी' पारसी समुदाय की जनसंख्या में गिरावट को रोकने के लिए एक और योजना है। यह योजना 2013-14 में शुरू की गई थी। मंत्रालय ने चिकित्सा घटक के तहत वित्तीय सहायता चाहने वाले पारसी जोड़ों के लिए एक पोर्टल भी शुरू किया है। मंत्रालय द्वारा अगस्त में लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया गया। इसके बाद, विधेयक को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया है।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने की बैलन डी'ओर पुरस्कार की आलोचना, कहा-

# विनिसियस जूनियर गोल्डन बॉल जीतने के हकदार थे

**दुबई(हि.स.)।** दिग्गज पुर्तगाली फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बैलन डी'ओर पुरस्कार की आलोचना की और कहा कि रियल मैड्रिड और ब्राजील के सुपरस्टार विनीसियस जूनियर सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के रूप में नामित होने के हकदार थे। इससे पहले अक्टूबर में, मैनचेस्टर सिटी के मिडफील्डर रॉड्री को 2024 पुरुष बैलन डी'ओर विजेता नामित किया गया था, उन्होंने अपने क्लब को लगातार चौथी बार इंग्लिश प्रीमियर लीग का खिताब दिलाने में मदद की। क्लब फुटबॉल के अलावा, रॉड्री ने स्पेनिश राष्ट्रीय टीम के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जर्मनी में 2024 यूरो में उनकी जीत में योगदान दिया, जहाँ उन्होंने जुलाई में इंग्लैंड को 2-1 से हराया। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। बैलन डी'ओर पुरस्कार समारोह के एक महीने बाद, विनीसियस ने द बेस्ट फीफा मेन्स प्लेयर ऑफ द ईयर जीता और उन्हें दुबई ग्लोब सॉकर अवार्ड्स में प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी दिया गया। पांच बार के बैलन डी'ओर विजेता रोनाल्डो को ग्लोब सॉकर अवार्ड्स में 'बेस्ट मिडिल ईस्ट प्लेयर' का पुरस्कार भी दिया गया। ग्लोब सॉकर अवार्ड्स में रोनाल्डो ने कहा, विनिसियस को 2024 का पुरुष बैलन डी'ओर पुरस्कार देने से मना करना अनुचित था। मेरी राय में, वह [विनिसियस] गोल्डन बॉल [बैलन डी'ओर पुरस्कार] जीतने के हकदार थे। मैं यहां सबके सामने कह रहा हूँ। वे इसे रॉड्री को देते हैं, वह भी इसके हकदार थे, लेकिन उन्हें इसे विनिसियस को देना चाहिए था क्योंकि उन्होंने चैंपियंस लीग जीती और फाइनल में गोल किया। पुर्तगाल के कप्तान ने कहा कि ग्लोब सॉकर अवार्ड्स अन्य गाला से बेहतर है क्योंकि वे पारदर्शी हैं।

## मेलबर्न टेस्ट : तीसरे दिन का खेल खत्म

# ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी के शतक की बदौलत भारत नौ विकेट पर 358 रन बनाए

**मेलबर्न (हि.स.)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। खेल खत्म होने तक भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में नौ विकेट खोकर 358 रन बना लिए हैं। युवा ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने बेहतरीन शतक जड़ा है और वह फिलहाल 176 गेंदों में 10 चौके और एक छक्के की मदद से 105 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ मोहम्मद सिराज भी दो रन बनाकर नाबाद हैं। मेलबर्न में खेले जा रहे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। इस लिहाज से भारतीय टीम अभी भी 116 रन पीछे है। भारतीय टीम तीसरे दिन आज अपने कल के स्कोर 5 विकेट पर 164 रन से आगे खेलना शुरू किया। ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा ने संभलकर पारी को आगे बढ़ाया। हालांकि पंत टीम के 191 के कुल स्कोर पर बोलैंड का शिकार बने। पंत ने 28 रन बनाए। रवींद्र जडेजा भी 221 के कुल स्कोर पर नाथन लियोन का शिकार बने।

ऑस्ट्रेलिया से 116 रन पीछे है भारतीय टीम

## नीतीश रेड्डी और वाशिंगटन सुंदर ने दिलाई वापसी

221 रन पर 7 विकेट खोकर भारतीय टीम मुश्किल में फंस गई थी और ऐसा लग रहा था कि भारत फॉलोआन खेलेगा, लेकिन यहां से नीतीश कुमार रेड्डी और वाशिंगटन सुंदर ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर भारत को न सिर्फ फॉलोआन से बचाया, बल्कि मैच में वापसी भी दिला दी। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर पहले पुरानी और फिर नई गेंद को भी संभलकर खेला और भारत के स्कोर को तीन सौ के पार पहुंचाया। नीतीश ने इस दौरान अपना अर्धशतक भी पूरा किया। दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। नीतीश के बाद सुंदर ने भी अर्धशतक जड़ दिया। हालांकि इसके बाद वह ऑउट हो गए। उन्होंने 162 गेंद में 50 रन बनाए। 350 के स्कोर पर भारत को नौवां झटका लगा। जसप्रीत बुमराह खाता खोले बिना आउट हो गए। इसके बाद नीतीश रेड्डी ने शानदार शतक जड़ दिया। उन्होंने 171 गेंद में चौका लगाकर शतक लगाया। यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक है। इसके बाद खराब रोशनी की वजह से खेल रोका गया, लेकिन फिर बारिश शुरू हो गई जिसके चलते दिन का खेल खत्म होने की घोषणा कर दी गई। इससे पहले दूसरे दिन सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 82 रन, कप्तान रोहित शर्मा तीन, केएल राहुल 24 रन, विराट कोहली 36 रन बनाकर आउट हुए थे।

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे।

पंत टीम के 191 के कुल स्कोर पर बोलैंड का शिकार बने।

नीतीश रेड्डी 85 और वाशिंगटन सुंदर 40 रन बनाकर खेल रहे हैं।

# रिकार्ड पांचवें फाइनल में हरियाणा स्टीलर्स से भिड़ेंगे पटना पाइरेट्स

**पुणे(आईएएनएस)।** रोमांच से भरे दूसरे सेमीफाइनल में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने दबंग दिल्ली केसी को हराते हुए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के फाइनल में जगह बना ली है। बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार रात को हुए इस मुकाबले में पटना ने दिल्ली को 32-28 से हराया। अब 29 दिसंबर को फाइनल में उसका सामना हरियाणा स्टीलर्स से होगा, जिसने सेमीफाइनल-1 में यूपी योद्धाज को हराया। पटना की जीत में अयान और देवांक (8-8 अंक) के अलावा डिफेंस से शुभम शिंदे (5), अंकित (4) और दीपक (3) का अहम रोल रहा। पटना के डिफेंस ने 9 के मुकाबले 12 अंक लिए। दिल्ली ने देर से ही सही रेडिंग में बेहतर करते हुए 16 के मुकाबले 17 अंक लिए। इसमें आशू (9) और मोहित (7) चमके। चौथे खिताब के लिए बेकरार पटना की टीम ने शुरूआती 10 मिनट में 8-3 की लीड बना ली थी। देवांक और अयान लगातार अंक ले रहे थे और डिफेंस भी खुलकर खेल रहा था। दूसरी ओर, दिल्ली के रेडर्स और डिफेंडर संघर्ष करते दिख रहे थे। एक समय दिल्ली ने स्कोर 3-4 कर दिया था लेकिन इसके बाद पटना ने लीड दोगुना से अधिक करते हुए दिल्ली के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। ब्रेक के बाद पटना ने दिल्ली को आलआउट की ओर धकेला लेकिन मोहित ने सुपर रेड के साथ न सिर्फ उसे बचा लिया बल्कि स्कोर भी 6-9 कर दिया। इस बीच अयान ने गौरव का और देवांक ने आशीष का शिकार कर दिल्ली को आलआउट सिचुएशन में ला दिया। फिर डिफेंस ने आशू को लपक पहले आलआउट के साथ 14-8 की लीड ले ली।

आलइन के बाद देवांक लपके गए लेकिन अगली रेड पर अयान ने उन्हें रिवाइव करा लिया। फिर अंकित ने नवीन को लपक स्कोर 16-9 कर दिया। इसके बाद शुभम ने आशू को भी लपक दिल्ली की मुश्किल बढ़ा दी। दिल्ली ने हालांकि डू ओर डाई रेड पर अयान को लपक नुकसान की भरपाई की कोशिश की। बहरहाल, पटना ने 17-10 के स्कोर पर पाला बदला।

## नितीश कुमार रेड्डी के पिता ने कहा

# 'हम अपने जीवन में इस दिन को नहीं भूल सकते'

*मेलबर्न। 28 दिसंबर, 2024 मुत्याला रेड्डी के जीवन में हमेशा के लिए एक अविस्मरणीय दिन रहेगा, क्योंकि उनके बेटे नितीश कुमार रेड्डी ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग डे टेस्ट के तीसरे दिन नाबाद 105 रन बनाकर भारत के लिए मुश्किल परिस्थिति में हीरो बनकर खड़े हुए। जब नितीश ने स्कॉट बोलैंड की गेंद पर 171 गेंदों में अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा, तो स्टैंड में बैठे मुत्याला की आंखों में आंसू थे और उन्होंने अपने आस-पास के सभी लोगों से बधाई मिलने पर दिल से हाथ जोड़कर भगवान का शुक्रिया अदा किया। हमारे परिवार के लिए, यह एक खास दिन है और हम अपने जीवन में इस दिन को नहीं भूल सकते। वह 14-15 साल की उम्र से ही अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में, यह एक बहुत ही खास एहसास है। मैं बहुत तनाव में था (जब नितीश 99 रन पर थे)। केवल आखिरी विकेट बचा था। शुक्र है कि सिराज बच गया, मुत्याला ने ब्रॉडकास्टर फॉक्स स्पोर्ट्स के लिए एडम गिलक्रिस्ट से कहा। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने एमसीजी में उपस्थित 87,073 प्रशंसकों के बीच अपने परिवार के सामने नितीश द्वारा अपना पहला टेस्ट शतक बनाने के क्षण को अभूतपूर्व बताया।*

# रेड्डी ने आज जिस तरह से अपना काम किया वह अद्भुत है : सुंदर

**मेलबर्न(आईएएनएस)।** भारत के ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में अपने पहले टेस्ट शतक को यादगार बनाने के लिए नितीश कुमार रेड्डी की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह से सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर ने अपना काम किया, वह शानदार था।तीसरे दिन के खेल में, रेड्डी भारत के लिए नाबाद 105 रन बनाकर हीरो बनकर उभरे - एक शानदार पहला टेस्ट शतक, जिससे मेहमान टीम ने 116 ओवर में 358/9 रन बनाए और वह ऑस्ट्रेलिया से 116 रन पीछे है। अपने पिता मुत्याला और परिवार के अन्य सदस्यों के सामने, रेड्डी ने स्कॉट बोलैंड की गेंद पर एक लॉफ्टेड ऑन-ड्राइव लगाया और 171 गेंदों में अपना पहला टेस्ट शतक बनाया। वह मानसिक रूप से बहुत मजबूत है। मैं उसे काफी वर्षों से जानता हूं। आज जिस तरह से उन्होंने अपना काम किया, वह अद्भुत है।" उन्होंने खेल में उन चरणों को चुना, जहां उन्हें लगा कि हम कुछ बाउंड्री लगा सकते हैं। उन्हें यह भी पता था कि हमें कुछ गेंदों को पार करने की भी जरूरत है, जब स्थिति हमारे लिए थोड़ी चुनौतीपूर्ण हो। एक अविश्वसनीय शतक, इसके बारे में बहुत लंबे समय तक बात की जाएगी। सुंदर ने पोस्ट-डे प्रेस कॉन्फ्रेंस में शनिवार को कहा, नितीश के बारे में एक बात, चाहे वह कुछ भी कर रहा हो - मैदान पर या मैदान के बाहर - वह अपना 120 प्रतिशत देने वाला है। यह जीवन के प्रति उसका दृष्टिकोण है, न कि केवल क्रिकेट के प्रति। जाहिर है, मैंने उन्हें आईपीएल के दौरान भी काफी करीब से देखा है, उनका काम करने का तरीका, खेल के दौरान वह जो कुछ भी करते थे, वह हम सभी के लिए बहुत ही सुखद था।

## मैं हाईकोर्ट जाऊंगा : योगेश कथुनिया

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता योगेश कथुनिया ने कहा कि वह खेल मंत्रालय से लिखित जवाब मांगने के लिए हाईकोर्ट जाएंगे कि प्रतिष्ठित सम्मान के लिए मानदंड पूरा करने के बावजूद उन्हें खेल रत्न पुरस्कार के लिए पात्र क्यों नहीं बनाया गया। टोक्यो और पेरिस पैरालंपिक में रजत पदक जीतने वाले पैरा डिस्कस थ्रोअर खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामांकित न किए जाने से निराश हैं।

कथुनिया ने शनिवार को आईएएनएस को बताया, यह खेल मंत्रालय के साथ मामला है, लेकिन उन्होंने अभी तक मुझसे संपर्क नहीं किया है। यह स्पष्ट पक्षपात है, जिन खिलाड़ियों का पीआर अच्छा है, उन्हें पुरस्कार मिल रहा है। वे हमारे जैसे खिलाड़ियों की अनदेखी करते हैं। इस तरह का व्यवहार एक ऐसे एथलीट के लिए निराशाजनक है, जिसने अपने जीवन के आठ साल देश को दिए हैं। भले ही मैं अपने लिए खेल रहा हूं, लेकिन मैं भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। अगर मैं हारता हूं, तो भारत हारेगा और अगर मैं जीतता हूं, तो भारत जीतेगा।

नवंबर 2021 में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाले कथुनिया ने खेल मंत्रालय से अपनी चूक के पीछे स्पष्टीकरण मांगने के लिए मामले को अदालत में ले जाने का मन बना लिया है।

## महिला एशेज से बाहर हुईं ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर सोफी मोलिनक्स

**मेलबर्न(हि.स.)।** ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर सोफी मोलिनक्स इंग्लैंड के खिलाफ 12 जनवरी से शुरू होने वाले वनडे मैचों के साथ मल्टी-फॉर्मेट महिला एशेज के दौरान एक्शन में नहीं दिखेंगी। मोलिनक्स, जिन्होंने इस महीने की शुरूआत में मेलबर्न रेनेगेड्स को महिला बिग बैश लीग खिताब दिलाया था, घुटने की समस्या से जूझ रही थीं। हाल ही में भारत के साथ सीरीज के बाद उन्हें दर्द हुआ और पिछले हफ्ते न्यूजीलैंड में तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गईं। अब उन्हें घुटने की सर्जरी करानी होगी, जिससे वह कुछ समय के लिए आराम कर सकेंगी। टीम की फिजियोथेरेपिस्ट केट बीरवर्थ ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के हवाले से कहा, सोफी मोलिनक्स अगले महीने अपने बाएं घुटने की सर्जरी करवाएंगी, जिसके बाद हम वापसी की अनुमानित तारीख के बारे में जानकारी देंगे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारत के चालू खाता घाटे पर बैंक ऑफ बड़ौदा ने जारी की रिपोर्ट

# घाटा जीडीपी का 1.2 से 1.5 प्रतिशत तक रहेगा

### तेल की कम कीमतों के बावजूद रेमिटेंस भी लचीला रहा है : अदिति गुप्ता

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** एक नई रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) सकल घरेलू उत्पाद के 1.2-1.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) की रिपोर्ट के अनुसार, सेवा निर्यात में तेजी और मजबूत रेमिटेंस (श्रमिक या प्रवासी हस्तांतरण) के सपोर्ट से उच्च व्यापार घाटे के बावजूद, देश का सीएडी वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद के 1.2 प्रतिशत पर सिमट गया। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) के प्रवाह के कारण पूंजी खाता अधिशेष में वृद्धि हुई, जबकि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश फ्लो (एफडीआई) अधिक दर्ज किया गया। इस वजह से भुगतान संतुलन




(बीओपी) अधिशेष वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के 2.5 बिलियन डॉलर की तुलना में 18.6 बिलियन डॉलर अधिक दर्ज किया गया।

बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री अदिति गुप्ता ने कहा, पिछले कुछ महीनों में भारत के एक्सटर्नल सेक्टर आउटलुक में कोई खास बदलाव नहीं आया है। नवंबर 2024 में व्यापार घाटे में तेज उछाल ने कुछ चिंताएं पैदा की हैं, लेकिन यह एक बार की बात हो सकती है, क्योंकि घाटा लगभग पूरी तरह से सोने के आयात में उछाल के कारण हुआ है।

कुल मिलाकर, भारत के भुगतान संतुलन को एफपीआई, ईसीबी और एनआरआई डिपोजिट्स से मजबूत प्रवाह का समर्थन मिला। इसके अलावा, व्यापारिक आयात में वृद्धि माल निर्यात में वृद्धि से आगे निकल रही है, जिसके कारण वित्त वर्ष 2014-15 के आधार पर व्यापार घाटा बढ़ गया है।

अर्थशास्त्री अदिति गुप्ता ने कहा, सकारात्मक पक्ष यह है कि सेवा निर्यात लचीला रहा है। उन्होंने कहा, तेल की कम कीमतों के बावजूद रेमिटेंस भी लचीला रहा है। आने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा लागू की जा रही संरक्षणवादी व्यापार नीति के बढ़ते खतरे एक्सटर्नल सेक्टर आउटलुक के लिए एक प्रमुख खतरा होंगे। इधर, रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025 में चालू खाता घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 1.2-1.5 प्रतिशत के प्रबंधकीय दायरे में रहेगा।

## डीजीसीए ने अकासा एयर के प्रशिक्षण और उड़ान संचालन निदेशकों को किया निलंबित

**नई दिल्ली (हि.स.)।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलटों के प्रशिक्षण में कथित चूक के लिए अकासा एयर के संचालन निदेशक और प्रशिक्षण निदेशक को छह-छह महीने के लिए निलंबित कर दिया है। डीजीसीए ने अपने आदेश में एयरलाइन को दोनों पदों के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों को नामित करने की सलाह भी दी है। अकासा एयर ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि डीजीसीए ने शुक्रवार को पायलटों के प्रशिक्षण में कथित चूक के लिए उसके संचालन निदेशक और प्रशिक्षण निदेशक को 6-6 महीने के लिए निलंबित करने का आदेश दिया है। कंपनी ने जारी इस आदेश पर कहा कि वह डीजीसीए के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगी और उसके अनुरूप अनुपालन करेगी। एयरलाइन ने कहा, सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है, हम सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करते हैं।

### वैश्विक स्तर पर इलेक्ट्रिक वाहन में चीन का योगदान है 80 प्रतिशत

# इलेक्ट्रिक वाहन बनाने में चीन विश्व गुरु

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की एक रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ोतरी में चीन का योगदान लगभग 80 प्रतिशत है। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री वर्ष 2023 की पहली छमाही में 3 मिलियन (30 लाख) से बढ़कर वर्ष 2024 की इसी अवधि के दौरान 4 मिलियन (40 लाख) से ज्यादा हो गई।

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 के पहले छह महीनों में वैश्विक स्तर पर 7 मिलियन (70 लाख) से अधिक इलेक्ट्रिक कारें बेची गईं, जो वर्ष 2023 की इसी अवधि की तुलना में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वैश्विक कार बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की हिस्सेदारी वर्ष 2024 के आखिर तक लगभग 5 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। चीन के प्रभुत्व के बावजूद, अन्य बाजारों में भी



बढ़ोतरी देखी गई है। चीन के बाहर इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। इसमें ब्राजील, इंडोनेशिया, मैक्सिको जैसे देशों और मध्य पूर्व और कैस्पियन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई। हालांकि, विकसित बाजारों में प्रदर्शन मिलाजुला रहा।

यूरोपीय संघ में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री स्थिर रही, जबकि जर्मनी में गिरावट आई। वहीं, अन्य यूरोपीय संघ के देशों में लगभग 3 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी हुई। इस दौरान, यूनाइटेड किंगडम में ईवी की बिक्री में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट के अनुसार, जबकि यूरोपीय संघ में बिक्री स्थिर रही, जर्मनी में गिरावट ने अन्य जगहों पर हुए औसतन लगभग 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी को संतुलित कर दिया।

रिपोर्ट में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) की तुलना में प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों (पीएचईवी) की बढ़ती लोकप्रियता पर भी जोर दिया गया है, जो 2024 की पहली छमाही में कुल ईवी बिक्री का 35 प्रतिशत से अधिक हिस्सा था। रिपोर्ट में एक अहम ट्रेंड बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों की तुलना में फेव को बढ़ती प्राथमिकता है।

चीन में, फेव की बिक्री में 70 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जिसका मुख्य कारण रेंज-एक्सटेंडेड इलेक्ट्रिक वाहन (रीव) हैं। ये बड़ी बैटरी के कारण लंबी ड्राइविंग रेंज प्रदान करते हैं। इसमें कहा गया है, चीन में, फेव की बिक्री में बढ़ोतरी मुख्य रूप से रेंज-विस्तारित इलेक्ट्रिक वाहनों के कारण हुई है। इनकी बड़ी बैटरी के कारण ड्राइविंग रेंज लंबी होती है। रीव की औसत रेंज 130 किलोमीटर है, जबकि मानक फेव की रेंज 80 किलोमीटर है। इसी तरह, संयुक्त राज्य अमेरिका में फेव की बिक्री में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि बेव की बिक्री में मात्र 5 प्रतिशत का इजाफा हुआ। रिपोर्ट में रेंज की चिंता को दूर करने के लिए बेहतर रिचार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत पर भी जोर दिया गया है। ड्राइविंग रेंज को लेकर चिंता, ईवी की खरीद को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है। जैसे-जैसे ईवी बाजार का विस्तार होता है, चार्जिंग सुविधाओं

# नये साल में सीआइसी रेलखंड को मिलेगी बड़ी उपलब्धि

## भीमचूल्हा के समीप थर्ड रेलवे टनल निर्माण का काम तेज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक भीमचूल्हा के समीप थर्ड रेलवे को लेकर टनल निर्माण का काम केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के निरीक्षण के बाद तेज हो गया है। कार्यस्थल पर बताया गया कि इसके निर्माण कार्य को फरवरी में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित है। जैसा कि केंद्रीय मंत्री को भी इस काम में लगी एजेंसी हिमालया कंस्ट्रक्शन कंपनी ने बताया है। निर्माण के बाद इसकी लंबाई कुल मिलाकर 160 मीटर की होगी। इसके निर्माण का 90 फीसदी काम पूरा कर लिया गया है। इसका निर्माण बोगदा नामक पहाड़ के विशालकाय शिला की खुदाई कर किया गया है। जिसको अंतिम रूप देने का काम किया जा रहा है। इसके निर्माण के साथ थर्ड रेलवे टनल के रूप में सीआइसी रेलखंड को नये साल में एक बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। इसका निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से ही थर्ड रेल लाइन पर निर्बाध रूप से कोयले की ढुलाई संभव नहीं हो सका है। थर्ड लाइन विस्तारीकरण सोननगर-पतरातू रेल कोरिडोर के तहत किया जा रहा है। बताया जाता है कि इसकी आधारशिला सोननगर में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने यूपीए टू के प्रधानमंत्रित्व काल में रखी गई थी।

### पर्यटकों का आकर्षण केंद्र बनेगा

ऐतिहासिक भीमचूल्हा के पर्यटक स्थल के रूप में विकासशील रहने के पहले से ही पास के रेलवे टनल लोगों के आकर्षण का केंद्र बन रहा हैं। जानकर बताते हैं कि पहली बार अंग्रेजों के जमाने में डालमिया फैक्ट्री को लेकर एकल रेल लाइन छिपादोहर तक बिछाया गया था। जहां से और आसपास के जंगलों से कागज उत्पादन के लिए बांस और सलई के बोटे और राजहरा से विश्व प्रसिद्ध कोयले और जपला से सीमेंट की ढुलाई की जाती थी। बाद में दूसरी रेल लाइन का विस्तार करने के बाद पतरातू एरिया की कोलियरियों से कोयला और जमशेदपुर से इस्पात के वस्तुओं की ढुलाई तेज हो गई थी। एक प्रकार से देखा जाए, तो भीमचूल्हा के पास से ही झारखंड की भौगोलिक और प्राकृतिक रूप सामने आया है। इस जगह पर पहाड़ों की बाधा को हटाकर रेल मार्ग का विस्तार किया गया है। इसे देखते हुए यह कहना गलत नहीं है कि भीमचूल्हा के समीप के रेलवे सुरंग झारखंड में प्रवेश और निकास का द्वार है, जो पर्यटकों के आकर्षण का भी केंद्र हैं। सीआइसी रेल सेक्शन में तीन सुरंगों वाली यह पहली जगह भी है।

### भीम टनल नामकरण की मांग

**मोहम्मदगंज** विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक नेताओं ने पर्यटक स्थल भीमचूल्हा के समीप के रेलवे सुरंगों का नामकरण भीम टनल करने को लेकर भी डॉ. एल मुरुगण, केंद्रीय सूचना, प्रसारण संसदीय कार्य राज्य मंत्री को उनके यहां आगमन पर उन्हें ज्ञापन सौंपकर की है। इसमें बताया गया है कि पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल अंतर्गत मोहम्मदगंज-सतबहिनी स्टेशनों के बीच निर्मित तीन सुरंगों के ऐतिहासिक पर्यटक केंद्र भीम चूल्हा, जो महाभारत काल में पांडवों के अज्ञातवास के इतिहास से जुड़ा है, उसके पास के बोगदा पहाड़ी से संलग्न हैं।आम लोगों के बीच भी वे भीम टनल के नाम से ही प्रचलित हैं। इसे देखते हुए तीनों का भीम टनल संख्या 1, 2 और 3 में वगीर्कृत कर उनका नामकरण सुनिश्चित कराने की दिशा में कदम उठाया जाए। इसकी मांग करने में युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, धीरेंद्र बैठा, सुशील कुमार मेहता, रौशन कुमार, सिद्धार्थ कुमार, राकेश कुमार सिंह, अनुज कुमार, शुभम कुमार सिंह, नगीना सिंह उपप्रमुख, नीरज कुमार सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष, राहुल सिंह चेयरमैन, कांग्रेस सहकारिता विभाग और रामजन्म राम वरिष्ठ कांग्रेसी सहित अन्य कई लोगों के नाम शामिल हैं।

# मनमोहन सिंह के सामाजिक समानता के कामों को भुलाया नहीं जा सकता: राधाकृष्ण किशोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** छतरपुर के देवगन मोड़ के समीप स्वागत होटल में छतरपुर राजद के कार्यकर्ताओं न शोकसभा कर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि भारत के लोकप्रियय पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने सामाजिक समानता के लिए जो काम किया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। देश के लिए कई योजना चला कर देश को आगे बढ़ाया था। वह बोलते कम थे, लेकिन काम अधिक करते थे। वर्तमन समय में प्रधनमंत्री बोलते अधिक है काम कम करते हैं। विश्रामपुर विधयाक नरेश प्रसाद सिंह,हुसैनाबाद के विधायक संजय सिंह यादव ने भी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के जीवनी और देश के कई योजनाओं पर प्रकाश डाला। शोमसभा में सैकड़ो की संख्या में राजद व कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे। मौके पर डॉ. विनय कुमार, प्रशांत किशोर, लक्ष्मण कुमार, नौखेज, गुड्डू अंसारी, रवि यादव, जिला अध्यक्ष धंनजय पासवान,सरताज खान, मोहन जायसवाल, खालिद राजा, कलाम खा, कैलास यादव,याद अली, विकास यादव, हैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर, कुर्बान अंसारी, राजेन्द्र यादव, बसंत यादव, मानकी चंद्रवंशी, बसंत चन्द्रवंशी मौजूद थे। मंच संचालन राजद के प्रदेश महासचिव फैजुलहक राशिद ने किया।

### वित्त मंत्री को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया

**उंटारी रोड।** 20 सूत्री अध्यक्ष और समाज सेवियों व जनप्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से शिष्टाचार मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान पांडू, उंटारी रोड और क्षेत्र की विकास कार्यों पर चर्चा की। उंटारी रोड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि वित्त मंत्री से मुलाकात कर प्रखंड और क्षेत्रीय समस्याओं को रखा। विकास कार्यों पर चर्चा की। वित्त मंत्री ने सभी समस्याओं को सुना और उसके निदान का अश्वासन दिया। मौके पर रामचंद्र दीक्षित, अध्यक्ष सुनील पांडेय, समाजसेवी कृष्णा पाल, उमा तिवारी उपस्थित थे।

# पुराने एलटी तारों और खंभों को हटाकर नया करने का काम तेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पुराने एलटी तार को हटाकर नए खंभों पर नए केबल लगाने का कार्य तेज हो गया है। बताया गया कि इससे निर्विघ्न और निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही इसकी चोरी पर अंकुश लगाने में सफलता मिलेगी। इससे तार टूट कर गिरने से होने वाले हादसों की संभावना नहीं रहेगी। इस काम को करने में एनसीसी नामक कंपनी को लगाया गया है। जपला विद्युत अवर प्रमंडल के सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो और कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में स्थानीय बिजली मिस्त्री ललित कुमार मेहता, मंटू मेहता और ऊर्जा मित्र रविशंकर सिंह केबलिंग की व्यस्था को दुरुस्त करने में जुटे हैं। इस प्रकार नए साल में नई व्यस्था के तहत नये रूप में बिजली आपूर्ति देखने को मिलेगी। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं है।

# पूर्व मंत्री ने किया दीक्षांत हॉस्पीटल का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के हैदरनगर रोड स्थित दाता साहेब के सामने दीक्षांत हॉस्पिटल का उद्घाटन एकीकृत बिहार झारखड़ के पूर्व खनन मंत्री लक्ष्मण राम ने फीता काटकर किया। मौके पर लक्ष्मण राम ने कहा कि ऐसे हॉस्पीटल की आवश्यकता शहर को लंबे समय से थी, क्योंकि किसी भी मेडिकल इमरजेंसी में मरीजों को मेदिनीनगर या डेहरी जाना पड़ता था। ऐसे हालात में लोगों को ज्यादा पैसा और समय भी लगता था। दीक्षांत हॉस्पिटल के खुल जाने से आम नागरिकों को सहूलियत होगी। मौके पर अस्पताल के डॉ. देशराज गहलोत ने कहा कि सेवा ही हमारा लक्ष्य के उद्देश्य से इस हॉस्पीटल को खोला गया है। मौके पर समाज सेवी दिनेश पासवान, सत्यम पटेल, लालन पासवान, जीएनएम कविता कुमारी, शोभा कुमारी, संगीता कुमारी, विकास कुमार ,जीएनएम ज्योति कुमारी, डायरेक्टर मुकेश कुमार एवं काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## रिमझिम बारिश से फसलों पर लाही कीड़े के प्रभाव कम होने का आसार बढ़ा।

**मोहम्मदगंज।** पूवार्नुमान के अनुसार शनिवार की शाम थोड़ी देर तक रिमझिम बारिश होने से फसलों पर लाही कीड़े के प्रभाव के कम पड़ने का आसार बढ गया है। इससे पहले तक बादलों की साया की वजह से कम पड़ने की स्थिति के बीच इतनी ही बारिश से ठंड का एहसास बढ गया बताया जाने लगा है। बारिश को ठंड बढने का कारण तो बताया गया मगर इसे रबी फसलों के लिए फायदेमंद भी बताया गया।

## पेज एक के शेष

### एमआरएमसीएच की ...

यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जिसको जो जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरी करनी होगी अन्यथा उन पर कार्रवाई होगी।

पहले दिन चेतावनी देकर सुधार करने का निर्देश दिया गया है। अगली बार कमियां पाए जाने पर सीधे कार्रवाई होगी। वित्त मंत्री ने डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों को ड्यूटी के दौरान यूनिफॉर्म में रहने का निर्देश दिया है, ताकि उनकी पहचान हो सके और मरीजों को लाभ मिल सके।

### 1 जनवरी को बाबा का ...

देवघर बाबा मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक जनवरी को शीघ्र दर्शनम कूपन के दर में बढ़ोतरी की गई है। क्योंकि नए साल के पहले दिन में हजारों की संख्या में ऐसे श्रद्धालु आते हैं, जो बाबा का दर्शन करना चाहते हैं। इसके अलावा मंदिर के प्रभारी सह जिला के अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार के द्वारा भी मंदिर में व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं। जिससे नए साल पर मंदिर में दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई दिक्कत ना हो। जिला प्रशासन के द्वारा जारी किया गया शीघ्र दर्शनम कूपन का नया दर सिर्फ एक जनवरी के लिए मान्य होगा। उसके बाद फिर से आम दिनों की तरह शीघ्र दर्शनम कूपन का दर 300 रूपए कर दिया जाएगा। मालूम हो कि सावन के समय में भी 600 रूपए शीघ्र दर्शनम कूपन का दर किया गया था। लेकिन सावन के बाद फिर से बाबा का दर्शन करने वाले लोगों के लिए दर 300 रूपए किया गया था। नए वर्ष में मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए एक बार फिर से शीघ्र दर्शनम कूपन के दर में बदलाव किया गया है। बता दें कि शीघ्र दर्शन कूपन कटवाने के बाद लोगों के लिए एक विशेष लाइन बनाई जाती है। जिसमें लोग जल्द से जल्द बाबा का दर्शन कर मंदिर से बाहर निकल पाते हैं।

### छह मेगावाट के फ्लोटिंग ...

इस कदम से रिन्यूएबल एनर्जी का योगदान बढ़ेगा और कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के 1600 मेगावाट एक्सटेंशन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। आने वाले समय में, यह प्लांट डीवीसी (दामोदर वैली कॉरपोरेशन) के सबसे बड़े बिजली उत्पादन केंद्रों में से एक बन जाएगा। प्लांट के भीतर दो पौंड में लगभग 24 एकड़ क्षेत्र में फ्लोटिंग पावर प्लांट के लिए सोलर प्लेट लगाए जा रहे हैं। कुछ समय बाद, कोडरमा में सौर ऊर्जा से 171 मेगावाट बिजली उत्पादित की जाएगी। यह कदम राज्य को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डीवीसी और एनटीपीसी के प्रयासों से तिलैया डैम को ग्रीन वैली के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां फ्लोटिंग पावर प्लांट के जरिए बिजली उत्पादन से राज्य को और भी ऊर्जा सुरक्षा मिलेगी। प्लांट के एचओपी मनोज ठाकुर ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'कोडरमा में 10 मेगावाट का सोलर प्लांट पहले ही स्थापित किया जा चुका है और 6 मेगावाट का फ्लोटिंग सोलर प्लांट अब हमारे रिजर्वायर में लगाया जा रहा है, जो दिसंबर के अंत तक पूरा हो जाएगा या उसका कमीशनिंग शुरू हो जाएगा। हम जनवरी तक इसका कमीशनिंग पूरा कर लेंगे। इसके अलावा, हम 155 मेगावाट के फ्लोटिंग सोलर प्लांट का ऑर्डर भी ग्रीन वैली कॉर्पोरेशन के जरिए प्राप्त कर चुके हैं, जो डीवीसी और एनटीपीसी का संयुक्त उद्यम है। यह कार्य जल्दी शुरू होगा, और स्टर्लिंग कंपनी को यह काम सौंपा गया है।' उन्होंने आगे कहा, 'यह फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट झारखंड का सबसे बड़ा होगा, क्योंकि 155 मेगावाट का कोई अन्य प्रोजेक्ट राज्य में नहीं है। फ्लोटिंग सोलर पावर के कई फायदे हैं। इससे जलस्तर नियंत्रित रखने में मदद मिलती है और मछुआरों को होने वाले नुकसान की भी चिंता नहीं है, क्योंकि वे अब 'केज फिशिंग' की तकनीक का इस्तेमाल करके मछली पालन कर सकते हैं।' उन्होंने कहा, डीवीसी का यह फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट कोडरमा में स्थापित किया जाएगा, जो डीवीसी का सबसे बड़ा प्लांट होगा। फिलहाल, मेरे पास 500 मेगावाट के दो यूनिट चल रहे हैं, और आठ सौ मेगावाट के दो और यूनिट जुड़ने से कोडरमा में डीवीसी का कुल 1600 मेगावाट का प्रोजेक्ट बन जाएगा। यह ऑर्डर बीसीएल को दे दिया गया है और जनवरी-फरवरी तक इसका काम पूरा होगा।

### डॉ भारती कश्यप को ...

इसका उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर की जांच और उपचार करना है। इस अभियान के तहत झारखंड मॉडल से प्रजनन आयु वर्ग की कुल 4,44,301 महिलाओं की गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच की जा चुकी है। वर्ष 2024 में उन्होंने कोल्हान प्रमंडल में कुल 3 मेगा हेल्थ चेकअप कैंप लगाए, जिसका लाभ हजारों आदिवासी परिवारों को मिला।

## राम भरोसे पलामू की उच्च शिक्षा

# जेएस कॉलेज : उच्च शिक्षा में सुधार के बजाए गिरावट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में सपनों को नई पंख दिया जा सके। यहां के गरीब, दलित, आदिवासी विद्यार्थी उच्च शिक्षा ग्रहण कर सके इसलिए महापुरुष नीलांबर पीतांबर के नाम पर उच्च शिक्षा केन्द्र एनपीयू की स्थापना 17 जनवरी 2009 को की गई, लेकिन उच्च शिक्षा में सुधार के बजाए गिरावट ही लगातार होता गया। शुक्रवार को जीएलए कॉलेज की व्यवस्था,शिक्षकों के कार्यालय में ताले लटके मिले तथा शनिवार को वहीं कहानी नैक एक्रीडेट महाविद्यालय जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में दिखी। एक समय था की जनता शिवरात्रि महाविद्यालय का नाम सुनते की कॉमर्स की याद सबसे पहले आती थी, पर आज लाखों रुपए वेतन प्राप्त करने वाले प्राध्यापक जो, अक्सर यह कहते पाए जाते हैं कि विद्यार्थी कक्षा करने ही नहीं आते आज खुद नदारत पाए मिले।

**दोपहर एक बजे तक कॉलेज नहीं थे शिक्षक :** मास्टर रूटिन के अनुसार महाविद्यालय का समय 10 बजे से 4 बजे तक निर्धारित है, पर महाविद्यालय के कई शिक्षक 1 बजे भी नहीं मिले। न ही एक भी शिक्षक कक्षा में मिले। कई घंटी आधारित शिक्षक तो महाविद्यालय में दिखे ही नहीं। कई घंटी आधारित शिक्षक व प्रोफेसर के छुट्टी का आवेदन महाविद्यालय के पास भी नहीं लगा पाया गया। जब लाखों रुपए पाने वाले शिक्षक ही कक्षाएं नहीं लेंगे, शिक्षण कार्य ही नहीं होगा, तो कहना उचित होगा की पलामू की उच्च शिक्षा राम भरोसे ही चल रही है।

**11 बजे लेट नहीं 1 बजे भेंट नहीं :** कहने को तो कॉलेज में बायोमेट्रिक लगी हुई है उपस्थिति पंजी के लिए, लेकिन आने-जाने दोनों समय कभी भी यह नहीं लगवाई जाती। वेतन भुगतान के समय इसकी जांच भी नहीं होती। कई घंटी आधारित शिक्षक तथा प्रोफेसर ऐसे हैं कि महाविद्यालय में आते तो है पर बायोमेट्रिक लगा कर कुछ समय के बाद निकल जाते हैं, जिस पर किसी का ध्यान नहीं रहता। इस पर अगर कहा जाए कि 11 बजे लेट नहीं 1 बजे भेंट नहीं पूर्ण रूप से चरितार्थ हो रहा है।

# सड़क निर्माण में लगी जेसीबी ने दो बिजली खंभों को किया क्षतिग्रस्त, बाल बाल बचे ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के बिलासपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम नौडीहा के टोला भदई पर जेसीबी के धक्के से दो विद्युत प्रवाहित बिजली खंभा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। खंभों को जमीन पर गिरते ही 11 हजार बोल्ट के विद्युत प्रवाहित तार भी करीब दो सौ फीट की दूरी तक जमीन पर गिरते ही आसपास घरों और राहगीरों में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों के शोर शराबा मचने पर बूढ़े बच्चे खुले खेत की ओर दौड़े भागे। उप मुखिया सुधीर कुमार सिंह की सूचना पर विद्युत का संबद्ध विच्छेद किया गया। उन्होंने बताया कि संड़ेया से वाया नौडीहा, बिलासपुर, सरगाड़ा होते जपला मुख्य पथ तक सड़क निर्माण कार्य में लगी जेसीबी शनिवार की शाम जाम समेट कर गंतव्य की ओर वापस जाने के क्रम में बिजली खंभों से जा टकराया। ग्रामीणों की तत्परता से यहां बड़ी वारदात होने से बाल बाल बचा ली गई है।

## दो दिनों में अधिकतम दो से तीन डिग्री तापमान में गिरावट की संभावना

# पश्चिमी विक्षोभ का असर शुरू बूंदाबांदी से जनजीवन प्रभावित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण देश के कई हिस्सों में बर्फबारी और बारिश हो रही है। इसका असर पलामू में भी दिखना शुरू हो चुका है। हालांकि इस दौरान तापमान में कोई खास फर्क नहीं पड़ा है। बताते चलें कि मौसम विभाग द्वारा राज्य के कई जिलों में 28 और 29 दिसंबर की बारिश की संभावना जतायी गयी थी। शनिवार को दोपहर के बाद मौसम ने अपना रंग बदलना शुरू कर दिया है। शाम को गहरे बादल के साथ बूंदाबांदी होती रही। 30 दिसंबर से मौसम साफ हो जाने के आसार हैं। शनिवार शाम तक पलामू में हो रही बूंदाबांदी से जन जीवन प्रभावित हुआ। अपने निजी कार्यों के लिए बाजार व अन्य स्थानों पर जाने वाले लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। 29 दिसंबर को जिला मुख्यालय मेदिनीनगर समेत अन्य इलाकों में दोपहर तक बारिश हो सकती है। इस दौरान बादल भी छाये रहेंगे, जिस कारण तापमान में भी ज्यादा बदलाव नहीं होगा। अगर बीते 24 घंटे के मौसम की बात करें तो शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## नगर निगम ने आश्रय गृह के संचालन शुरू की पहल की

**मेदिनीनगर।** नगर निगम द्वारा डालटनगंज रेलवे स्टेशन के समीप नवनिर्मित आश्रय गृह के संचालन के लिए पहल शुरू कर दिया है। इस दौरान नगर निगम ने एक तरफ जहां परिसर में पेयजल के लिए बोरिंग करवाया है, वहीं दूसरी तरफ लोगों की सुविधा के लिए पूर्व प्रस्तावित रास्ता भी निकाल लिया गया है। बताते चलें कि बीते 19 दिसंबर को राष्ट्रीय नवीन में अखबार ने प्रमुखता से रेलवे स्टेशन के पास आश्रय के लिए चालू नहीं, ठंड में बेहाल जरूरतमंद शीर्षक से आश्रय गृह का संचालन नहीं होने से संबंधित खबर प्रकाशित की थी। इस खबर पर नगर निगम आयुक्त जावेद अहमद द्वारा जल्द ही आश्रय गृह की शुरूआत करने की बात कही गई थी। बता दें कि संचालन में देरी के कारण ठंड और शनिवार को हो रही बूंदाबांदी में भी जरूरतमंद लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। हालांकि पूर्व में नगर निगम में दिसंबर की शुरूआत में ही स्टेशन रोड स्थित आश्रय गृह को चालू करने की बात कही थी। आश्रय गृह का निर्माण करीब एक करोड़ रुपए की लागत से किया गया है।

# एसबीएस कॉलेज में छात्र के निधन पर शिक्षकों ने की शोकसभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद\ हैदरनगर।** शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय परिसर में शनिवार को एक छात्र कुंदन यादव के पुत्र विक्की कुमार के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। प्राचार्य संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शोकसभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। शिक्षकों ने इस दुःख की घड़ी में उन्हें धैर्य व संयम से कार्य लेने को ढांढस बंधाया है। इसमें शामिल शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने बताया कि मृतक छात्र सत्र 2024-26 में कला संकाय का अध्ययनरत छात्र था। शोकसभा में प्राचार्य संजय कुमार सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, शंभू शरण सिंह, नागेन्द्र प्रसाद सिंह, संजय सिंह, अनिल कुमार सिंह, जयराम उपाध्याय, अरुण कुमार सिंह, दिग्विजय सिंह, आमोद, नागेन्द्र सिंह, हरिहर प्रसाद मेहता, नागेन्द्र ठाकुर, संदीप, सुधांशु, रामू राम, संतोष सिंह, श्रवण कुमार सहित कई अन्य शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी शामिल थे।

## कांग्रेस मुख्यालय से निकली डॉ सिंह की अंतिम यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगाया नारा

# जब तक सूरज चांद रहेगा मनमोहन सिंह का नाम रहेगा

- *अंतिम यात्रा में वाहन में साथ मौजूद रहे राहुल गांधी*
- *सोनिया और खड़गे ने कांग्रेस का ध्वज अर्पित कर दी श्रद्धांजलि*

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** 'जब तक सूरज चांद रहेगा मनमोहन सिंह का नाम रहेगा', जैसे नारों के बीच शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की अंतिम यात्रा कांग्रेस मुख्यालय से निकली। इससे पहले शनिवार की सुबह पूरे सम्मान के साथ भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के अधिकारी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर लेकर कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे, जहां स्वर्गीय मनमोहन सिंह की धर्मपत्नी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का ध्वज अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व प्रधानमंत्री का पार्थिव शरीर अंतिम यात्रा के लिए सेना के वाहन पर रखा गया। इस वाहन में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के परिवार के लोगों के साथ मौजूद रहे।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार दिल्ली के निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। अंतिम संस्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए।

इससे पहले, कांग्रेस मुख्यालय पर डॉ. मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, डीके शिवकुमार, अशोक गहलोत, केसी वेणुगोपाल, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी समेत कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। तीनों सशस्त्र सेनाओ के अधिकारियों ने पूर्ण सम्मान के साथ पूर्व प्रधानमंत्री के पार्थिव शरीर को उनकी शव यात्रा के लिए फूलों से सजाए गए वाहन पर रखा। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का बड़ा हुजूम कांग्रेस मुख्यालय के बाहर उमड़ा। कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं द्वारा श्रद्धांजलि दिए जाने के बाद कांग्रेस मुख्यालय से श्मशान घाट के लिए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की अंतिम यात्रा शुरू हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हुजूम मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर के पीछे-पीछे चलता रहा। कांग्रेस कार्यकर्ता 'मनमोहन सिंह अमर रहें' के नारे लगाते रहे।



## राहुल ने कहा, निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार मनमोहन सिंह का अपमान

## मनमोहन सिंह का योगदान अमूल्य : जो बाइडेन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनकी पत्नी जिल बाइडेन ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में कहा गया है, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर भारत के लोगों के दुख में मैं और जिल शामिल हैं। राष्ट्रपति बाइडेन ने आगे कहा कि आज भारत और अमेरिका के बीच जो अभूतपूर्व स्तर का सहयोग है, वह पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के रणनीतिक विजन और राजनीतिक साहस के बिना संभव नहीं होता। अमेरिका-भारत नागरिक परमाणु समझौता बनाने से लेकर, इंडो-पैसिफिक साझेदारों के बीच पहले क्वाड की शुरूआत करने तक, उन्होंने ऐसा खाका तैयार किया, जिसने दोनों देशों के रिश्तों को सशक्त किया और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे देशों और दुनिया को मजबूती प्रदान करना जारी रखेगा। वह एक सच्चे राजनेता, समर्पित सार्वजनिक सेवक और सबसे बढ़कर, एक दयालु और विनम्र व्यक्ति थे।

जो बाइडेन ने कहा, मुझे 2008 में सीनेट फॉरेन रिलेशंस कमेटी के चेयरमैन के तौर पर और उप राष्ट्रपति के तौर पर 2009 में हुई अमेरिकी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री सिंह से मिलने का मुझे मौका मिला था। उन्होंने 2013 में नई दिल्ली में भी मेरी मेजबानी की थी। जैसा कि हमने तब चर्चा की थी, अमेरिका-भारत संबंध दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक है और साथ मिलकर, साझेदारों और मित्र के रूप में, हमारे राष्ट्र हमारे लोगों के लिए गरिमापूर्ण और असीमित संभावनाओं के द्वार खोल सकते हैं।

बाइडेन ने आगे कहा, इस कठिन समय में, हम उस विजन को फिर से अपनाते हैं, जिसे प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अपने जीवन को समर्पित किया। जिल और मैं पूर्व प्रथम महिला गुरशरण कौर और उनके तीन बच्चों और भारत के सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का गुरुवार को निधन हो गया था, वो 92 साल के थे। गुरुवार की शाम तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था, जहां रात करीब 10 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मनमोहन सिंह लगातार दो कार्यकाल के लिए 22 मई 2004 से 26 मई 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। नब्बे के दशक की शुरूआती में दम तोड़ती भारतीय अर्थव्यवस्था को वित्त मंत्री के रूप में डॉ सिंह ने आर्थिक सुधारों के जरिए नया जीवन दिया।

## मनमोहन सिंह के निधन से पाकिस्तान में उनके पैतृक गांव 'गाह' में भी लोग दुखी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से पाकिस्तान में उनका पैतृक गांव 'गाह' में भी बहुत दुखी है। उनके गांव के लोग डॉक्टर साहब के लिए अंतिम दुआ करने के लिए इकट्ठा हुए। वे राजा मोहम्मद अली के घर पर मिले। उन्होंने मनमोहन सिंह को उस समय देखा था, जब भारत विभाजन के पहले वे चकवाल जिले के इस गांव से एक छोटे बच्चे के तौर पर निकले। दोनों पक्षों की यही पीड़ा था कि सिंह फिर से यहां की यात्रा नहीं कर सके।

मनमोहन सिंह ने एक बार कहा था कि 'गाह' से जुड़ी विभाजन की बहुत सारी दर्दनाक यादें उनके पास हैं। उनके बचपन के दोस्त और सहपाठी अली ने 2008 में मनमोहन सिंह से मुलाकात की थी। हालांकि, 'गाह' के लिए सिंह से इसके जुड़ाव के संकेत हर जगह हैं। जैसा कि अली के भतीजे आशिक हुसैन ने दुआ समारोह में कहा, अगर डॉ. साहब नहीं होते, तो हमारे गांव में दो लेन वाली सड़क, हाई स्कूल और सोलर एनर्जी भी नहीं होते। पूरा गांव अफसोस का इजहार कर रहा है जैसे कोई घर का बड़ा चला गया हो। एक अन्य व्यक्ति इबरार अख्तर जंजुआ ने कहा, उन्होंने हमारे लिए बहुत कुछ किया, हमारी इच्छा थी कि वह कम से कम एक बार अपने

● तत्कालीन राष्ट्रपति मुशर्रफ के आदेश पर इसे मॉडल गांव के तौर पर विकसित किया गया था

गांव आएं। लेकिन वह इच्छा पूरी नहीं हुई।

आशिक ने अंग्रेजी अखबार द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि अली, मनमोहन सिंह के बारे में बहुत सारी कहानियां सुनाया करते थे, खास तौर पर वे कितने पढ़ने-लिखने वाले थे, यह एक ऐसी बात है जो पूर्व प्रधानमंत्री के बारे में बातचीत में अक्सर सामने आती है। जब वे दिल्ली में मिले, तो डॉ साहब ने अपनी पत्नी गुरशरण कौर को बताया कि गांव में जब वे पेड़ों से पत्थर मारकर जामुन तोड़ते थे, मेरे चाचा सब जामुन खा जाते थे। आशिक ने बताया कि जब अली का निधन हुआ, तो भारतीय हाई कमीशन से एक शोक पत्र आया था। इसमें मनमोहन सिंह का एक संदेश भी आया था।

'गाह' में जन्मे मनमोहन सिंह ने स्थानीय सरकारी स्कूल में एडमिशन लेने से पहले एक स्थानीय गुरुद्वारे में उर्दू व पंजाबी की शिक्षा ली थी। बाद में अपने पिता गुरमुख सिंह के साथ पेशावर चले जाने के बाद उन्होंने खालसा स्कूल में पढ़ाई की। विभाजन के दंगों के दौरान अपने दादा संत सिंह को खोने के सदमे के बाद परिवार 1947 में भारत आ गया।

मनमोहन सिंह की बेटी दमन सिंह ने अपनी किताब स्ट्रिक्टली पर्सनल मनमोहन एंड गुरशरण में बताया था कि कैसे सिंह विभाजन के दंगों के दौरान अपने दादा की हत्या के दर्द से कभी उबर नहीं पाए। किताब के अनुसार, जब उनकी दूसरी बेटी किकी ने पूछा कि क्या वह कभी 'गाह' लौटना चाहेंगे, तो उन्होंने विनम्रता से जवाब दिया, नहीं, वास्तव में नहीं। यहीं पर मेरे दादा की हत्या हुई थी। हालांकि, 2014 में प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के आखिर में उन्होंने पाकिस्तान में अपने जन्म स्थान की यात्रा करने की इच्छा जाहिर की थी, लेकिन जब हालात सामान्य हों। लेकिन ऐसा कभी भी हो नहीं पाया।

जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने और 'गाह' से उनके संबंध जगजाहिर हुए, तो स्थानीय सरकार ने तत्कालीन पाकिस्तानी राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के आदेश पर इसे मॉडल गांव के तौर पर विकसित करने की कसम खाई। सड़कें, एक स्वास्थ्य केंद्र, एक सरकारी हाई स्कूल और उसके बाद स्ट्रीट लाइट, गांव की मस्जिदों में सोलर एनर्जी से चलने वाले वाटर हीटर, कंप्यूटर और सरकारी स्कूल के लिए फर्नीचर बनाया गया। पाकिस्तान सरकार ने यह भी घोषणा की कि वह सिंह के स्कूल का नाम बदलकर उनके नाम पर रखेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

उस गांव के प्राइमरी स्कूल के वर्तमान प्रधानाध्यापक अल्ताफ हुसैन ने द इंडियन एक्सप्रेस को फोन पर बताया कि जब से सिंह भारत के वजीर-ए-आजम बने हैं, तब से वे 'गाह' के लोगों की प्रार्थनाओं में शामिल हैं। अल्ताफ ने कहा कि यह केवल उनकी वजह से ही संभव हो पाया कि पाकिस्तान सरकार ने भी गांव पर ध्यान दिया। 'गाह' के लोगों के लिए यह एक बड़ा पल था, जब हमें यहां से 30 किलोमीटर दूर चकवाल शहर तक पक्की सड़क मिल गई। पहले यह अकेले ही एक बड़ा काम था। गाह को आदर्श गांव घोषित किए जाने के बाद, लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए एक हाई स्कूल भी खोला गया।

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का शनिवार को दिल्ली के निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई बड़े नेता मौजूद थे। अंतिम संस्कार के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने निगमबोध घाट पर उनके अंतिम संस्कार को पूर्व पीएम का अपमान बताया।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, भारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार आज निगमबोध घाट पर करवाकर वर्तमान सरकार द्वारा उनका सरासर अपमान किया गया है। कांग्रेस नेता ने लिखा कि मनमोहन सिंह एक दशक के लिए देश के प्रधानमंत्री रहे। उनके दौर में देश आर्थिक महाशक्ति बना और उनकी नीतियां आज भी देश के गरीब और पिछड़े वर्गों का सहारा हैं। आज तक सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की गरिमा का आदर करते हुए उनके अंतिम संस्कार अधिकृत समाधि स्थलों में किए गए हैं, ताकि आम लोग बिना किसी असुविधा के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दे पाएं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि डॉ मनमोहन सिंह 'हमारे सर्वोच्च सम्मान और समाधि स्थल के हकदार' हैं। सरकार को देश के इस महान पुत्र और उनकी गौरवशाली कौम के प्रति आदर दिखाना चाहिए था।

डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए राहुल गांधी ने कहा, आज डॉ मनमोहन सिंह को अंतिम विदाई दी। डॉ मनमोहन सिंह की विनम्रता, मार्गदर्शन और देश के लिए उनका योगदान इतिहास के पन्नों में सदा जीवित रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी को देश और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से आखिरी सलाम।

*पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर को नई दिल्ली स्थित निगमबोध घाट पर हुए अंतिम संस्कार में शामिल हुई।*

अंतिम संस्कार से पहले तीनों सेनाओं के प्रमुख व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को सलामी दी। पीएम मोदी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री और जाने-माने अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। निगमबोध घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री के पार्थिव शरीर की तीनों सशस्त्र बलों के अधिकारियों ने मिलिट्री बैंड के साथ अगुवाई की। भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के अधिकारियों ने यहां पूर्व प्रधानमंत्री को सलामी दी।

## सुबोधकांत सहाय समेत कई हस्तियों ने मनमोहन सिंह को किया नमन

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके साथ जिन्होंने काम किया या अच्छा खासा वक्त बिताया वो डॉ सिंह की विनम्रता के कायल हैं। कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय, राबर्ट वाड्रा और राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने डॉ. मनमोहन सिंह को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी।

कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय ने कहा, मेरा उनका साथ बहुत पुराना है। उनके लिए कहा जाता था कि वह बहुत कम बोलना पसंद करते थे। लेकिन, वह जितना बोलते थे, वह बड़ा नपातुला बोलते थे। वह किसी भी मुद्दे का समाधान बहुत ही साफ तरीके से करते थे। उनका व्यक्तित्व बहुत अच्छा था। उनसे कभी अकेले में बात करते तो उनसे बात करके आप मंत्रमुग्ध हो जाते। उनका जाना देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

रॉबर्ट वाड्रा ने मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा, ₹पूरे देश में शोक की लहर है। देश ने एक ऐसे प्रधानमंत्री को खो दिया गया, जिन्होंने आर्थिक और वित्तीय मामलों में महत्वपूर्ण मदद की थी। वह प्रधानमंत्री जिस तरह से कार्य कर रहे थे, वह निश्चित रूप से सरकार के अन्य अधिकारियों से कहीं बेहतर थे। लोग खुश थे, उन्हें कोई डर नहीं था, और अर्थव्यवस्था भी अच्छा कर रही थी। वित्तीय स्थिति भी मजबूत थी, एजेंसियों का गलत इस्तेमाल नहीं हो रहा था और धार्मिक मुद्दे भी नहीं थे। मुझे लगता है कि देश को निश्चित रूप से डॉ. मनमोहन सिंह की कमी महसूस होगी। हम उन्हें याद करेंगे और उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

उन्होंने आगे कहा, पूरी गांधी परिवार और कांग्रेस के तमाम नेताओं ने कहा है कि उन्हें यह उन्हें राजघाट में समाधि स्थल मिलना चाहिए, लेकिन इस सरकार ने यह नहीं दिया, जो गलत है। वे दस साल तक प्रधानमंत्री रहे और उन्हें उचित स्थान मिलना चाहिए था, लेकिन इस सरकार ने मना किया, जो गलत है। हम उनके लिए जरूर लड़ते रहेंगे। राजनीति इसमें नहीं होनी चाहिए। इसमें राजनीति का कोई स्थान नहीं है। वह 10 साल तक प्रधानमंत्री रहे और उन्होंने देश की प्रगति के लिए बहुत काम किया। वह हमेशा सभी दलों के साथ थे और पार्टी लाइन्स से ऊपर उठकर उन्होंने सभी दलों से सलाह ली, जब भी कोई कदम उठाया देश के हित में। इसलिए, देश की जनता चाहती है कि उनके लिए सही सम्मान मिले और उचित स्थान दिया जाए। उन्हें भारत रत्न भी मिलना चाहिए। देश उन्हें हमेशा याद करेगा, क्योंकि उनके समय में देश में बहुत प्रगति हुई। जब वे 10 साल तक प्रधानमंत्री रहे, तो यह उनका हक है कि उन्हें उचित सम्मान और स्थान मिले।

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने डॉ. मनमोहन सिंह को शत-शत प्रणाम किया। उन्होंने कहा, मैंने उनके अधीन काम किया है और आप जानते हैं कि उन्होंने 1991 में भारत के आर्थिक इतिहास को एक नई दिशा दी। मेरा उनके प्रति शत-शत प्रणाम।

## मनमोहन सिंह ने नरसिम्हा राव के नेतृत्व में शानदार आर्थिक नीतियां बनाईं : मनोहर राव

**नई दिल्ली।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके निधन पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के भाई मनोहर राव ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि कैसे 90 के दशक में उनके भाई पीवी नरसिम्हा राव के प्रधानमंत्री रहते डॉ मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री बनाकर उन्हें फ्री हैंड दिया गया, जिसके चलते उन्होंने देश के विकास में अतुलनीय योगदान दिया। देश के 10 साल प्रधानमंत्री रहे और कांग्रेस के सीनियर नेता डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर मुझे बहुत दुख हुआ है। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी सहानुभूति है। जैसे प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने देश की सेवा करते हुए मनमोहन सिंह को अपनी कैबिनेट में जगह दी और मंत्री बनाया, उसके बाद दोनों ने मिलकर देश को आर्थिक दृष्टि से बहुत मजबूत किया।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का जाना देश के लिए बहुत बड़ी क्षति : दया शंकर सिंह

**लखनऊ।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर उत्तर प्रदेश सरकार में परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि वह भारत में आर्थिक सुधार के लिए जाने जाते हैं। उनकी सादगी को पूरी दुनिया में सभी लोग पसंद करते हैं। ऐसे व्यक्तित्व का चले जाना देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है। हमारे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की मृत्यु से देश को बहुत बड़ी क्षति हुई है। वह अपने पूरे जीवनकाल में आरबीआई गवर्नर, देश के वित्तमंत्री, प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार और प्रधानमंत्री रहे। वह भारत में आर्थिक सुधार के लिए जाने जाते हैं। उनकी सादगी को पूरी दुनिया में सभी लोग पसंद करते हैं। ऐसे व्यक्तित्व का चले जाना देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है।